वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report | **2013-14**

लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर
Fast Forward to Finish Line

BARODA NEXT
STATE-OF-THE-ART. STRAIGHT FROM THE HEART.
www.bankofbaroda.com

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
India's International Bank

निदेशक मंडल / Board of Directors

बायें से दायें – श्री सुदर्शन सेन, श्री विनिल कुमार सक्सेना, श्री राजीब सेखर साहू, श्री पि.श्रीनिवास – कार्यपालक निदेशक, श्री बी.बी.जोशी – कार्यपालक निदेशक, श्री एस.एस.मूंदड़ा – अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, डॉ.के.पी. कृष्णन, श्री रंजन धवन – कार्यपालक निदेशक, श्री मौलिन ए. वैष्णव, श्री सुरेन्द्र एस.भण्डारी

Left to Right - Shri Sudarshan Sen, Shri Vinil Kumar Saxena, Shri Rajib Sekhar Sahoo, Shri P. Srinivas – Executive Director, Shri B. B. Joshi – Executive Director, Shri S. S. Mundra – Chairman & Managing Director, Dr. K. P. Krishnan, Shri Ranjan Dhawan – Executive Director, Shri Maulin A. Vaishnav, Shri Surendra S. Bhandari

मुख्य महाप्रबंधक	Chief General Managers
वि. एच. थत्ते	V. H. THATTE
आर. एस. सेतिया	R. S. SETIA
एस. कल्याणरामन	S. KALYANARAMAN
के. एन. मानवी	K. N. MANVI
महाप्रबंधक	**General Managers**
मोहर सिंह	MOHAR SINGH
आर. पी. मराठे	R. P. MARATHE
राजेश महाजन	RAJESH MAHAJAN
जे. डी. परमार	J. D. PARMAR
पी. डी. सिंह	P. D. SINGH
आर. एस. अभ्यंकर	R. S. ABHYANKAR
डी. के. गर्ग	D. K. GARG
वी. के. गुप्ता	V. K. GUPTA
के. वेंकट रामा मूर्ति	K. VENKATA RAMA MOORTHY
के. पी. खरात	K. P. KHARAT
यू. के. बीजापुर	U.K. BIJAPUR
निर्मेष कुमार	NIRMESH KUMAR
एल. एम. अस्थाना	L. M. ASTHANA
यू. सी. सिंघवी	U. C. SINGHVI
डी. पी. त्रिवेदी	D. P. TRIVEDI
ई. एच. रहिमान	E. H. RAHIMAN
डॉ. के. श्रीनिवास राव	K. SRINIVASA RAO
आर. के. शर्मा	R. K. SHARMA
एन. एन. भालेराव	N. N. BHALERAO
डी. डी. सिंगला	D. D. SINGLA
आर. के. अरोरा	R. K. ARORA
एस. एस. घाग	S. S. GHAG
बी. आर. देसाई	B. R. DESAI
आर. सौवरीराजन	R. SOWRIRAJAN
सुश्री विंध्या आर. विट्ठल	Ms. VINDHYA R. VITTAL
ए. के. गर्ग	A. K. GARG
श्रीधरन वी.	SREEDHARAN V.
सुश्री उषा खामकर	Ms. USHA KHAMKAR
प्रभात अग्रवाल	PRABHAT AGARWAL
वी. के. भाटिया	V. K. BHATIA
विपन महाजन	VIPAN MAHAJAN
एस. के. शॉ	S. K. SHAW
संजय अग्रवाल	SANJAYA AGARWAL
आर. के. मलिक	R. K. MALIK
एस. ज्ञानवेल	S GNANAVEL
एम. एस. फोगाट	M. S. PHOGAT
वी. एन. धवन	V. N. DHAWAN
वी. नारंग	V. NARANG
एम. वी. देशपांडे	M. V. DESHPANDE
आर. एल. गुट्टीकर	R. L. GUTTIKAR
राजू गुप्ता- मुख्य सतर्कता अधिकारी	GUPTA RAJU - CHIEF VIGILANCE OFFICER
डॉ. (श्रीमती) रूपा नित्सुरे - मुख्य अर्थशास्त्री	DR.(SMT.) RUPA NITSURE - CHIEF ECONOMIST

लेखा परीक्षक / Auditors

कृते एस.के. मित्तल एण्ड कं.
सनदी लेखाकार

For S. K. Mittal & Co.
Chartered Accountants

कृते लक्ष्मीनिवास नीथ एण्ड कं.
सनदी लेखाकार

For Laxminiwas Neeth & Co.
Chartered Accountants

कृते रे एण्ड रे
सनदी लेखाकार

For Ray & Ray
Chartered Accountants

कृते एन.बी.एस. एण्ड कं.
सनदी लेखाकार

For N. B. S. & Co.
Chartered Accountants

कृते केएएसजी एण्ड कं.
सनदी लेखाकार

For KASG & Co.
Chartered Accountants

कृते खंडेलवाल जैन एण्ड कं.
सनदी लेखाकार

FOR KHANDELWAL JAIN & CO
Chartered Accountants

प्रधान कार्यालय

बड़ौदा हाऊस, माण्डवी, वड़ोदरा 390 006.

बड़ौदा कार्पोरेट सेन्टर

सी-26, जी-ब्लॉक, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्पलेक्स, बान्द्रा (पू.), मुंबई 400 051.

निवेशक सेवाएं विभाग

तृतीय तल, बड़ौदा कार्पोरेट सेंटर, सी-26, जी-ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई 400 051.

रजिस्ट्रार एवं अन्तरण एजेंट

मैसर्स कार्वी कम्प्यूटरशेयर प्रा. लि. प्लाट नं. 17-24, विठ्ठलराव नगर, इमेज अस्पताल के पास, माधापुर, हैदराबाद 500 081.

हमारे बैंक के डिबेंचर न्यासी

आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लि.
एशियन बिल्डिंग, भू-तल,
17, आर कमानी मार्ग, बेलार्ड एस्टेट
मुंबई - 400 001

Head Office

Baroda House, Mandvi, Vadodara 390 006.

Baroda Corporate Centre

C-26, G-Block, Bandra-Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai 400 051.

Investor Services Department

3rd Floor, Baroda Corporate Centre, C-26, G-Block, Bandra-Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai 400 051.

Registrars & Transfer Agent

M/s. Karvy Computershare Pvt. Ltd. Plot No. 17-24, Vithalrao Nagar, Nr Image Hospital, Madhapur, Hyderabad 500 081.

Debenture Trustees of our Bank

IDBI Trusteeship Services Ltd.
Asian Building, Ground Floor,
17,R Kamani Marg, Ballard Estate
Mumbai - 400 001

विषय सूची / Contents

	पृष्ठ
अध्यक्षीय वक्तव्य	02
नोटिस	15
निदेशकों की रिपोर्ट	19
कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट	107
व्यवसाय दायित्व रिपोर्ट	145
हरित पहल - शेयर धारकों से अपील	174
बासेल II पिलर 3 प्रकटीकरण	176
महत्वपूर्ण वित्तीय सूचक	207
परिभाषाएं	209
तुलन-पत्र	210
लाभ-हानि लेखा	211
नकदी-प्रवाह विवरणी	259
लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	261
समेकित वित्तीय विवरणियां	264
सी ई ओ / सी एफ ओ प्रमाणीकरण	298
प्रॉक्सी फार्म / उपस्थिति पर्ची / ईसीएस	

	Page
Chairman's Statement	09
Notice	15
Directors' Report	63
Report on Corporate Governance	107
Business Responsibility Report	145
Green Initiative-Appeal to Shareholders	174
Basel II Pillar 3 disclosures	176
Key Financial Indicators	207
Definitions	209
Balance Sheet	210
Profit & Loss Account	211
Statement of Cash Flow	259
Auditors' Report	261
Consolidated Financial Statements	264
CEO / CFO Certification	299
Proxy Form / Attendance Slip / ECS	

अध्यक्षीय वक्तव्य

एस.एस.मूंदड़ा
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

"कठिन दौर में विश्वसनीय प्रदर्शन"

प्रिय हितधारक,

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि वर्ष 2013-14 (वित्तीय वर्ष 14) के दौरान बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने बेहतरीन कार्यनिष्पादन प्रदर्शित किया जो हमारे मानदंडों और हित धारकों को किए गए हमारे वायदे के अनुरूप है. अपने सुनियोजित व्यवसाय मॉडल की मदद से हमने कुल व्यवसाय की दृष्टि से भारत में सबसे बडे राष्ट्रीयकृत बैंक के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को बनाए रखा है. साथ ही, हमने अपने वित्तीय ठोस संकेतकों में सुदृढ़ विकास गति को जारी रखा जो हमारी व्यवसाय कार्य नीति का केंद्र बिंदु है.

इस अवसर पर मैं समष्टि आर्थिक परिवेश की समीक्षा करना बेहद उचित समझता हूं जिसके तहत बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने वित्तीय वर्ष 14 के दौरान कार्य किया.

भारतीय आर्थिक परिदृश्य

वित्तीय वर्ष 14 के दैरान भारत की अंतर्निहित आर्थिक विकास प्रवृत्तियां कमजोर बनी रहीं. केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन ने वित्तीय वर्ष 14 में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 4.9% होने का अनुमान लगाया है, जो सरकार के पूर्वानुमानों से कम है परंतु यह वित्तीय वर्ष 13 के 4.5% के मुकाबले मामूली रूप से अधिक है. जहां कृषि क्षेत्र ने 4.6% की शानदार वृद्धि दर्ज की वहीं खनन एवं विनिर्माण क्षेत्र में भारी मंदी का दौर बना रहा और ये कम निवेश, कमजोर मांग और नीतिगत अवरोधों से प्रभावित रहे. वर्ष 1991-92 के बाद यह पहला अवसर है जब भारत का विनिर्माण क्षेत्र अनपेक्षित दबाव में रहा जिससे अन्य क्षेत्र भी प्रभावित हुए. सेवा क्षेत्र जिसकी अर्थव्यवस्था में करीब 60% की हिस्सेदारी रहती है, के 6.9% की दर से बढ़ने का अनुमान है. यह विकास गति पिछले वर्ष के 7.0% के मुकाबले थोडी कम है.

भारत ने वित्तीय वर्ष 14 की संपूर्ण अवधि के दौरान उच्च एवं निरंतर मुद्रास्फीति का सामना किया जो समष्टि आर्थिक चुनौती का प्रमुख कारक बनी रही. जहां वित्तीय वर्ष 14 में डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति का औसत 5.92% रहा वहीं सीपीआई आधारित (रिटेल) मुद्रास्फीति 9.49% रही. उच्च मुद्रास्फीति के बहुत से कारण रहे, जिनमें खाद्य पदार्थों के मूल्यों, मजदूरी और कोर मुद्रास्फीति में आई आकस्मिक तेजी, गहन मुद्रास्फीति अपेक्षाएं, क्षेत्र विशेष आपूर्ति अवरोध विशेषकर कृषि ऊर्जा और परिवहन, रुपए का कमजोर बने रहना और तेल के मूल्यों में निरंतर ऊर्ध्वमुखी समायोजन शामिल है.

जून-जुलाई, 2013 के आस-पास भारत ने अपनी मुद्रा, एक्विटी और बांड बाजारों में उल्लेखनीय ऋण पूंजी आउटफ्लो और दबावों का सामना किया क्योंकि वैश्विक चलनिधि शर्तें कडी रही. भारत के उच्च चालू खाते और राजकोषीय घाटे, निरंतर मुद्रास्फीति और कमजोर समष्टि आर्थिक आधारभूत तत्वों के कारण निवेशकों की चिंता बनी रहीं. भारतीय रिजर्व बैंक ने चलनिधि को कडा बनाकर, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) और बाह्य वाणिज्यिक उधारकर्ताओं (ईसीबी) को ऋण सीमाओं में छूट देकर, अनिवासी भारतीयों के धन प्रेषण को प्रोत्साहित करके तथा सोने पर आयात शुल्क बढ़ाकर स्थिति को नियंत्रित किया.

सतत मुद्रास्फीति चिंताओं और बाह्य क्षेत्र की अति संवेदनशीलता ने भारतीय रिजर्व बैंक को बढ़ती औद्योगिक कमजोरियों के बावजूद मई 2013 के प्रारम्भ और जनवरी, 2014 के अंत तक प्रमुख नीति दर -

रिपो दर को 75 आधारभूत (बीपीएस) बढ़ाने के लिए बाध्य किया.

सुधारों के मोर्चे पर भारत की संसद ने वित्तीय वर्ष 2014 के दौरान भूमि अधिग्रहण, पेंशन और कंपनी बिलों को पारित किया और निवेश संबंधी मंत्री मंडल की समिति ने पूर्व में शुरु की गई अनेक परियोजनाओं को अनुमोदित किया. राजकोषीय स्तर पर डीजल के दाम बढ़ाने और राज्य बिजली बोर्डों की वित्तीय हानियों को कम करने के लिए उपायों को किन्यान्वित किया गया.

वित्तीय वर्ष 14 की दूसरी छमाही में भारत की बाह्य संवेदनशीलता में उल्लेखनीय रूप से कमी हुई जिससे चालू खाते को संकुचित करने और पूंजी प्रवाह को सुदृढ़ करने के लिए नीतिगत कार्रवाई का समर्थन मिला.

वित्तीय वर्ष 15 के लिए सरकार द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट में वित्तीय वर्ष 13 में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.9% के मुकाबले वित्तीय वर्ष 14 में घटकर 4.6% (संशोधित पूर्वानुमानों के अनुसार) होने और वित्तीय वर्ष 15 में और अधिक घटकर जीडीपी के 4.1% होने के साथ, राजकोषीय सुदृढ़ता निरंतर प्रदर्शित हुई. हालांकि वित्तीय वर्ष 14 में राजकोषीय घाटे का संशोधित पूर्वानुमान कम है, इसे योजना राजस्व खर्च और पूंजी खर्च में कमी लाकर प्राप्त किया गया है. आर्थिक सहायता, ब्याज भुगतान और पेंशन ने बजटीय लक्ष्य को प्रभावित किया.

घरेलू अर्थव्यवस्था में आई मंदी और शिथिल वैश्विक वसूली की पृष्ठ भूमि में वित्तीय वर्ष 14 में भारतीय बैंकिंग उद्योग की विकास गति भी दबाव में रही. उच्च मुद्रा स्फीति और ऋण की मांग में गिरावट के कारण जमा एवं ऋण दोनों क्नमशः 14.6% और 14.3% की धीमी गति से बढ़े. ऋण में गिरावट के साथ बढ़ी हुई जमा दर ने वाणिज्यिक बैंकों की शुद्ध ब्याज आय को प्रभावित किया. साथ ही, चुनौतीपूर्ण समष्टि आर्थिक परिवेश और उधारकर्ताओं की कमजोर चुकौती क्षमता के परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 14 में बैंक की आस्ति गुणवत्ता, पुनर्गठित आस्तियों की अंसतोषजनक स्थिति के साथ और बदतर हुई.

तथापि, ऋण निगरानी और नकदी वसूली की अपेक्षाकृत मजबूत प्रणाली के साथ बैंक इस चुनौती का सामना करने के लिए बेहतर स्थिति में थे और कठिन समष्टि आर्थिक परिवेश के बावजूद बैंकों ने वित्तीय वर्ष 14 के दौरान शानदार कार्यनिष्पादन दर्ज किया.

बैंक ऑफ़ बड़ौदाः कठिन दौर में विश्वसनीय प्रदर्शन

आर्थिक परिवेश में मंदी के बावजूद वित्तीय वर्ष 2014 के दौरान आपके बैंक ने वैश्विक व्यवसाय में 20.4% (वर्ष दर वर्ष) की सुदृढ़ वृद्धि दर्ज की जिसमें वैश्विक जमा राशियों में 20.1% वृद्धि तथा वैश्विक अग्रिमों में 21.0% वृद्धि का समावेश है. पिछले एक वर्ष में इस वृद्धि का एक बड़ा भाग दो पहलों से संचालित हुआ - क) जमा संसाधन के संग्रहण हेतु नए वर्टिकल की स्थापना और ख) अपनी ऋण बही को विविधता वाले रिटेल, एमएसएमई तथा कृषि ऋणों पर ध्यान केंद्रित करना क्योंकि बड़े कार्पोरेट सेगमेंट में अब अवसर समाप्त हो रहे हैं.

आपके बैंक ने वित्त वर्ष 14 के दौरान रुपए का भारी अवमूल्यन होने पर भी अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय में भी 33.3% (वर्ष दर वर्ष) की मजबूत वृद्धि दर्ज की. घरेलू कासा के 16.0% (वर्ष दर वर्ष) की दर से सुदृढ़ संग्रहण करने तथा उच्च लागत वाली अधिमानी जमा राशियां निकालने से आपके बैंक ने वित्त वर्ष 2014 में घरेलू परिचालन में एनआईएम 2.87% बनाए रखा.

सुदृढ़ शुद्ध ब्याज आय (रु.11,965 करोड़), कोर फीस (रु. 2,117 करोड़), ट्रेजरी लाभ (रु.1,783 करोड़) तथा बट्टे खाते डाले गए खातों से वसूली (रु. 563 करोड़) कुल खर्चों पर विवेकपूर्ण नियंत्रण के (14.4% वर्ष दर वर्ष वृद्धि) के सामंजस्य से आपके बैंक ने वित्त वर्ष 2014 के दौरान सकल लाभ में रु.9,291करोड़ (वर्ष दर वर्ष 3.2% वृद्धि) तथा शुद्ध लाभ में रु.4,541 करोड़ (वर्ष दर वर्ष 1.3% की वृद्धि) की वृद्धि दर्ज की.

समग्र वित्त वर्ष 14 के दौरान आपके बैंक की पुनर्गठन प्रकिया के अधीन वृद्धिशील स्लिपेज तथा परिवर्द्धन क्रमिक रूप से बैंक के दिशानिर्देशानुसार साल की शुरुआत से ही कम होता गया. वित्त वर्ष 14 की तीसरी और चौथी तिमाही के मध्य में आपके बैंक का सकल एनपीए जो दिसंबर 2013 के अंत में 3.32% था. मार्च 2014 के अंत में घटकर 2.94% रह गया और एनपीए 1.88% से घटकर 1.52% हो गया. वित्त वर्ष 14 की चौथी तिमाही में आस्ति गुणवत्ता में व्यापक पैमाने पर सुधार हुआ और बैंक ने रु.671.93 करोड़ से अधिक की आस्तियों की बिक्री की. वित्त वर्ष 14 के दौरान पुनर्गठन कार्यकलाप, वित्त वर्ष 13 की अपेक्षा कम रहे.

बैंक के प्रावधान कवरेज अनुपात में भी क्रमिक सुधार हुआ और यह वित्त वर्ष 14 की दूसरी तिमाही में 61.68% से वित्त वर्ष 14 की तीसरी तिमाही में 62.22% तथा वित्त वर्ष 14 की चौथी तिमाही में 65.45% हो गया. जैसा कि आप जानते हैं, प्रति चक्रीय तरीके से बफर प्रावधान संवर्द्धन हेतु जब बैंक अच्छा लाभ कमा रहे होते हैं, पीसीआर एक समष्टि विवेकपूर्ण उपाय है

आपके बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात लगातार अपनी सुदृढ़ पूंजी को प्रतिबिम्बित कर रहा है. मार्च 2014 की समाप्ति पर बासेल-II की शर्तों के अनुसार सीआरएआर 12.87% था और बासेल-III की शर्तों के अनुसार 12.28% था.

संक्षेप में, वित्त वर्ष 14 के दौरान आपके बैंक ने भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में अपनी वित्तीय स्थिति सुदृढ़ की है जिसे इसके सतर्क आशावादी व्यवसाय मॉडल, आस्ति गुणवत्ता पर कम जोखिम, कासा जमाओं पर विशेष ध्यान तथा मजबूत पूंजी की स्थिति का समर्थन मिला है.

वित्तीय वर्ष 14 के दौरान की गई नीतिगत पहलें

कार्पोरेट ऋण

कमजोर निवेश प्रवृत्ति के कारण वित्तीय वर्ष 14 को कार्पोरेट क्षेत्र द्वारा अल्प ऋण प्रवृत्ति के रूप में चिन्हित किया गया. संबद्ध कार्पोरेट व्यवसाय अवसरों का लाभ उठाने के लिए आपके बैंक को नए ढंग से सोचना पडा. वित्तीय वर्ष 14 के दौरान आपके बैंक ने कार्पोरेट्स की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए टॉप अप फैसिलिटी नामक नए उत्पाद की शुरुआत की. इसके अलावा आपके बैंक ने मौजूदा उत्पादों को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के प्रयोजन से इनकी समीक्षा की ओर इनमें गुणात्मक सुधार किया जैसे कार्पोरेट ऋण, बिड बाँड गारंटियां, भावी प्राप्तियों के पेटे ऋण आदि. साथ ही, समग्र निवेश प्रवृत्ति का लाभ उठाने के लिए आपके बैंक ने ब्याज दर संरचना को तर्कसंगत बनाया.

नीतिगत व्यावसायिक निर्णय के रूप में वित्तीय वर्ष 14 के दौरान आपके बैंक के परियोजना वित्त विभाग को समाविष्ट करके बड़ौदा कैपिटल मार्केट्स लि. के साथ मिला दिया गया, जिसके पास एक सशक्त पेशेवर टीम है. बड़ौदा कैपिटल मार्केट्स लि. अब टेक्नो इकॉनोमिक वायबिल्टी (टीईवी) अध्ययन करके और ऋण समूहन आदि के माध्यम से निधियां जुटाकर बैंक के कार्पोरेट ऋण विभाग को सहयोग प्रदान करती है.

रिटेल व्यवसाय

महत्वपूर्ण स्त्रोत के रूप में जमा राशियों पर विशेष जोर देने के प्रयोजन से आपके बैंक ने जमा संसाधन नामक एक नए व्यवसाय वर्टिकल की स्थापना की ताकि एक मजबूत देयता सहयोगी तैयार करके व्यवसाय मॉडलों में नई जान डाली जा सके. यह नया वर्टिकल अल्प लागत जमा राशियों (कासा) और रिटेल मीयादी जमाओं में सतत व उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित करने पर अपना ध्यान केंद्रित करेगा. कासा जमा-राशियों को बढ़ाने और डेबिट कार्डों को प्रोत्साहित करने के लिए मौजूदा ग्राहकों के साथ संबंधों को मजबूत करने और सुधारने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 14 के दौरान अनेक पहलों की शुरुआत की गई. इसके अलावा निष्क्रिय खातों को पुनः सक्रिय करने के लिए कुछ विशेष अभियान चलाए गए.

आस्तियां पक्ष की ओर से भी आपके बैंक ने रिटेल व्यवसाय पर अधिक जोर दिया ताकि बैंक की ऋण बही को अधिक संतुलित बनाया जा सके. इसे प्राप्त करने के लिए आपके बैंक ने बड़ौदा आवास ऋण पर ब्याज दर में कटौती की ताकि यह अधिक आकर्षक और प्रतिस्पर्धी बन सके. बड़ौदा आवास ऋण को नए और मौजूदा ग्राहकों को किसी भी राशि और अवधि के लिए बेस रेट अर्थात 10.25% पर उपलब्ध कराया गया. भावी किराया प्राप्तियों के पेटे ऋण और कार ऋण आदि जैसे उत्पादों पर दरों में कटौती करके इन्हें और अधिक आकर्षक बनाया गया.

अपने नए व्यवसाय मॉडल- रिटेल लोन फैक्टरी (आरएलएफ) की सफलता से उत्साहित होकर आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 14 के दौरान भरुच, जूनागढ़, विशाखापट्टनम, मेरठ और मुरादाबाद में पांच नई रिटेल लोन फैक्ट्रियां (आरएलएफ) खोली. इस प्रकार आरएलएफ की कुल संख्या अब बढ़कर 45 हो गई है.

एमएसएम ई व्यवसाय

एमएसएम ई क्षेत्र को सहयोग प्रदान करने के लिए आपके बैंक द्वारा अनेक पहलों की शुरुआत की गई और इसने रोजगार सृजन और इसके विकास के लिए अपना सहयोग प्रदान किया. सबसे पहले जून, 2013 में एमएसएमई ऋणों पर ब्याज दरों को तर्कसंगत बनाया गया ताकि ये अधिक आकर्षक व प्रतिस्पर्धी बन सकें. वित्तीय वर्ष 14 के दौरान आपके बैंक ने 4 एमएसएमई केपेक्स लोन और केपेक्स कार्ड नामक नए उत्पाद की शुरुआत की ताकि इस क्षेत्र की विशेष आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके. अपने एमएसएमई व्यवसाय के और अधिक संवर्धन के लिए आपके बैंक ने 1 नवंबर, 2013 से 28 फरवरी 2014 तक एमएसएमई उत्सव मनाया. एमएसएमई क्षेत्र द्वारा महसूस की जा रही समस्याओं पर विचार-विमर्श करने के लिए आपके बैंक ने व्यापक हित में अपनी एसएमई लोन फैक्टरियों के प्रमुखों के साथ एमएसएमई सम्मेलन आयोजित किया और विभिन्न स्थानों पर एमएसएमई राउंड टेबल कन्फ्रेंस आयोजित की.

आपके बैंक के पास 52 एस एम ई लोन फैक्ट्रियों का विशाल सेट अप है जिसने समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान रु. 17,230 करोड की राशि के ऋण मंजूर किए.

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र

भारत के सामाजिक - आर्थिक परिवेश में कृषि की महत्ता को ध्यान में रखते हुए आपके बैंक ने ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने और कृषि अग्रिमों की मात्रा और गुणवत्ता सुधारने के लिए वित्तीय वर्ष 14 में कृषि ऋण फैक्ट्रियों (रिटेल और एसएमई लोन फैक्ट्रियों की तर्ज पर) का शुभारंभ किया. उम्मीद है कि कृषि ऋणों पर विशेष ध्यान देने के मकसद से ये फैक्ट्रियां बैंक की मदद करेंगी. पूर्व के वर्षों की भांति, रबी और खरीफ मौसमों में कृषि अग्रिमों में बढ़ोत्तरी करने के लिए वित्तीय वर्ष 14 के दौरान आपके बैंक ने विशेष अभियान संचालित किए.

साथ ही, स्थानीय कृषि समुदाय की विशेष जरुरतों को पूरा करने के लिए आपके बैंक ने आवश्यकता आधारित क्षेत्र विशिष्ट योजनाओं की शुरुआत की. इसमें आकर्षण बरकरार रखने के लिए ब्याज दरों और प्रभारों में समुचित रियायतें दी गई. आपके बैंक ने बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बीएसवीएस), बड़ौदा आर सेटी केंद्र, वित्तीय साक्षरता केंद्र और माइक्रो लोन फैक्ट्रियों जैसे विभिन्न आउटफिट के माध्यम से सामाजिक क्षेत्र के संवर्धन और विकास में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया.

वित्तीय समावेशन

आपका बैंक, वित्तीय समावेशन के प्रयासों में सबसे आगे रहा है. बैंक इस कार्य को मात्र सामाजिक प्रतिबद्धता के रूप में न देखकर एक प्रभावी और लाभदायक व्यवसाय अवसर के रूप में देखता है. तीन वर्षीय योजना अवधि, अर्थात 2013-14 से 2015-16 तक, के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुसार आपके बैंक ने ग्राम्य कवरेज के वार्षिक लक्ष्यों को वित्तीय वर्ष 14 की इसकी समय सीमा से काफी पहले प्राप्त कर लिया.

साथ ही, बैंक ने अपने 106वें स्थापना दिवस अर्थात 20 जुलाई, 2013 को 1000 कियोस्कों का प्रतीकात्मक शुभारंभ करके कियोस्क बैंकिंग मॉडल की शुरुआत की. उल्लेखनीय है कि आपके बैंक ने कियोस्क सेंटर चलाने के लिए कॉमन सर्विस सेंटर्स (सीएससी) की सेवाएं व्यवसाय प्रतिनिधि के रूप में लेने के लिए उनके साथ व्यवस्था करार किया है. ये केंद्र ग्राम्य स्तर पर आईसीटी समर्थित फ्रन्ट एंड सर्विस सुपुर्दगी प्वाइंटस हैं और शहरी केंद्र कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनोरंजन, बैंकिंग, बीमा, पेंशन, उपयोगिता भुगतान आदि के क्षेत्र में सरकारी, वित्तीय, समाजिक और निजी क्षेत्र की सेवाएं प्रदान करते हैं.

वित्तीय वर्ष 14 के दौरान आपके बैंक ने 19 जनवरी, 2014 को मध्य प्रदेश के हरदा जिले में अबगांवकला में अर्बन कियोस्क का शुभारंभ करके शहरी वित्तीय समावेशन के मसले का समाधान करना शुरु किया है. 31 मार्च, 2014 को आपके बैंक ने देश भर में विभिन्न स्थानों पर 1000 से अधिक शहरी कियोस्क स्थापित किए हैं.

आस्ति गुणवत्ता

दो वर्षों से अधिक चले मंद मैक्रो आर्थिक परिवेश ने वित्तीय वर्ष 14 के दौरान भी उत्पादक क्षेत्रों को परेशान रखा जिसके परिणामस्वरूप बैंकिंग उद्योग में आस्ति गुणवत्ता दवाब में बनी रही. तथापि, आपका बैंक अपनी कडी ऋण निगरानी और एनपीए वसूली प्रणाली के साथ समीक्षाधीन वर्ष के दौरान स्लिपेज में बढ़ती प्रवृत्ति को प्रभावी ढंग से रोकने में सफल रहा.

वित्तीय वर्ष 2014 के पहले दिन से ही आपके बैंक ने संभाव्य एनपीए पर कडी निगरानी रखी. इसके लिए इसने क्षेत्रीय स्तर पर मंद खातों पर नजर रखने के लिए स्लिपेज प्रिवेंशन टास्क फार्स (एसपीटीएफ) गठित की. एनपीए में अंतिम समय में किसी प्रकार की बढ़ोत्तरी को टालने के लिए प्रत्येक उधारकर्ता खाते की बारीकी से पडताल की गई. इसके अलावा प्रत्येक डीआरटी (ऋण वसूली ट्रिब्यूनल) में कार्यरत संपर्क अधिकारियों को दैनिक आधार पर कानूनी मामलों में अनुवर्ती कार्रवाई करने की भूमिका सौंपी गई ताकि डिक्री प्राप्त करने और इनके निष्पादन में होने वाले विलंब को न्यूनतम किया जाए, इनमें तेजी लाई जाए और वसूलियों को अधिकतम किया जा सके.

छोटे खातों की वसूली पर विशेष ध्यान देने के लिए आपके बैंक ने गांव/शहर के स्तर पर कई लोक अदालतों और वसूली कैंपों का आयोजन किया. आपके बैंक ने रु. 25 लाख तक के बकाया के छोटी राशि के खातों में वसूली प्रयासों को गतिशील करने में प्रत्येक स्टाफ सदस्य का व्यक्तिगत ध्यान आकर्षिक करने के प्रयोजन से प्रोत्साहन से जुडी वसूली योजना संकल्प VI' का शुभारंभ किया और इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 14 में रु. 155.19 करोड की राशि की वसूली की.

अपनी एनपीए प्रबंधन की नीति के भाग के रूप में आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 14 की अंतिम तिमाही के दौरान वैयक्तिक के साथ-साथ संविभाग बिक्री श्रेणी के तहत एनपीए खातों को बिक्री के लिए रखा और इसका बाजार से अच्छा प्रतिसाद (रेस्पॉन्स) मिला. वस्तुतः यह 23 खाते बेच सका (रु. 671.93 करोड पर बकाया देयों के साथ) और नकदी तथा प्रतिभूति प्राप्तियों को जोडकर उनके पेटे रु. 522. 21 करोड की वसूली की.

ग्राहक सेवा

हम बैंक ऑफ़ बड़ौदा में व्यक्तिगत टच के साथ विश्वस्तरीय ग्राहक सेवा उपलब्ध कराने में विश्वास रखते हैं. इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आपके बैंक ने प्रौद्योगिकी का प्रभावशाली ढंग से उपयोग किया. उदाहरण के लिए आपके बैंक के पास मानकीकृत लोक शिकायत निपटान प्रणाली (एसपीजीआरएस) नामक वेब आधारित ऑनलाइन शिकायत पंजीकरण और निपटान प्रणाली है. आपके बैंक की वेबसाइट पर एक आयकन उपलब्ध कराया गया है जिसके माध्यम से बैंक के ग्राहक अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं. यह प्रणाली न केवल त्वरित निपटान सुलभ कराती है अपितु बैंक को सभी शिकायतों का केंद्रीयकृत डाटाबेस भी उपलब्ध कराती है. हाल ही में आपके बैंक ने एसपीजीआरएस को संशोधित किया है ताकि जो बैंक के ग्राहक नहीं हैं, वे भी अपनी शिकायतें दर्ज कर सकें तथा/अथवा सुझाव दे सकें. तथापि, आपके बैंक के ग्राहक, यदि वे निपटान प्रणाली से संतुष्ट नही हैं, तो 15 दिन के अंदर अपनी शिकायतें रि-ओपन कर सकते हैं.

सूचना प्रौद्योगिकी संरचना

आपका बैंक सूचना और संप्रेषण प्रौद्योगिकी (आईसीटी) का उपयोग न केवल अपनी स्वयं की प्रक्रियाओं के लिए कर रहा है अपितु अपने ग्राहकों के लिए सुविधाओं और सेवाओं में इजाफा करने के लिए भी इसका उपयोग कर रहा है.

वैकल्पिक सुपुर्दगी चैनलों में ग्राहक संतुष्टि बढ़ाने के लिए आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 14 के दौरान अपनी इंटरनेट बैंकिंग अर्थात बड़ौदा कनेक्ट को काफी हद तक सुधारा है ताकि इसके लुक और यूजर फ्रेंडलीनेस में इजाफा हो सके. इसमें सुविधाएं भी जोडी गई हैं. इस प्रकार बड़ौदा कनेक्ट अब अनेक सुविधाएं प्रदान करता हैं जिसमें अन्य सुविधाओं के साथ साथ ऑनलाइन एफडीआर तैयार करना, आवर्ती जमाएं, कर भुगतान, विभिन्न संस्थानों को ऑनलाइन दान देना, प्रीमियम का भुगतान, इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से आधार पंजीकरण, आईएमपीएस (तत्काल भुगतान सेवा) शामिल हैं. इसके अलावा सभी स्मार्ट फोन/टेबलेट्स पर इंटरनेट बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराई गई जिसके द्वारा अपने ग्राहकों को कहीं से भी बैंकिंग का अहसास कराया गया है. इंटरनेट बैंकिंग सुविधाएं अब आपके बैंक की 14 विदेशी टैरिटरी अर्थात तंजानिया, यूगांडा, कीनिया, मारिशस, सैशेल्स, बोत्सवाना, न्यूजीलैंड, यूएई, फिजी, यूके, ओमान, घाना, आस्ट्रेलिया और यूएसए में विद्यमान हैं. आपके बैंक ने अपने सभी प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में भी इंटरनेट बैंकिंग सेवा उपलब्ध कराई हैं.

मोबाइल बैंकिंग एक और वैकल्पिक सुपुर्दगी चैनल है जो आपके बैंक के ग्राहकों को विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराता है अर्थात, शेष राशि पूछताछ, लघु विवरणी, निधि अंतरण, भुगतान रोकें, चेक स्थिति, डेबिट कार्ड ब्लाकिंग और अन्य सेवाएं. मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन के प्रयोग को व्यापक बनाने के लिए आपके बैंक ने ब्लैक बेरी, एन्ड्रोयड और विंडो डिवाइसों के अतिरिक्त सभी आई-फोनों और आई-पैडों में इसे उपलब्ध कराया. वित्तीय वर्ष 14 में तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) भी शुरु की गई, जिसमें पर्सन टू अकाउंट (पी 2 ए), मर्चेट पेमेंट (पी 2 एम), आधार आधारित धन प्रेषण (पी 2 यू) शामिल है.

ई-लॉबी के माध्यम से आपके बैंक ने इन ई लॉबियों में बंच नोट स्वीकारकर्ता, सेल्फ सर्विस पास बुक प्रिंटर, चेक जमा कियोस्क, इंटरनेट बैंकिंग कियोस्क जैसे उपकरण लगाकर अपने ग्राहकों के लिए 24 x 7 सेवाएं प्रदान करके ग्राहक सेवा के आगामी सेवा स्तर की ओर रुख किया है.

अनिश्चित साईबर अटैक और इलेक्ट्रानिक भुगतान प्रणाली में संभावित नए प्रकार के दुरुपयोग के साथ वैकल्पिक सुपुर्दगी चैनलों के माध्यम से होने वाले लेने-देन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयोजन से आपके बैंक ने विभिन्न अतिरिक्त सुरक्षा उपाय किए जैसे डेबिट और क्रेडिट कार्ड केवल घरेलू उपयोग के लिए जारी करना जब तक कि ग्राहक द्वारा विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय उपयोग के बारे में मांग न की गई हो, मौजूदा मैग स्ट्रिप कार्डो को ईएमवी चिपकार्ड में कन्वर्ट करना, पिन समर्थित पीओएस मशीनों की स्थापना और कार्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग के लिए डिजीटल हस्ताक्षरों के रूप में अतिरिक्त सुरक्षा की शुरुआत.

वित्तीय वर्ष 14 के दौरान आपके बैंक ने 3624 नए एटीएम स्थापित किए, 45 ई-लॉबी खोलीं और अपनी शाखाओं को अनेक बंच नोट

स्वीकारकर्ता, सेल्फ सर्विस पासबुक उपलब्ध कराए. आपके बैंक ने अपनी लगभग सभी शाखाओं को नोट काउंटिंग मशीनें उपलब्ध कराई और गुणवत्तापरक व्यवसाय संग्रहण के लिए अपनी रिटेल और एसएमई लोन फैक्ट्रियों की संरचना को सुदृढ़ किया. संक्षेप में, सूचना प्रौद्योगिकी ने आपके बैंक की कार्य प्रणाली और इसके बैंकिंग परिचालन में प्रत्यक्ष अंतर पैदा किया.

मानव संसाधन पहलें

बडे पैमाने पर हो रही सेवा-निवृत्ति, प्रतिभाओं की व्यापक भर्ती और बडी प्रशिक्षण जरुरतों के रूप में सार्वजनिक क्षेत्र के बैकों द्वारा महसूस की जा रही विभिन्न चुनौतियों के परिप्रेक्ष्य में आपका बैंक एक संतुलित और व्यापक मानव संसाधन नीति तैयार कर रहा है. आपके बैंक ने अपनी वेबसाइट पर कैरियर पोर्टल की शुरुआत की जो बैंक ऑफ़ बड़ौदा की कार्य पद्धति के अनूठे पहलू को रेखांकित करता है. इसने आपके बैंक की 'एम्पलायर ब्रांडिंग' की छवि बनाने में मदद की है.

वित्तीय वर्ष 14 के दौरान आपके बैंक ने 'बड़ौदा सारथी' नामक परामर्शदायी कार्यक्रम की शुरुआत करके अपने ऑन बोर्डिंग प्रोग्राम को और अधिक सुदृढ़ किया जो संस्था में भर्ती होने वाले नए लोगों के सांस्कृतिक समीकरण पर केंद्रित था. 'बड़ौदा सारथी' के तहत एक वरिष्ठ कर्मचारी-परामर्शदाता नए भर्ती हुए कार्मिक का मार्गदर्शक बनकर बैंक में सफलतापूर्वक काम करने और बैंक की कार्यप्रणाली तथा इसके मूल्यों को अंगीकार करने में उसकी मदद करता है. साथ ही, आपके बैंक ने प्रतिभा प्रबंधन प्रणाली भी कार्यान्वित की है. यह पद्धति विभिन्न मानदंडों के आधार पर भावी संभाव्य नेतृत्व प्रदाताओं की बेहतर ढंग से पहचान करती है और एक व्यवस्थित विकासात्मक योजना के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षित करती है.

कर्मचारी नियुक्ति के संवर्धन के लिए आपके बैंक ने विभिन्न पहलें की जैसे कनिष्ठों और वरिष्ठों के बीच विचारों के आदान-प्रदान के लिए संतुष्टि सर्वेक्षण और कार्यशालाओं का आयोजन. मानव संसाधन और उच्च प्रबंधन के साथ कर्मचारी संबंध सुधारने के लिए इन कार्यशालाओं का आयोजन किया गया. इसके अलावा, श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन करने वाले कार्मिकों को पुरस्कृत करने के लिए आपके बैंक ने हाल ही में अपने कर्मचारियों के लिए संशोधित कार्यनिष्पादन से जुडी प्रोत्साहन योजना की शुरुआत की.

बडे पैमाने पर होनेवाली सेवा निवृत्ति के मद्देनजर संभावित बडी भर्ती की पृष्ठभूमि में नए भर्ती कार्मिकों के प्रशिक्षण एवं विकास का कार्य काफी महत्वपूर्ण हो गया है. बढ़ती प्रतिस्पर्धा के परिप्रेक्ष्य में आपके बैंक ने, बैंक में एक मुख्य शिक्षण अधिकारी (सीएलओ) के नए पद का सृजन किया. सीएलओ महाप्रबंधक के स्तर के अधिकारी हैं और वे शिक्षण मध्यस्थों के माध्यम से संस्थान को सहयोग प्रदान करते हैं.

आपके बैंक द्वारा प्रशिक्षण के क्षेत्र में भी अनेक नवोन्मेषी पहलें की गई. वर्ष के दौरान बैंक की प्रशिक्षण प्रणाली ने विभिन्न उद्योगों में नवोन्मेषी प्रशिक्षण पद्धति के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया. इंडियन सोसायटी फोर ट्रेनिंग एंड डेवलेपमेट (आईएसटीडी) द्वारा बैंक को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया.

आपके बैंक के पास बोर्ड द्वारा अनुमोदित व्यापक प्रशिक्षण नीति है ताकि प्रशिक्षण गतिविधियों के सभी क्षेत्रों को इसमें कवर किया जा सके. बैंक के विभिन्न उत्पादों की विशेषताओं में सुधार करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है. प्रशिक्षण या तो बैंक के अंदर ही दिया जाता है अथवा बाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से दिया जाता है ताकि कर्मचारी व्यापक परिप्रेक्ष्य के साथ उद्योग की बेहतर पद्धतियों को सीख सके और उन्हें अंगीकार कर सके. वित्तीय वर्ष 14 के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में बाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जैसे इंटरनेशनल स्कूल ऑफ़ बिजनेस (आईएसबी) हैदराबाद, इंटरनेशनल मेनेजमेंट इंस्टीट्यूट (आईएमआई) नई दिल्ली, सेंटर फॉर ओर्गेनाइजेशन डेवलमेंट हैदराबाद, यूनिवर्सिटी ऑफ़ मुंबई, मणिपाल यूनिवर्सिटी ऑफ़ बैंकिंग, बेंगलूर और ऐसे ही कई अन्य संस्थान.

जोखिम प्रबंधन

आपके बैंक में दबावग्रस्त उधारकर्ताओं की शुरुआती चरण में ही पहचान करने के लिए जोखिम निर्धारण मानकों और ऋण निगरानी प्रक्रियाओं में सुधार करने पर पर्याप्त जोर दिया जाता है. विभिन्न प्रकार के जोखिमों जैसे- ऋण जोखिम, बाजार जोखिम, परिचालन जोखिम, चलनिधि जोखिम आदि से निपटने के लिए आपके बैंक के पास बेहतर परिभाषित नीतियां हैं और बैंक यह सुनिश्चित करता है कि ये सभी जोखिम, निदेशक मंडल द्वारा निर्धारित जोखिम मानकों के अंदर बने रहें.

बैंक की व्यापक जोखिम प्रबंधन प्रणाली के निर्माण, व्यवसाय प्रक्रियाओं को व्यवस्थित करना, प्रबंधन उपकरण और पद्धतियों में नवोन्मेषिता तथा सुधार सहित बहुत से उपायों के साथ आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 14 के दौरान सभी प्रकार के जोखिमों के प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ किया ताकि इसकी विभिन्न बिजनेस इकाइयों की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके.

समीक्षाधीन वर्ष में आपके बैंक ने बासेल - ।। फ्रेम वर्क के तहत उन्नत दृष्टिकोण की तैयारी के लिए अपने जोखिम प्रबंधन आर्कीटेक्टर की समीक्षा की. आपके बैंक ने ऋण जोखिम के फाउंडेशन आईआरबी दृष्टिकोण (अर्थात फाउंडेशन आंतरिक रेटिंग आधारित दृष्टिकोण) की ओर रुख करने के लिए आवेदन किया और समानंतर प्रणाली के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से अनुमोदन मिल गया है. बाजार जोखिम के लिए आपका बैंक मुंबई में एक ग्लोबल मिड ऑफिस विकसित कर रहा है जो बासेल - ।। नियमों के तहत अतिरिक्त मॉडल आधारित दृष्टिकोण के अनुसार अपने ग्लोबल परिचालन में बाजार जोखिम स्थितियों को बेहतर ढंग से आंकने, निगरानी और रिपोर्टिंग करने में किफायती और प्रभावी मार्ग उपलब्ध कराएगा. परिचालन जोखिम के क्षेत्र में आपका बैंक उपलब्ध उत्कृष्ट सोल्यूशन कार्यान्वित कर रहा है. जो कि बैंक को अपने परिचालन जोखिम का विश्लेषण और नियंत्रण अधिक बेहतर व प्रभावी ढ़ंग से करने में सहयोग प्रदान करेगी. इस सोल्यूसन के कार्यान्वयन पर एडवान्सड मैनेजमेंट अप्रोच फोर आपरेशंस रिस्क की मात्रात्मक एवं गुणात्मक जरुरतों के लिए आपके बैंक की तैयारियां पूरी हो जाएंगी.

अंतरण मूल्य मैकेनिजम को तर्क संगत बनाने के लिए आपके बैंक ने मौजूदा मैनुअल पद्धति से नई पद्धति आधारित सोल्यूशन में रुपातंरित करने की प्रक्रिया शुरु की है जिसमें सॉफ्टवेयर ओएफएसएए वी 6.X

मॉड्यूल का प्रयोग किया गया है और यह प्रक्रिया को अधिक वैज्ञानिक व वास्तविक बनाएगी.

आप जानते होंगे कि भारत में 1 अप्रैल, 2013 से बासेल III पूंजी विनियमनों का कार्यान्वयन शुरु हो गया है. आपके बैंक ने 31 मार्च, 2019 तक इस नए पूंजी फ्रेमवर्क में सुचारु रुपातंरण के लिए सभी मार्गस्थ व्यवस्थाएं पहले ही कर ली हैं.

विदेशी व्यवसाय

आपके बैंक का विदेशी व्यवसाय इसके समग्र (वैश्विक) व्यवसाय में महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है. आपके बैंक की विदेशों में व्यापक उपस्थिति इसे वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण जोखिम विविधता लाभ प्रदान करती है. विदेशों में आपके बैंक के विशाल नेटवर्क और ओवरसीज विस्तार पर इसके निरंतर जोर ने वर्ष 14 में भी बेहतर व्यावसायिक अवसरों का लाभ उठाने में मदद की. 31 मार्च, 2014 को बैंक के 24 देशों में 102 कार्यालय कार्यरत हैं. इन 102 कार्यालयों में आपके बैंक की 60 विदेशी शाखाएं हैं, 41 शाखाएं इसकी विदेशी अनुषंगियों की हैं और एक प्रतिनिधि कार्यालय है. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने तीन नई शाखाएं/कार्यालय खोले अर्थात शाबिया, यूएई में एक इलेक्ट्रानिक बैंकिंग इकाई और तंजानिया में करियाकू में तथा यूगांडा में कोलोलो में विदेशी अनुषंगियों की दो शाखाएं.

वित्तीय वर्ष 14 की प्रमुख उपलब्धियां

चुनौतीपूर्ण व्यवसाय परिवेश के बावजूद वर्ष की समाप्ति पर आपके बैंक ने सुदृढ व्यावसायिक परिणाम प्रदर्शित किए.

- आपके बैंक का **वैश्विक व्यवसाय** 20.4% (वर्ष दर वर्ष) वृद्धि के साथ मार्च 2014 के अंत में रु. 9,65,900 करोड हो गया, इसमें **घरेलू व्यवसाय** 15.1% वृद्धि के साथ रु. 6,51,223 करोड तथा **विदेशी व्यवसाय** 33.3% वृद्धि के साथ रु. 3,14,677 करोड हो गया.
- मार्च 2014 के अंत में आपके बैंक की **वैश्विक जमाएं** 20.1% वृद्धि (वर्ष दर वर्ष) के साथ रु. 5,68,894 करोड हो गई. इसमें **घरेलू जमाएं** 10.9% वृद्धि के साथ रु. 3,79,054 हो गई और **विदेशी जमाएं** 43.6% वृद्धि के साथ रु.1,89,840 करोड हो गई.
- ऊपर उल्लिखित चुनौतियों के बावजूद आपके बैंक की **कासा जमाएं** 22.19% वृद्धि (वर्ष दर वर्ष) के साथ रु.1,46,488 करोड हो गई.
- 31 मार्च 2014 को **घरेलू कासा** 31.76% रहे.
- मार्च 2014 के अंत में आपके बैंक के **वैश्विक अग्रिम** 21.0% (वर्ष दर वर्ष) की वृद्धि के साथ रु.3,97,006 करोड रहे. इसमें **घरेलू अग्रिम** 21.3% वृद्धि के साथ रु.2,72,169 करोड रहे और **विदेशी अग्रिम** 20.2% बढ़कर रु.1,24,837 करोड रहे.
- वित्तीय वर्ष 14 के दौरान आपके बैंक का **रिटेल ऋण** 21.0% (वर्ष दर वर्ष) की वृद्धि के साथ रु.46,019 करोड रहा जिसमें गृह ऋण 21.9% वृद्धि के साथ रु.19,558 करोड रहा.
- मार्च 2014 की समाप्ति पर आपके बैंक का **एसएमई क्रेडिट पोर्टफोलियो** 21.2% (वर्ष दर वर्ष) की वृद्धि के साथ रु. 56,634 करोड रहा. कृषि ऋण 2.8% वृद्धि के साथ रु. 28,432 करोड के स्तर पर पहुंच गए और इसका **कमजोर वर्ग को ऋण** 20.9% बढ़कर रु. 20,599 करोड रहा.
- वित्तीय वर्ष 14 में आपके बैंक का **परिचालन लाभ** रु.9,291 करोड (3.2% अधिक, वर्ष-दर-वर्ष) और **शुद्ध लाभ** रु. 4541 करोड (1.3% अधिक वर्ष-दर-वर्ष) रहा.
- **औसत आस्तियों पर प्रतिफल (आरओएए)** बाजार की अपेक्षाओं के अनुरूप 0.75% रहा.
- 31 मार्च 2014 को पूंजी इंफ्यूजन के बावजूद **इक्विटी पर प्रतिफल** (आरओई) को 13.0% पर संरक्षित किया गया.
- कमजोर ऋण मांग के बावजूद वित्तीय वर्ष 2014 के दौरान आपका बैंक **घरेलू परिचालनों** में शुद्ध ब्याज मार्जिन 2.87% तथा **वैश्विक परिचालनों** में 2.36% रखने में सफल रहा.
- विवेकपूर्ण दृष्टिकोण अपनाते हुए 31 मार्च 2014 को आपके बैंक के **प्रावधान कवरेज अनुपात** में पूरे वर्ष के दौरान निरन्तर सुधार हुआ और यह 65.45% रहा जो कि दूसरे प्रमुख प्रतियोगियों की तुलना में अपेक्षाकृत काफी उच्च है.
- आपके बैंक की **पूंजी सुदृढ़ता** इसके **पूंजी पर्याप्तता अनुपात** में प्रदर्शित होती है. 31 मार्च 2014 को **सीआरएआर (बासेल - II)** 12.87% एवं टीयर I पूंजी 9.4% पर रहा. 31 मार्च 2014 को इसका **सीआरएआर (बासेल-III)** 12.28% , टीयर-I पूंजी 9.28% और कोर टीयर-I पूंजी 8.95% पर रहा.
- आपके बैंक का लागत आय अनुपात वित्तीय वर्ष 14 के लिए अपेक्षाकृत 43.44% के न्यून स्तर पर बना रहा.
- बैंक का **प्रति शेयर अर्जन** रु. 107.38 करोड तथा इसका **प्रति शेयर बही मूल्य** रु. 813.50 रहा.

पुरस्कार एवं सम्मान

वित्तीय वर्ष 14 के दौरान आपके बैंक को विभिन्न व्यवसाय एवं वित्तीय मानदंडों के तहत इसके उल्लेखनीय कार्यनिष्पादन हेतु अनेक पुरस्कार प्राप्त हुए, प्राप्त प्रमुख पुरस्कार इस प्रकार हैः

- डन एंड ब्राडस्ट्रीट द्वारा ग्लोबल बिजनेस डेवलपमेंट श्रेणी के तहत बेस्ट पीएसयू बैंक - पोलरिज फायनांसियस टेक्नोलॉजी बैंकिंग अवार्ड 2013.
- आईडीआरबीटी द्वारा पीएसबी के बीच बैंकिंग टेक्नोलॉजी एक्सिलेंस अवार्ड 2013.
- आपके बैंक को दि फायनांशियल एक्सप्रेस मैगजीन में प्रकाशित फायनांशियल एक्सप्रेस अर्नस्ट एंड यंग बेस्ट बैंक सर्वे 2012-13 के तहत पीएसबी श्रेणी में प्रथम रैंक दिया गया.
- चेम्बर ऑफ़ इंडियन माइक्रो, स्माल एवं मीडियम इंटरप्राइजेज द्वारा एमएसएमई में बेस्ट बैंक के रूप में एमएसएमई बैंकिंग एक्सिलेंस अवार्ड 2013.
- न्यू इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप द्वारा स्थापित दि संडे स्टैंडर्ड बेस्ट बैंकर अवार्ड - बेस्ट बैंकर एचआर.

- एशोचम 9वां एनुवल बैंकिंग समिट-सह-सोशल बैंकिंग अवार्ड 2013 में सामाजिक बैंकिंग के क्षेत्र में पीएसबी श्रेणी के तहत विजेता.
- माई एफएफ स्टार्स ऑफ़ द इंडस्ट्री द्वारा 'एक्सिलेंस इन होम लोन बैंकिंग' अवार्ड.
- वर्ल्ड सीएसआर कांग्रेस द्वारा भारत के 50 सर्वाधिक प्रतिभावान सीएसआर प्रोफेशनल श्रेणी में 'दि ग्लोबल एक्सिलेंस एंड लीडरशिप अवार्ड'.

ये सभी पुरस्कार तथा सम्मान हमारे लिए विशेष महत्व रखते हैं क्योंकि ये आपके बैंक के सफल व्यवसाय मॉडल की सफलता को मान्यता प्रदान करते हैं जिसने राष्ट्र की प्रगति में निर्णायक भूमिका निभाई.

भावी योजनाएं

राजनैतिक स्थायित्व और संभावित आर्थिक सुधारों के कार्यान्वयन के आधार पर हम वित्तीय वर्ष 15 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की अपेक्षा करते हैं. वित्तीय वर्ष 15 में निवेश सुधारों, उपभोक्ता व्यवहार, रोजगार में सतत बढ़ोत्तरी और निर्यात में आय और निश्चितता के बल पर वित्तीय वर्ष 15 में वृद्धि दर बढ़ने की संभावना हैं. जीडीपी की संभावित बढ़ोत्तरी के साथ वित्तीय वर्ष 15 के दौरान बैंकिंग व्यवसाय में सकारात्मक सुधार के संकेत दिखाई देते हैं. भारत की सबसे बडी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के अनुसार क्रेडिट क्वालिटी दबाव भारतीय बैंकिंग उद्योग के लिए कम हो रहे हैं, फिर भी, सतत आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण सुधार की गति धीमी होगी.

वित्तीय वर्ष 14 के दौरान बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अपने हित धारकों के लिए एक पसंदीदा बैंक बनने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की. चुनौतीपूर्ण परिवेश के बावजूद इसकी आय में निरंतर बढ़ोत्तरी हुई, इसके नए स्लिपेज पर रोक लगी है और इसकी सुदृढ़ निधियन स्थिति ने इसे अपने उधारकर्ताओं को निरंतर सहयोग देने में समर्थ बनाया.

वित्तीय वर्ष 15 के दौरान बैंक ऑफ़ बड़ौदा अपनी पूंजी और निधियन स्थिति को और अधिक मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा ताकि अपने व्यवसाय में निरंतर वृद्धि की जा सके. आपके बैंक को पूरा विश्वास है कि लोग, प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी पर अपने नीतिगत फोकस के साथ यह उभरते व्यवसाय परिवेश में लीडरशिप स्थिति में बना रहेगा.

बैंक के कार्पोरट लक्ष्य और कार्यनीति

वित्तीय वर्ष 14 के दौरान अपनी उपलब्धियों के बल पर आपके बैंक ने अपना जो आदर्श चुना है वह वैश्विक बैंकिंग क्षेत्र में आगे बढ़ने के प्रति हमारी वचन बद्धता को पूर्णतः रेखांकित करता है. बैंक ने वित्तीय वर्ष 15 के लिए **'रेस अहेड'** को अपने आदर्श वाक्य के रूप में चुना है. 'रेस' शब्द से निम्नलिखित अभिप्रेत है.

आर - रिटेलोन्मुखता

ए - आस्ति गुणवत्ता

सी - क्षमता निर्माण

ई - आय

आपके बैंक को यह विश्वास है कि इन चार पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने से न केवल उल्लेखनीय व्यवसाय वृद्धि प्राप्त करने में अपितु अपनी लाभप्रदता और सुदृढ़ता संकेतकों में भी सुधार लाने में मदद मिलनी चाहिए.

रिटेलोन्मुखता के प्रति दृष्टिकोण पुख्ता करने के लिए आपका बैंक उच्च लागत की बड़ी जमा राशियों के मुकाबले अल्प लागत की चालू एवं बचत जमाओं और रिटेल मीयादी जमाओं की आक्रामक कैनवासिंग पर जोर देगा. साथ ही, ऋण बही को अधिक व्यापक बनाने के लिए रिटेल ऋण, एमएसएमई और कृषि ऋण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा.

वित्तीय वर्ष 2014 में **आस्ति गुणवत्ता** प्रबंधन सुधारने के अपने प्रयासों की तरह आपका बैंक ऋण निगरानी, एनपीए वसूली और अपग्रेडेशन के साथ-साथ नए स्लिपेज की रोकथाम पर ध्यान केंद्रित करेगा.

क्षमता निर्माण एक ऐसा अन्य क्षेत्र है जिसमें आपके बैंक ने उल्लेखनीय निवेश किया है. वित्तीय वर्ष 2014 के दौरान आपके बैंक ने 601 नई शाखाएं खोली, 3624 नए एटीएम स्थापित किए, 45 ई-लॉबियां खोली और अपनी शाखाओं को बडी मात्रा में बंच नोट स्वीकारकर्ता मशीन, सेल्फ सर्विस पास बुक प्रिन्टर्स आदि उपलब्ध कराए. आपके बैंक ने अपनी लगभग सभी शाखाओं को नोट काउंटिंग मशीनें उपलब्ध कराई और रिटेल तथा एसएमई लोन फैक्ट्रयों, जो भारत में बैंक की नवोन्मेषी व्यवसाय मॉडल हैं, की संरचना को सुदृढ़ किया. वित्तीय वर्ष 2015 के दौरान आपका बैंक इस पहलू को अपनी उच्च प्राथमिकता देना जारी रखेगा ताकि इसकी प्रक्रियाओं को और अधिक सक्षम एवं ग्राहक सेवा को और अधिक बेहतर बनाया जा सके. बढ़ती प्रतिस्पर्धा तथा अन्य चुनौतियों का सामना करने के लिए आपका बैंक अपने व्यवसाय मॉडल को और अधिक किफायती बनाएगा और ब्याज आय और गैर ब्याज आय के इष्टतम मिक्स के माध्यम से अपनी आय को सुधारने का प्रयास करेगा. इसे प्राप्त करने के लिए बैंक परिवर्तन एजेंट के रूप में प्रौद्योगिकी का सतत व अधिकतम उपयोग करेगा.

इसके अलावा, आपके बैंक द्वारा शीघ्र ही **'आदर्श ग्रामीण शाखा'** का शुभारंभ प्रस्तावित है. आपके बैंक द्वारा ये शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रों में इसके स्वयं के भू-भाग (प्लॉट) पर निर्मित की जाएंगी, जिसमें शाखा परिसर, प्रबंधक का निवास तथा असेम्बली क्षेत्र शामिल होगा. असेम्बली क्षेत्र में ऑडियो- विजुअल की सुविधा होगी ताकि एग्री क्लीनिक, व्यावसायिक शिक्षा, मेडिकल कैंप आदि जैसी गतिविधियां संचालित हो सकें. इस प्रयास से आपके बैंक को न केवल वित्तीय समावेशन को आगे ले जाने में मदद मिलेगी अपितु इससे बैंक की प्रतिष्ठा में भी अत्यधिक वृद्धि होगी.

पूंजी, मानव संसाधन, प्रौद्योगिकी और आयकोनिक ब्रांड के रूप में इसे प्राप्त मूलभूत क्षमताओं के साथ आपका बैंक वित्तीय वर्ष 15 के दौरान विकास हेतु बेहतर स्थिति में है.

हम अपने सभी शेयर धारकों द्वारा दिए गए उनके निरंतर सहयोग से प्रोत्साहित हैं और इसके लिए उनके अत्यधिक आभारी हैं. मैं भविष्य में भी आपके सतत सहयोग एवं समर्थन की आशा करता हूं.

एस.एस.मूंदडा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

S. S. Mundra
Chairman & Managing Director

CHAIRMAN'S STATEMENT

"A Credible Show in Tough Times"

Dear Stakeholder,

I am delighted to report that during the year 2013-14 (FY14), Bank of Baroda delivered a healthy performance that is consistent with our guidance and promise to our stakeholders. With the help of our well crafted business model, we reaffirmed our standing as the largest nationalised bank of India in terms of total business. Moreover, we continued to make strong progress in our financial soundness indicators that are at the heart of our business strategy.

At this point, I deem it most appropriate to review the macroeconomic environment, within which Bank of Baroda operated during FY14.

Indian Economic Review

India's underlying economic growth trends remained weak during FY14. The Central Statistical Organisation has estimated Indian economy to have grown by 4.9% in FY14, a shade lower than the government's earlier projection but marginally above 4.5% clocked in FY13. While the farm sector has registered a healthy growth of 4.6%, a deep slowdown continued in the mining and manufacturing sectors that suffered from low investment sentiment, weak demand and policy bottlenecks. This is the first time since 1991-92 that India's manufacturing sector has contracted, reflecting the stress confronting the sector. The services sector that accounts for nearly 60% of the economy, is expected to grow 6.9%, slightly slower than the previous year's expansion of 7.0%.

High and persistent inflation remained a key macroeconomic challenge facing India throughout the year FY14. While the WPI-based inflation averaged at 5.92% in FY14, the CPI-based (retail) inflation averaged at 9.49%. The high inflation was a result of a number of factors, including elevated food prices feeding quickly into wages and core inflation, entrenched inflation expectations, sector-specific supply constraints particularly in agriculture, energy and transportation, the pass through from a weaker rupee and continuous upward adjustment in fuel prices.

Around June-July, 2013, India was faced with significant debt capital outflows and pressures on its currency, equity and bond markets, as global liquidity conditions tightened. Investor concerns were amplified with India's high current account and fiscal deficits, persistent inflation and weaker macroeconomic fundamentals. The Reserve Bank of India (RBI) controlled the situation by tightening liquidity, relaxing limits on foreign direct investments (FDI) and external commercial borrowings (ECBs), encouraging non-resident Indian remittances and sharply increasing gold import duties.

Persistent inflation worries and external sector vulnerabilities prompted the RBI to raise the key policy rate – Repo rate by 75 bps between early May, 2013 and end Jan, 2014 despite growing industrial weaknesses.

On the reforms front, India's parliament passed the land acquisition, pension and companies bills during FY14 and the Cabinet Committee on Investments (CCI) approved a sizeable quantum of previously stalled infrastructure projects. On the fiscal front, measures were implemented to raise diesel prices and reduce the financial losses of state electricity boards.

India's external vulnerabilities fell significantly in the second half of FY14, helped by policy actions to shrink the current account and strengthen capital flows.

The Interim Budget presented by the government for FY15, reflected continued fiscal consolidation, with a fall in the fiscal deficit from 4.9% of GDP in FY13 to 4.6% of GDP in FY14 (as per the revised estimates) and further to 4.1% of GDP in FY15. While the revised estimate of fiscal deficit is lower in FY14, it is achieved by a reduction in plan revenue expenditure and capital expenditure. The subsidies, interest payments and pension have overshot the budgeted target.

Against the backdrop of a slowdown in the domestic economy and tepid global recovery, the growth of Indian banking sector too remained under pressure in FY14. Both deposits and credit grew at a slower pace of 14.6% and 14.3%, respectively on account of high inflation and subdued loan demand. The elevated deposit rates combined with lower credit volumes suppressed the net interest income of commercial banks. Moreover, as a result of the challenging macroeconomic environment and worsened repayment capacity of borrowers, banks' asset quality deteriorated further in FY14 with a swollen pipeline of restructured assets.

However, banks with relatively stronger systems of credit monitoring and cash recovery were better equipped to shoulder this challenge and delivered a sound performance during FY14 despite stressful macroeconomic environment.

Bank of Baroda: A Credible Show in Tough times

During FY14, your Bank was able to post strong growth of 20.4% (y-o-y) in global business supported by 20.1% in global deposits and 21.0% growth in global advances despite sluggish economic environment. A major part of this growth was driven by two initiatives in the past one year – a) set up of a new vertical for mobilization of deposit resources and b) focused efforts to diversify its loan-book in favour of retail, MSME and agriculture credit, as opportunities in large-sized corporate segment had dried up.

Your Bank's international business too grew at a stronger pace of 33.3% (y-o-y), partly driven by massive rupee depreciation during FY14. Healthy mobilization of domestic CASA deposits at the rate of 16.0% (y-o-y) and shedding of high-cost preferential deposits helped your Bank defend its NIM in domestic operations at 2.87% in FY14.

Supported by healthy Net Interest Income (at Rs 11,965 crore), Core Fees (Rs 2,117 crore), Treasury Gains (Rs 1,783 crore) and Recoveries from Written-Off Accounts (Rs 563 crore) combined with prudent control over Total Expenses (up 14.4%, y-o-y), your Bank posted Gross Profit at Rs 9,291 crore (up 3.2%, y-o-y) and Net Profit at Rs 4,541 crore (up 1.3%, y-o-y) during FY14.

Your Bank's incremental slippages and additions to restructuring pipeline kept on declining sequentially throughout the year FY14 in line with the Bank's guidance at the beginning of the year. Between the third quarter and the fourth quarter of FY14, your Bank's Gross NPA declined from 3.32% at end-December, 2013 to 2.94% at end-March, 2014 and Net NPA declined from 1.88% to 1.52%. Improvement in asset quality was broad-based and partly driven by asset sales worth Rs 671.93 crore in Q4, FY14. Restructuring activity too remained low in FY14 as compared to its level in FY13.

The Bank's Provision Coverage Ratio (PCR) too improved sequentially from 61.68% in Q2, FY14 to 62.22% in Q3, FY14 to 65.45% in Q4, FY14. As you know, PCR is a macro-prudential measure, with a view to augmenting provisioning buffer in a counter-cyclical manner, when the banks are making good profits.

Your Bank's Capital Adequacy Ratio continued to reflect its capital strength. The CRAR was 12.87% in terms of Basel II and 12.28% in terms of Basel III at end-March, 2014.

In nutshell, your Bank further strengthened its financial position in the Indian banking space during FY14 supported by its cautiously optimistic business model, lower risks on asset quality, focus on CASA deposits and strong capital positioning.

Strategic Initiatives during FY14

Corporate Credit

The year FY14 was marked by low credit appetite by the corporate sector on account of weak investment sentiment. Your Bank had to think innovatively to garner relevant corporate business opportunities. During FY14, your Bank introduced a new product christened as "Top-Up Facility" for meeting the working capital requirements of corporates. Additionally, your Bank also reviewed and revisited the features of existing products to make them more competitive such as Corporate loans, Bid Bond Guarantees, Loans against future receivables etc. Moreover, your Bank rationalized the interest rate structure so as to spur the overall investment sentiment.

As a strategic business decision, your Bank's Project Finance Department was hived off during FY14 and merged with Baroda Capital Markets Ltd, which has a dedicated team of professionals. Baroda Capital Markets Ltd. now supports the Bank's Corporate Credit Division by undertaking Techno Economic Viability (TEV) studies and arranging funds for corporates by way of Loan Syndication, etc.

Retail Business

With the purpose to place special emphasis on deposits as an important resource, your Bank created a new business vertical "Deposit Resources" so as to create a strong liability franchise and generate synergy in business models. This new vertical focuses on ensuring consistent and significant growth in Low-cost Deposits (CASA) and Retail Term Deposits. A number of initiatives were undertaken during the year FY14 for strengthening and reviving the relationship with existing customers for improving CASA deposits and promoting debit cards. Furthermore, some special drives were launched for activation of dormant accounts.

From the assets side also, your Bank placed added thrust on retail business to make its loan-book more balanced. To achieve this, your Bank reduced the rate of interest on Baroda Housing Loan so as to make it attractive and competitive. The Baroda Housing Loan was made available at Base Rate, i.e., at 10.25% for any amount and any tenure to new as well as existing borrowers. The rates were also reduced and made attractive on products like Loan against Future Rent Receivables, Car Loans, etc.

Encouraged by the success of its novel business model – Retail Loan Factory (RLF) - your Bank opened five New RLFs at Bharuch, Junagarh, Visakhapatnam, Meerut and Moradabad during FY14 taking the total strength of RLFs to 45.

MSME Business

A number of initiatives were taken by your Bank to support the MSME sector, given its potential to generate employment and growth. First of all, the rate of interest on MSME loans was rationalized in June 2013 to make such loans more attractive and competitive. Your Bank also introduced a new product named as "MSME Capex Loan and Capex Card" during FY14 to take care of this sector's specific requirements. To further promote its MSME business, your Bank celebrated MSME Festival from 1st November 2013 to 28th February 2014. In the larger interest, to deliberate on the issues facing the MSME sector, your Bank organized the MSME Conclave with heads of its SME Loan Factories and also arranged the MSME Round Table conference at various places.

Your Bank has a rich set up of 52 SME Loan Factories (SMELFs), which sanctioned loans to the tune of Rs 17,230 crore during the financial year under review.

Priority Sectors

Considering the significance of agriculture in the socio-economic fabric of India, your Bank launched Agriculture Loan Factories (in line with the Retail and SME Loan Factories) in FY14 for bettering customer service and improving the volume and quality of agriculture advances. These factories are expected to help your Bank to lay specific focus on agriculture loans. As in the past years, your Bank conducted Special Campaigns during FY14 to augment agriculture advances in both the Rabi and Kharif seasons.

Furthermore, your Bank introduced tailor-made area specific schemes to cater to the specific needs of the local farming community. Appropriate concessions in interest rates and charges were given to retain its attractiveness. Your Bank strongly supported the growth and development of social sectors through its various outfits like Baroda Swarojgar Vikas Sansthan (BSVS), Baroda R-Seti Centres, Financial Literacy Centres and Micro Loan Factories.

Financial Inclusion

Your Bank has been a frontrunner in the Financial Inclusion efforts. It looks at it not just as a social commitment but as an effective and profitable business proposition. As per the targets set under the three-year plan period i.e. for 2013-14 to 2015-16, your Bank has achieved the annual targets of village coverage well ahead of its timeline for the FY14.

निदेशक मण्डल ने बैंक द्वारा कल्पित समस्त जोखिमों पर निगरानी रखी है. विभिन्न जोखिमों पर विशेष ध्यान केंद्रित करने के लिए बोर्ड की एक विशिष्ट समिति का गठन किया गया है. प्रत्येक प्रकार के जोखिम के लिए नियंत्रक रूपरेखा बनाने के प्रयोजन से निदेशक मण्डल अथवा बोर्ड समिति द्वारा समय - समय पर नीतियां अनुमोदित की जाती हैं. इन नीतियों के दायरे में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जाती हैं.

विभिन्न जोखिमों के निर्धारण, मूल्यांकन तथा प्रबन्धन की प्रक्रिया संक्षेप में निम्नानुसार है.

आस्ति देयता प्रबन्धन(एएलएम)

आपके बैंक के आस्ति देयता प्रबन्धन (एएलएम) का लक्ष्य नीतिपरक योजना, कार्यावयन तथा नियंत्रण प्रक्रिया जो मात्रा, मिश्रण, परिपक्वता, दर की संवेदनशीलता, गुणवत्ता तथा बैंक की आस्तियों व देयताओं की तरलता पर लक्षित है, जिसके द्वारा यह सुनिश्चित किया जाता है कि इसका प्रतिफल लिए गए जोखिम के स्तर के अनुरूप है.

एएलएम, आस्ति देयता प्रबन्धन समिति (एएलसीओ) का कार्य है, इस समिति में महाप्रबन्धक तथा कार्यपालक निदेशक शामिल हैं तथा इसका नेतृत्व अध्यक्ष तथा प्रबन्ध निदेशक द्वारा किया जाता है. यह बोर्ड या/अथवा एएलएम तथा जोखिम प्रबन्धन के बोर्ड की उपसमिति के मार्गदर्शन तथा पर्यवेक्षण के अंतर्गत परिचालित होती है. यह समिति ब्याज दरों के परिदृश्य, जमाओं और ऋणों के उत्पाद मूल्यों के निर्धारण, वृद्धिशील आस्ति एवं देयताओं की परिपक्वता की रूपरेखा, बैंक निधियों के लिए मांग, बैंक के नकदी प्रवाह, लाभ योजना तथा सम्पूर्ण तुलन पत्र प्रबन्धन की समीक्षा के लिए मिलती है. एएलसीओ जमा व अग्रिम उत्पादों की आधार दर का मूल्य निर्धारण करने तथा आधार दर के संशोधन की सलाह बोर्ड को सौंपती है.

आपके बैंक में, तरलता जोखिम दो दृष्टिकोणों से मापा तथा मॉनीटर किया जाता है, प्रवाह दृष्टिकोण तथा स्टॉक दृष्टिकोण. प्रवाह के दृष्टिकोण को तरलता अंतराल स्थिति के लिए उच्चतम सीमा के एवज में दैनिक आधार पर संरचनात्मक तरलता विवरणी तैयार करके किया जाता है. आगे तरलता की गुणवत्ता की जांच स्टॉक अप्रोच के विभिन्न अनुपातों पर कार्य करके की जाती है. स्टॉक अप्रोच की उच्चतम सीमा के अनुपालन से यह सुनिश्चित किया जाता है कि बैंक ने अपनी तरलता का प्रबंधन उपयुक्त विविधताओं के माध्यम से किया है तथा इसे निर्धारित सीमा के अंदर रखा जा रहा है. इसके अतिरिक्त तरलता की स्थिति का आकलन परवर्ती तीन माह के लिए डायनेमिक आधार पर डायनेमिक अंतराल रिपोर्ट के माध्यम से प्रत्येक पखवाडे में किया जाता है.

मुद्रावार ब्याज दर जोखिम का आकलन तथा मॉनीटरिंग पारम्परिक अंतराल अप्रोच तथा आवधिक अंतराल अप्रोच दोनों माध्यम से की जाती है. एनआईएम ब्याज दर की गतिविधियों के लघु अवधि प्रभाव का निर्धारण "जोखिम पर आय" के माध्यम से किया जाता है , इसमें आय वक्र जोखिम, आधार जोखिम तथा अंतःस्थापित विकल्प जोखिम भी शामिल हैं. इक्विटी के बाजार मूल्य पर ब्याज दर गतिविधियों के दीर्घ कालिक प्रभाव का निर्धारण भी आवधिक अंतराल अप्रोच के माध्यम से किया जाता है.

आधुनिक तकनीक जैसे तरलता जोखिम के तनाव की जांच तथा ब्याज दर जोखिम, अनुकरण, संवेदनशीलता का विश्लेषण आदि का उपयोग विभिन्न तरलताओं तथा ब्याज दर परिदृश्यों के तहत आकस्मिकता निधियन योजना तैयार करने के लिए निरंतर अंतराल पर किया गया. आपके बैंक ने विभिन्न तनावपूर्ण परिदृश्यों के तहत अपनी तरलता बाध्यताओं को पूरा करने के लिए आकस्मिकता योजना तैयार की है.

आपका बैंक ओरेकल फायनांशियल सर्विस एनालाइटिक्स एण्ड एप्लीकेशन (ओएफएसएए) प्लेटफॉर्म कार्यांवित करने की प्रक्रिया में है, जो बहुमुद्रा एएलएम, निधि अंतरण मूल्य निर्धारण (एफटीपी), तथा लाभकारी समाधान है, जो सही सूचना एकत्र करने तथा उनका आकलन करने के लिए विस्तृत डाटा प्रबन्धन क्षमता युक्त है. आकलन तथा रिपोर्टिंग टूल के एक शक्तिशाली समूह के साथ, प्रभावशाली तरलता तथा ब्याज दर प्रबन्धन को सुगम बनाया गया है, जिससे यह सम्भावित विचलन के विरूद्ध अलर्ट जनरेट करने तथा रणनीतिक निर्णय लेने में सहायक बन सकें.

ऋण जोखिम

आपके बैंक का ऋण जोखिम प्रबन्धन विस्तृत एवं सुपरिभाषित ऋण नीति द्वारा निगमित है, जो बोर्ड द्वारा अनुमोदित है. इसमें ऋण स्वीकृति प्रक्रिया के लिए व्यवसाय के सभी क्षेत्रों तथा उनके साथ जुडे हुए जोखिमों की जांच तथा उन्हें कम करने वाले सभी दिशानिर्देश शामिल हैं. आपके बैंक का निदेशक मण्डल ऋण जोखिम रणनीति का समर्थन करता है तथा ऋण जोखिम नीति को अनुमोदित करता है. श्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय पद्धतियों के अनुरूप जोखिम लेने वालों और नीति बनाने वालों के बीच सुस्पष्ट अंतर विद्यमान है.

आपके बैंक ने एक संरचनात्मक तथा मानक ऋण अनुमोदन प्रक्रिया बनाई है, जिसमें व्यापक ऋण मूल्यांकन के लिए सुसंस्थापित प्रक्रिया तथा क्रेडिट रेटिंग शामिल हैं. इसी क्रम में आपके बैंक ने जोखिम आधारित उधार देने की प्रत्यायोजित शक्तियां अपनाई हैं जिसमें कम जोखिम वाले प्रस्तावों में ऋण प्रदान करने की उच्चतर विवेकाधीन शक्तियां प्रदान की गई हैं. ऋण प्रक्रिया में ऋण अनुमोदन तथा स्वीकृति पश्चात रेटिंग एक महत्वपूर्ण कारक है.

आपके बैंक ने एक संतुलित दो आयामी क्रेडिट प्रणाली अपनाई है जो ग्राहक रेटिंग तथा ऋण सुविधा रेटिंग दोनो को प्रदर्शित करती है. दो आयामी प्रक्रिया अधिक संक्षिप्त तथा अनुकूल है तथा इसमें गलती की सम्भावना (पीडी) तथा हानि के कारक (एलजीडी) दर्ज होते हैं. वर्षों तक, आपके बैंक ने आंतरिक रेटिंग में बहुत अनुभव हासिल किया है तथा (साख रेटिंग स्थानांतरण) क्रेडिट रेटिंग माईग्रेशन डाटा एकत्र किया है. इस सुदृढ़ तैयारी के फलस्वरूप हमारे बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक से बासेल II नियमों के अंतर्गत ऋण जोखिम फाउंडेशन इंटरनल रेटिंग आधारित दृष्टिकोण (एफआईआरबी) में माइग्रेट करने हेतु आवेदन किया है. एफआईआरबी कार्यान्वयन आपके बैंक को जोखिम आधारित मूल्य निर्धारण, पोर्टफोलियो निर्माण और रिस्क फिक्सेशन एपीटाइट की दृष्टि से अपने व्यवसाय को और अधिक व्यवस्थित एवं अत्याधुनिक तरीके से संचालित करने के लिए तैयार करेगा.

आपका बैंक उद्योगों में उभर कर सामने आ रहे जोखिम कारकों को पहचानने के लिए औद्योगिक अध्ययन कर रहा है. इस औद्योगिक ज्ञान में फील्ड विजिट, ग्राहकों के साथ बातचीत, सेक्टर विनियामकों तथा उद्योग विशेषज्ञों का भी योगदान रहता है. पोर्टफोलियो में अवांछित संकेंद्रित जोखिम से बचाव के लिए, बैंक ने उद्योगों, क्षेत्रों और उधारकर्ताओं पर विवेकसम्मत सीमा (प्रूडेंशियल कैप) की व्यवस्था की है. कोर्पोरेट अनुसन्धान कक्ष भी क्षेत्रवार विस्तृत अध्ययन करता है, पोर्टफोलियो ट्रेण्ड्स की पहचान करता है तथा विभिन्न साख गुणवता संकेतकों जैसे क्षेत्रवार एक्सपोजर, साख केन्द्रीकरण, रेटिंग वितरण तथा माइग्रेशन को कवर करते हुए पोर्टफोलियो स्तरीय एमआईएस जनरेट करता है.

बाजार जोखिम

बाजार जोखिम बाजार दरों और मूल्यों में प्रतिकूल परिवर्तनों के कारण अर्जन अथवा आर्थिक मूल्य में होने वाली हानि के रूप में होता है. बाजार जोखिम के कारक निम्नलिखित हो सकते हैं:-

- बाजार दर जोखिमः प्रतिफल कर्व में परिवर्तनों, ऋण स्प्रेड और ब्याज दरों में अस्थिरता से पैदा होने वाले जोखिम.
- मुद्रा विनिमय दर जोखिमः विनिमय दरों में परिवर्तन और ब्याज दरों में अस्थिरता के कारण पैदा होने वाले जोखिम.
- इक्विटी मूल्य जोखिमः इक्विटी के मूल्यों, इक्विटी संकेतकों, इक्विटी बास्केट में परिवर्तन तथा स्टॉक मार्केट में अस्थिरता के कारण पैदा होने वाले जोखिम.

जिंसों की कीमतों में परिवर्तन और अस्थिरता के कारण भी बाजार जोखिम पैदा होते हैं. तथापि आपके बैंक का जिंसों से सम्बन्धित बाजारों में कोई एक्सपोजर नहीं है.

बैंक ने अपने ट्रेजरी कार्यों के नियंत्रण और उनकी निगरानी हेतु स्पष्ट नीति बनाई है. इन नीतियों में प्रबन्धन पद्धतियों, प्रक्रियाओं, विवेक सम्मत ऋण सीमाओं, समीक्षा प्रणाली और रिपोर्टिंग पद्धतियों का समावेश है. वित्तीय और बाजार स्थितियों में परिवर्तन के अनुरूप इन नीतियों की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है.

बाजार दर जोखिम का आकलन ब्याज दर अस्थिरता आकलन रिपोर्ट तथा जोखिम आय के आधार पर किया जाता है. इसके अलावा बैंक मासिक आधार पर अवधि, संशोधित अवधि, निवेश पोर्टफोलियो के जोखिम मूल्य, जिसमें स्थायी आय प्रतिभूतियां, इक्विटीज तथा विदेशी मुद्रा पोजीशन शामिल है, की गणना करता है. बैंक, अल्प अवधि ब्याज दर जोखिम की मॉनीटरिंग, शुद्ध ब्याज आय (एनआरआई) तथा दीर्घ अवधि ब्याज जोखिम की मॉनीटरिंग, इक्विटी के आर्थिक मूल्य (ईवीई) को ध्यान में रखते हुए करता है. ट्रेजरी के सम्बन्ध में वैल्यू एट रिस्क की गणना 99.0% कांफिडेंस लेवल पर 10 दिन की होल्डिंग अवधि के आधार पर की जाती है. अस्थिरता विश्लेषण तथा इक्विटीज के माध्यम से स्थिर ब्याज निवेश पोर्टफोलियो की स्ट्रेस जांच परिस्थितिगत विश्लेषण के माध्यम से नियमित रूप से की जाती है.

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के आधार पर आपके बैंक द्वारा "एक्विटी प्रभाव के आर्थिक मूल्य" का तिमाही आधार पर आकलन भी किया जाता है.

परिचालन जोखिम

परिचालन जोखिम का तात्पर्य अपर्याप्त अथवा असफल आंतरिक परिचालन, प्रक्रिया, लोगों तथा प्रणालियों अथवा बाहरी घटकों से हानि के कारण होने वाला जोखिम है. इसमें विधिक जोखिम भी शामिल है, लेकिन कार्यनीति तथा प्रतिष्ठा सम्बंधी जोखिम इसमें शामिल नहीं हैं. आपके बैंक के पास गुणात्मक तथा मात्रात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति के मानकीकृत दृष्टिकोण (टीएसए) तथा बेसल II की आवश्यकताओं के एड्वांस्ड मेजरमेंट एप्रोच (एएमए) के लिए सुदृढ़ तथा व्यापक परिचालन जोखिम प्रबन्धन ढांचा (ओआरएमएफ) है. आपके बैंक की परिचालन जोखिम प्रबन्धन समिति (ओआरएमसी) प्रक्रियाओं में निर्धारण / संशोधन करके, नियंत्रण रखती है तथा भूमिका व उत्तरदायित्वों को निर्धारित करती है तथा परिचालन जोखिमों पर निगरानी रखने एवं उन्हें नियंत्रण में रखने की जिम्मेदारी निभाती है. आपके बैंक के पास तीन लाईन वाली रक्षा प्रणाली वाली मजबूत परिचालन जोखिम संचालन कार्यप्रणाली है जैसे व्यवसाय लाईन प्रबन्धन, स्वतंत्र कोर्पोरेट परिचालन जोखिम प्रबन्धन कार्यप्रणालीतथा स्वतंत्र निरीक्षण एवं अंकेक्षण कार्यप्रणाली जो यह सुनिश्चित करती है कि इसके आंतरिक दिशानिर्देशों, नीतियों तथा प्रक्रियाओं का अनुपालन किया जा रहा है.

आपका बैंक अपने परिचालनों, जोखिमों को जानने, मापने, निगरानी रखने व उचित प्रबन्धन करने के लिए उद्यम स्तर का स्वचालित वेब आधारित सोल्यूशन (एसएजी ईजीआरसी 5.1) स्थापित करके एक अत्याधुनिक प्रणाली कार्यान्वित करने जा रहा है. यह सोल्यूशन वित्तीय वर्ष 15 की छमाही समाप्त होने से पहले कार्यांवित होने की आशा है. इसके अतिरिक्त, आपका बैंक आयोजकों तथा कम्पनी के इनीशियल इक्विटी कैपीटल सब्स्क्राईबर में से एक है जो भारत में बैंकिंग उद्योग के लिए परिचालन जोखिम हानि डाटा का सहायता समूह (कंसोरेशियम) है.

बेसल III कार्यान्वयन

पूरे भारत में बेसल III पूंजी विनियामक का कार्यान्वयन किया गया जो 1 अप्रैल 2013 से प्रभावी है. पूरे बेसल III के सुचारू परिवर्तन के लिए, 31 मार्च 2019 तक पूर्ण रूप से कार्यान्वयन करने के लिए उपयुक्त पारगमन व्यवस्थाएं उपलब्ध करायी गई हैं. बेसल III पूंजी नियमों में पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) के घटकों पर परिवर्धित प्रकटीकरण की आवश्यकता है, जो अलग से प्रकाशित किया गया है.

भारिबैं द्वारा जोखिम आधारित पर्यवेक्षण - (कैमल्स) पूंजी पर्याप्तता, आस्ति गुणवत्ता, प्रबंध अर्जन, चलनिधि प्रणाली तथा नियंत्रण में बदलाव

बैंकिंग व्यवसाय में बढ़ती हुई कठिनाईयों तथा हाल ही के वित्तीय संकटों से लिए गए सबक से वैश्विक विनियामकों की पूर्ण रूप से जांच तथा पर्यवेक्षक

बैंचमार्क की धारणाएं सामने आई हैं. इसमें बैंकिंग प्रणाली (बेसल III) तथा बैंक को अधिक लचीला बनाने के लिए संशोधित सुझाव, प्रभावशाली बैंक पर्यवेक्षण के लिए संशोधित मूलभूत सिद्धांत, वित्तीय संगुट के पर्यवेक्षण के नए सिद्धांत तथा वसूली के लिए योजना तथा वैश्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण बैंकों का व्यवस्थित संकल्प आदि शामिल है. उभरती चुनौतियों का सामना करने की दृष्टि से इसे और अधिक सुदृढ़ बनाने के क्रम में भारतीय रिज़र्व बैंक की वर्तमान पर्यवेक्षण प्रणाली तथा क्रियाविधि के स्तर पर पुनः समीक्षित किए जाने की आवश्यकता है.

इस दृष्टि से, भारतीय रिज़र्व बैंक ने जोखिम आधारित पर्यवेक्षण पर एक अवधारणा विकसित की है जो वर्तमान तथा भविष्य दोनों के वर्तमान अनुपालन आधारित तथा संव्यवहार जांच एप्रोच (कैमल्स) जैसे जोखिमों के मूल्यांकन पर ध्यान केन्द्रित करेगी. भारतीय बैंकों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा तैयार तथा प्रस्तुत किए गए मॉडल का नाम ''जोखिम तथा पूंजी के आकलन हेतु पर्यवेक्षण कार्यक्रम'' (एसपीएआरसी) तथा ''समाकलित जोखिम तथा प्रभावकारी स्कोरिंग'' (आईआरआईएससी) मॉडल इसके घटकों में से एक महत्वपूर्ण घटक है.

आरबीएस के तहत, बैंक की असफलता की संभावना तथा इस असफलता से होने वाले प्रभावों का आकलन किया जाता है. बैंक के द्वारा दो या तीन वर्ष के अंतराल में केवल एक बार मूल्यांकित अल्प जोखिम / प्रभाव प्रोफाईल का निरीक्षण भी किया जाता है.

भारतीय रिज़र्व बैंक ने बढ़ रही समीक्षात्मक टिप्पणियों को एक पर्यवेक्षण उपाय के रूप में प्रयुक्त करने का प्रस्ताव किया है, जिसके द्वारा यह किसी उत्पाद विशेष बाजार या क्षेत्र के भीतर जोखिम निर्धारित करने की परम्परा या त्वरित कार्यवाही/उपाय करने के लिए पद्धति स्तर पर समीक्षा करेगा.

भारतीय रिज़र्व बैंक तथा बैंकों के मध्य कारगर एवं प्रभावशाली संप्रेषण सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग (डीबीएस) में ''वरिष्ठ पर्यवेक्षक प्रबंधक'' (एस एस एम) के रूप में एक एकल सम्पर्क बिन्दु बनाया गया है.

जहां केमल्स बैंकों के ''कार्यनिष्पादन मूल्यांकन'' को कार्यान्वित करता है, आर बी एस '' एक बैंक की असफलता तथा इसके प्रभाव के संदर्भ में '' इसका निर्धारण करेगा - 1) जोखिम जो बैंक ने उजागर किया है, 2) नियंत्रण तथा शासन की ताकत, 3) उसके स्थान पर ओवर साईट फ्रेमवर्क 4) उपलब्ध पूंजी. रेटिंग के आधार पर, किसी बैंक विशेष को उसके द्वारा महसूस किए गए सभी जोखिमों के साथ-साथ उसके मुख्य जोखिम की दिशाओं/प्रवृत्ति तथा जोखिम की गंभीरता को कम करने की योजना; सुधारात्मक नियंत्रण की आवश्यकता को शामिल करना, पूंजी संवर्धन तथा/अथवा वर्तमान व्यवसाय के पुनर्गठन के बारे में अवगत कराता है.आरबीएस के तहत, मूल बैंक की मुख्य समूह संस्था से उत्पन्न हुए संभावित जोखिम पर भी ध्यान केन्द्रित किया जाएगा.यह नोट किया जाए कि आपका बैंक आर बी एस 2013 के अंतर्गत पर्यवेक्षण के प्रथम चक्र के लिए चुने गए कुछ बैंकों में एक है जिसने अपनी संवार्गी महत्ता दर्शायी है. आपके बैंक के ऑफ-साइट तथा ऑनसाइट दोनों पर्यवेक्षण दिए गए समय में सफलतापूर्वक पूर्ण हो गए हैं.

ऋण निगरानी कार्य

अपनी ऋण आस्तियों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए ऋण निगरानी एक अति महत्वपूर्ण उपाय है. आपके बैंक के पास विभिन्न स्तरों पर (शाखा/क्षेत्र/अंचल तथा कॉरपोरेट) ऋण खातों की जांच के लिए सुव्यवस्थित पद्धति है जो आस्तियों की गुणवत्ता में गिरावट को रोकने और ऋण पोर्टफोलियो की गुणवत्ता को सुधारने हेतु समय पर कार्यवाही करती है.ऋण निगरानी के लिए कॉरपोरेट स्तर पर महाप्रबंधक की देखरेख में अलग से एक विभाग तथा अंचल व क्षेत्रीय स्तर पर ऋण निगरानी के लिए विभागों का गठन सितम्बर 2008 से किया गया है. बैंक की घरेलू ऋण नीति के स्लिपेज को रोकने तथा शुरुआती दौर में समयबद्ध तरीके से संभावित तथा व्यवहार्य रुग्ण खातों के पुनर्गठन के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के उद्देश्य से सभी अंचल, क्षेत्रीय कार्यालयों में स्लिपेज निवारक कार्यदलों (एसपीटीएफ) का गठन किया गया है. कॉरपोरेट स्तर पर ऋण निगरानी विभाग के मूल उद्देश्य निम्न प्रकार निर्धारित किए गए हैं :

- आरंभिक अवस्था में ऋण खातों की कमियों/सम्भावित चूकों/शुरुआती रूग्णता को पहचानना.
- ऋण खातों/उधार खातों की साख गुणवत्ता में कमी व आगे क्षति रोकने के लिए समय पर उपयुक्त व सुधारात्मक कदम उठना.
- कठेर अनुवर्ती कार्यवाही के माध्यम से आस्ति वर्गीकरण एव ऋण रेटिंग में आने वाली गिरावट को रोकना.
- ऋण खातों के पुनर्गठन/पुनर्निर्धारण/पुनर्नियतन करने के साथ साथ उपयुक्त एवं वास्तविक मामलों में उधारकर्ता से मैचिंग योगदान कर, अंचल कार्यालय व क्षेत्रीय कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर पुनर्वित प्रदान करना.
- खातों की समीक्षा एवं नियम तथा शर्तों के अनुपालन हेतु आवश्यक कदम उठकर/नियमित रूप से अनुवर्ती कार्यवाही करके बैंक के ऋण संविभाग की गुणवत्ता में सुधार लाना.
- औद्योगिक तथा वित्तीय पुनर्निमाण बोर्ड (बीआइएफआर) के अंतर्गत खातों की प्रगति पर निगरानी रखना.

अग्रिम खातों की मासिक मॉनीटरिंग

आईटी विभाग द्वारा ₹10 करोड़ तथा इससे अधिक के एफबी एनएफबी (निधि आधारित गैर निधि आधारित) अग्रिम खातों के एक्सपोजर से संबंधित मासिक मॉनीटरिंग रिपोर्ट के लिए एक ऑन-लाइन वेब आधारित सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है जिसकी शुरुआत जनवरी 2013 में की गई तथा इसे समय-समय पर अपग्रेड किया जाता है.

एमएमआर पर आधारित, बैंक क्रेडिट पोर्ट फोलियो की आस्ति गुणवत्ता में सुधार के लिए उच्च मूल्य अग्रिम खातों में नियम व शर्तों का अनुपालन, अनियमितताओं का निवारण तथा खातों की शीघ्रगामी समीक्षा सुनिश्चित करने के लिए अनुवर्ती कार्यवाही की जा रही है.

अग्रिम खातों का पुनर्गठन

अग्रिम आस्तियों की गुणवत्ता को सुधारने के लिए वर्तमान व्यवसाय रणनीति के एक भाग के रूप में, बैंक की अत्यधिक खराब अग्रिम पोर्टफोलियो की उद्योगवार तथा खातेदारवार नियमित आधार पर पुनः जांच कर पुष्टि करने की आवश्यकता है तथा इनके पुनर्गठन के लिए जो भी तरीका सही समझा जाए उसी प्रकार समुचित कार्यवाही की जाए.

वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान, बैंक ने नीचे दी गई सारणी के अनुसार विभिन्न अग्रिम खातों का पुनर्गठन किया है.

अग्रिम खातों का पुनर्गठन (वैश्विक) - 2013-14

		सीडीआर तंत्र	एसएमई पुनर्गठन	अन्य	कुल
पुनर्गठित मानक अग्रिम	ऋणियों की संख्या	15	1,162	22,405	**23,582**
	बकाया राशि	2,611.51	1,651.68	2,025.26	**6,288.45**
पुनर्गठित अवमानक अग्रिम	ऋणियों की संख्या	1	105	1,997	**2,103**
	बकाया राशि	17.04	36.88	175.18	**229.10**
पुनर्गठित संदिग्ध अग्रिम	ऋणियों की संख्या	2	30	1,063	**1,095**
	बकाया राशि	162.71	24.90	47.96	**235.57**
कुल	ऋणियों की संख्या	**18**	**1,297**	**25,465**	**26,780**
	बकाया राशि	**2,791.26**	**1,713.46**	**2,248.40**	**6,753.12**

आर्थिक आसूचना इकाई

एक विशेषज्ञ आर्थिक आसूचना इकाई (ईआईयू) जिसके अध्यक्ष मुख्य अर्थशास्त्री हैं तथा यह आपके बैंक के कॉरपोरेट कार्यालय में कार्यरत हैं, यह विभिन्न क्षेत्रों जैसे दीर्घ आर्थिक पूर्वसूचना, नीतिपरक व्यवसाय आयोजना निवेशक संबंध, व्यवसाय रणनीति निर्माण, आस्ति देयता प्रबंधन तथा घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय नियामकों तथा रेटिंग, एजेंसियों के साथ विचार विमर्श करने में सहयोग करती है. यह इकाई नियमित रूप से उच्च प्रबंधन वर्ग तथा बैंक की विभिन्न परिचालन इकाईयों को समय-समय पर प्रमुख क्षेत्रों में जैसे औद्योगिक एवं संगठनात्मक विकास, मुद्रा स्फीति, ब्याज दर, स्टॉक संचालन, ऋण विस्तार एवं बैंकिंग उद्योग हेतु संसाधन जुटाना, तरलता एवं विनिमय दरों जैसे प्रमुख क्षेत्रों के संबंध में आवधिक रूप से जानकारी प्रदान करती है.

व्यापक आर्थिक पहलुओं, कॉरपोरेट और वित्तीय क्षेत्रों की नीतियों के संबंध में बेहतर संबंध प्रदान कर आपके बैंक की आर्थिक आसूचना इकाई अच्छे प्रकार के व्यवसाय के अवसरों का अधिकतम फायदा उठने हेतु बैंक के प्रयासों और बाजार के समीकरणों के हिसाब से अपने को अनुकूल बनाने में सहयोग प्रदान करती है.

आर्थिक आसूचना इकाई द्वारा साप्ताहिक समष्टि आर्थिक विकास को कवर करते हुए एक साप्ताहिक न्यूज लेटर (ई-प्रकाशन) प्रकाशित किया जाता है, जिससे नीतियों, वैश्विक तथा घरेलू अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण, निवेशकों, बैंकर्स, नियामकों रेटिंग एजेंसियों तथा बाजार के अन्य भागीदारों को अपने सरोकारों से अवगत कराया जा सके तथा अपना दृष्टिकोण इनमें बांटा जा सके.

यह इकाई आर्थिक गतिविधियों का सारांश प्रस्तुत करते हुए बैंक की बौद्धिक शक्ति के रूप में कार्य करती है, जिसके आधार पर भविष्य में सम्यक कार्यनीतियां निर्धारित होती हैं.

आंतरिक नियंत्रण तंत्र

आपके बैंक में एक सुव्यवस्थित केन्द्रीय निरीक्षण तथा लेखा परीक्षा विभाग (सीआईएडी) है जो बैंक की प्रणालियों, नीतियों एवं पद्धतियों की अनुपालना का परीक्षण करता है. भारतीय रिज़र्व बैंक भारत सरकार, बैंक का निदेशक मंडल तथा निदेशक मंडल लेखा परीक्षा समिति (एसीबी) तथा कार्यपालकों की लेखा परीक्षा समिति (एसीई) से आंतरिक नियंत्रण संबंधी विभिन्न मुद्दों पर प्राप्त मार्गनिर्देश, बेहतर जोखिम प्रबंधन की दृष्टि से आर्थिक नियंत्रण तंत्र का भाग बन गए हैं.

प्रतिवर्ष बढ़ते हुए कारोबार को ध्यान में रखते हुए सीएआईडी आसन्न जोखिमों पर प्रभावी नियंत्रण तंत्र के द्वारा सतत नियंत्रण रखने का प्रयास करता है ताकि बैंक का हित सुरक्षित रहे.

बैंक के निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति द्वारा निर्धारित आवधिकता के अनुसार 13 अंचल निरीक्षण केन्द्रों द्वारा शाखाओं/कार्यालयों के निरीक्षण के माध्यम से सीएआईडी अपना संचालन करता है और आन्तरिक नियंत्रण तंत्र और जोखिम प्रबंधन का परीक्षण करता है.

निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति बैंक के आंतरिक लेखा परीक्षा कार्य की देखरेख करती है. यह समिति प्रभावी आंतरिक जोखिम आधारित लेखा परीक्षा, संगामी लेखा परीक्षा, आई.एस.लेखा परीक्षा तथा अन्य निरीक्षण व लेखा परीक्षा कार्यों के प्रभावी विकास के लिए मार्गदर्शन देती है जिससे कि बैंक की आस्तियां सुरक्षित रहें. यह समिति कार्यपालकों की लेखा परीक्षा समिति तथा बैंक की निरीक्षण एवं लेखा परीक्षा समिति द्वारा किए गए कार्यों की मॉनीटरिंग करती है.

आपके बैंक की सभी शाखाएं जोखिम आधारित लेखा परीक्षा (आर बी आई ए) से कवर हैं. वित्तीय वर्ष 14 के दौरान कुल 3831 शाखाओं का निरीक्षण किया गया जिनमें से 2917 शाखाएं (76.14%) कम जोखिम में, 818 शाखाएं (21.35%) मध्यम जोखिम में तथा 96 शाखाएं (2.51%) उच्च जोखिम श्रेणी में थीं.

मुंबई में स्थित निरीक्षण प्रभाग के अंतर्गत आईएस लेखा परीक्षा कक्ष कार्यरत है और यह ऑफ साइट निगरानी का कार्य करता है.

आपके बैंक ने वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप निम्नलिखित को कार्यान्वित किया हैः

- केन्द्रीय निरीक्षण एवं लेखा प्रभाग तथा अंचल लेखा परीक्षा समितियों के कार्य की देखरेख के लिए मार्च 2013 से कार्यपालक लेखा परीक्षा समिति का गठन किया गया है. इससे प्रणालियों, पद्धतियों एवं आंतरिक मार्गनिर्देशों के अनुपालन स्तर और अधिक मजबूत होने के उम्मीद है.
- निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति द्वारा विधिवत अनुमोदित संगामी लेखा परीक्षा नीति, मैनुअल तथा स्कोरिंग शीट तथा जोखिम आधारित संगामी लेखा परीक्षा को वित्तीय वर्ष 14 में सफलतापूर्वक कार्यान्वित कर दिया गया है.

वित्तीय वर्ष 14 की 834 शाखाओं की तुलना में वर्ष 2014-15 के लिए 1002 शाखाओं की संगामी लेखा परीक्षा करके इसका कवरेज बढ़ा दिया गया है. प्रतिशत के रूप में 27.12.2013 को इन 1002 शाखाओं में बैंक के कुल व्यवसाय में से कुल जमाओं का 82.02% तथा कुल अग्रिमों का 75.21% है.

क्रेडिट लेखा परीक्षा अब सी ए आई डी के अंतर्गत एक विशेष कार्य के रूप में पोषित की जा रही है तथा इस नयी संरचना का सुचारू परिचालन जुलाई 2013 से प्रारंभ हो गया है. वित्तीय वर्ष 14 के दौरान, ₹2,62,435 करोड़ की निधि आधारित एवं गैर निधि आधारित व्यवसाय वाले 4335 खातों के संबंध में क्रेडिट लेखा परीक्षा की गई है जिससे बड़ी राशि के ऋणों के संबंध में अनुपालन का उच्च स्तर सुनिश्चित किया गया है.

संक्षेप में, आपके बैंक का केन्द्रीय आंतरिक लेखा परीक्षा प्रभाग (नियमित आधार पर) निर्धारित नीतियां, निर्देश तथा स्वयं के निदेशक मंडल द्वारा दिये गए दिशा निर्देश, नियामक व भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रणालियों व पद्धतियों के अनुपालन की प्रभावी मॉनीटरिंग कर रहा है.

परिचालन व सेवाएं

ग्राहक केन्द्रित पहलें

अपने दैनिक परिचालनों में प्रभावी ग्राहक सेवा तथा ग्राहक संतुष्टि, बैंक के लिए सदैव प्राथमिक लक्ष्य रहे हैं. आपका बैंक ग्राहकों की आवश्यकताओं और संतुष्टि के प्रति सदैव तत्पर रहा है और उसका यह विश्वास रहा है कि प्रौद्योगिकी, प्रक्रियाएं उत्पाद एवं इसके लोगों का हर प्रकार का कौशल अपने ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए उपयोग में लाया जाना चाहिए.

हाल ही में आपके बैंक ने अपनी शाखाओं में ग्राहक सेवाओं में सुधार हेतु अनेक उपाय किए हैं तथा ग्राहक शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए ग्राहक शिकायत निवारण तंत्र को सुदृढ़ किया है.

वित्तीय वर्ष 2014 के दौरान ग्राहक सेवा में सुधार हेतु निम्नलिखित अन्य प्रमुख उपाय किए गए हैं-

1) निम्नलिखित के संबंध में एस.एम.एस. अलर्ट;

i) वित्तीय लेनदेन अर्थात

- सभी चैक वापसी के संव्यवहार, चाहे राशि कितनी भी हो.
- नकद उधार खाते में ₹1.00 लाख तथा इससे अधिक के लेनदेन के लिए.
- आवक समाशोधन में प्रस्तुत किए गए ₹100000/- तथा इससे अधिक के चेकों के लिए एंट्री लेवल के स्तर पर.

ii) गैर वित्तीय लेन देन अर्थात

- आधार दर में परिवर्तन के कारण ऋण खातों में ब्याज दर में परिवर्तन

2) आपके बैंक के सभी पात्र ग्राहकों के लिए **''मल्टीसिटी/भारत की सभी शाखाओं में सममूल्य पर देय''** चैक जारी करना.

3) **फार्म 15 जी/15 एच की पावती:** टीडीएस नहीं काटे जाने तथा इस संबंध में ग्राहकों की शिकायतें कम करना सुनिश्चित करने के लिए शाखाओं को फार्म 15 जी/15 एच पर जमाकर्ता से पावती रसीद प्राप्त करने हेतु निर्देश दिए गए हैं.

4) बेहतर ग्राहक सेवा देने के उद्देश्य से बचत खाता ग्राहकों को ₹15000/- तक तथा चालू खाता ग्राहकों को ₹25000/- तक आपके बैंक की उन शाखाओं से **ऑफलाइन नकद आहरण** की अनुमति दी गई है जहां डाटा सेंटर की नेटवर्क कनेक्टिविटी उपलब्ध नहीं है.

5) **कैश हैंडलिंग प्रभारों में संशोधन :** कासा जमाओं में वृद्धि करने तथा उच्च मालियत वाले ग्राहकों को आपके बैंक की ओर आकर्षित करने के लिए कैश हैंडलिंग प्रभारों को राशि आधारित प्रभारों से पैकेट आधारित प्रभारों में संशोधित कर कम कर दिया है.

6) आपके बैंक के नए बचत जमा खाता ग्राहकों को एक **''स्वागत किट''** जिसमें स्वागत पत्र, नोन पर्सनलाइज्ड डेबिट कार्ड तथा एक नोन पर्सनलाइज्ड चेक बुक होती है, उपलब्ध कराई जा रही है.

7) **ग्राहक बैठक :** अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक के निर्देशन में पूरे देश में आपके बैंक की सभी शाखाओं में एक ही दिन तथा एक ही समय अर्थात 15/7/2013 को ग्राहक बैठक का आयोजन किया गया.

8) **बैंकिंग कोड्स तथा स्टैण्डर्ड बोर्ड ऑफ इंडिया (बीसीएसबीआई) कोड जागरूकता ग्राहक बैठक :** आपके बैंक के ग्राहकों में बीसी एसबीआई के कोड्स के बारे में जागरूकता फैलाने के क्रम में, प्रधान कार्यालय, बड़ौदा द्वारा 6 अगस्त, 2013 को एक ग्राहक बैठक का आयोजन किया गया. इस बैठक की अध्यक्षता बीसीएसबीआई के अध्यक्ष द्वारा की गई तथा इस बैठक में बैंकिंग उद्योग के विभिन्न संवर्गों के लगभग 150 ग्राहकों ने भाग लिया.

9) यदि ग्राहक द्वारा अनुरोध किया जाता है तो उसकी पास बुक/ खाता विवरणी तथा एफ डी आर में **नामिति का नाम मुद्रित** करने के लिए आपके बैंक के सिस्टम को सक्षम बनाया गया है.

शाखाओं में ग्राहक सेवा सुधारने के प्रयास

आपके बैंक में शाखा में ग्राहक सेवा की क्वालिटी के विषय में **शाखा स्तरीय ग्राहक सेवा समिति** की बैठकों से फीडबैक प्राप्त किया जाता है. इन समितियों की प्रत्येक महीने बैठकें आयोजित की जाती हैं और इनमें वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनरों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के ग्राहकों को आमंत्रित किया जाता है. बैठकों में प्राप्त विचारों/सुझावों का आकलन कर सेवा गुणवत्ता में सुधार हेतु उनकी संभाव्यता के परीक्षण हेतु समुचित अनुवर्ती कार्यवाही की जाती है.

बिहार, उड़ीसा एवं झारखंड अंचल, पटना में पहली महिला शाखा के शुभारंभ के अवसर पर श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

आपके बैंक का ध्यान सभी डिलीवरी चैनलों के माध्यम से उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने पर केन्द्रित है और ग्राहक संतुष्टि के स्तर में बढ़ोत्तरी करने हेतु प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए ई-उत्पाद तथा वैकल्पिक वितरण प्रणालियां जैसे - एटीएम/डेबिट कार्ड, पीओएस (पाईंट ऑफ सेल मशीन), इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग के अनुरूप हैं. विभिन्न प्रक्रियाओं तथा पद्धतियों में सुधार कर सभी प्रकार के ग्राहकों के हितों एवं अपेक्षाओं का ध्यान रखा जाता है.

पूर्वी अंचल कोलकाता में आयोजित ग्राहक बैठक में चयनित ग्राहकों के साथ श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

अनुपालन

आपका बैंक भारतीय बैंकिंग कोड्स एवं स्टैण्डर्ड (बीसीएसबीआई) का सदस्य है और इसने बीसीएसबीआई द्वारा निर्धारित "ग्राहकों के प्रति प्रतिबद्धता संहिता" को अपनाया है. इसने "माइक्रो एवं लघु उद्यमियों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता संहिता" को भी अपनाया है. इन्हें बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है और ग्राहकों को बैंक शाखाओं के माध्यम से भी उपलब्ध कराया गया है. ग्राहकों में संहिता के बारे में जागरुकता उत्पन्न करने तथा इसमें वृद्धि करने के लिए आपके बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.com / www.bcsbi.org.in पर संदेश आता है. अधिक जानकारी के लिए बचत जमा की पासबुक के कवर पेज के अन्दर, खातों की विवरणी में एक फुटनोट तथा एटीएम मशीनों की स्क्रीन पर भी इसे प्रदर्शित किया गया है.

निदेशक मंडल की ग्राहक सेवा समिति :

आपके बैंक में 31 मार्च, 2014 के अनुसार अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में निम्नलिखित सदस्यों की **निदेशक मंडल ग्राहक सेवा की उपसमिति** गठित की गई है -

1.	श्री एस.एस.मूंदडा	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
2.	श्री पि.श्रीनिवास	कार्यपालक निदेशक
3.	श्री बी.बी.जोशी	कार्यपालक निदेशक
4.	श्री रंजन धवन	कार्यपालक निदेशक
5	श्री मौलिन अरविन्द वैष्णव	निदेशक

उप समिति, नीति निर्धारण तथा उनके अनुपालन से संबंधित मुद्दों को देखती है जिससे ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में सतत सुधार होता है. यह मृतक जमाकर्ताओं/लॉकर किराएदारों/सेफ कस्टडी में रखने वाले सामान के जमाकर्ताओं के संबंध में निपटान हेतु उन दावों की स्थिति की मॉनीटरिंग करती है जो 15 दिन से अधिक समय से पेंडिंग हैं तथा बैंकिंग लोकपाल द्वारा पारित अवार्डस के कार्यान्वयनों की समीक्षा भी करती है.

ग्राहक सेवा पर स्थायी समिति

आपके बैंक ने **"ग्राहक सेवा पर पद्धति एवं कार्यनिष्पादन लेखा परीक्षा सम्बंधी स्थायी समिति"** का गठन किया है जिसमें बैंक के तीन कार्यपालक निदेशक और चार महाप्रबंधकों के अलावा तीन प्रतिष्ठित जन प्रतिनिधि शामिल किए गए हैं और यह आपके बैंक में प्रचलित प्रणालियों एवं पद्धतियों की समीक्षा करती है तथा क्रमिक आधार पर आवश्यक सुधारात्मक उपाय करती है.

बैंक के प्रधान कार्यालय द्वारा तिमाही आधार पर क्षेत्रीय कार्यालयों से शाखा स्तरीय ग्राहक सेवा समिति की बैठकों से सुझाव प्राप्त किए जाते हैं और उन्हें ग्राहक सेवाओं संबंधी प्रणालियों एवं पद्धतियों की लेखा परीक्षा की स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है.

ग्राहक केन्द्रित पहलें एवं शिकायत निवारण

- आपके बैंक ने निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित ग्राहक शिकायत निवारण नीति तथा एक सुसंगठित ग्राहक शिकायत निवारण तंत्र तैयार किया है. आपके बैंक से संबंधित ग्राहक शिकायतों के संबंध में परिचालन एवं सेवाएं विभाग के महाप्रबंधक को नोडल अधिकारी बनाया गया है. अंचल तथा क्षेत्रीय स्तरों पर संबंधित क्षेत्रीय व अंचल प्रमुख नोडल अधिकारी बनाए गए हैं. इससे आगे, सभी नोडल अधिकारियों के नाम तथा उनके सम्पर्क नम्बरों को आपके बैंक की सभी शाखाओं में प्रदर्शित किया गया है.

- प्रत्येक तिमाही में आपके बैंक द्वारा ग्राहकों से प्राप्त शिकायतों की स्थिति के बारे में निदेशक मंडल के समक्ष ग्राहक शिकायतों व समस्याओं के निवारण के बारे में एक तिमाही समीक्षा नोट प्रस्तुत किया जाता है.

- ग्राहकों की शिकायतों को कम करने एवं बाधारहित ग्राहक सेवा सुनिश्चित करने की दृष्टि से ग्राहकों से प्राप्त शिकायतों का मासिक आधार पर विश्लेषण किया जाता है तथा की गई कार्यवाही/कारणों को समस्त अंचल तथा क्षेत्रीय प्रमुखों को उपचारात्मक उपाय करने हेतु भेजा जाता है जिससे भविष्य में इस प्रकार की शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो.

- आपके बैंक के पास मानकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (एसपीजीआरएस) नामक वेब आधारित ऑनलाइन शिकायत पंजीकरण तथा निवारण प्रणाली है. आपके बैंक की वेबसाइट के होमपेज पर एक आइकन उपलब्ध कराया गया है, जिसके माध्यम से आपके बैंक के ग्राहक अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं. यह प्रणाली न केवल शिकायतों के शीघ्र निवारण में सहायक है बल्कि यह आपके बैंक को समस्त शिकायतों का केन्द्रीयकृत डेटाबेस बनाए रखने में भी सक्षम बनाता है.

  अभी हाल ही में, एस.पी.जी.आर.एस. में सुधार करके, आपके बैंक ने गैर-ग्राहकों को भी शिकायत सुझाव दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध कराई है. इसके अतिरिक्त, आपके बैंक के ग्राहक यदि शिकायत के निवारण से संतुष्ट नहीं होते हैं, तो 15 दिनों के भीतर अपनी शिकायत को पुनः खोल सकते हैं.

केवाईसी - ए.एम.एल - सी एफ टी के लिए प्रणाली

अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) मानदंड/एंटी मनीलांड्रिंग (ए एम एल) मानदंड/आतंकवाद के वित्तपोषण की रोकथाम (सीएफटी) उपाय एवं पीएमएलए, 2002 के अंतर्गत बैंक के दायित्व -

आपके बैंक के पास बोर्ड द्वारा अनुमोदित केवाईसी - ए एमएल सी एफ टी नीति है. यह नीति बैंक के केवाईसी मानदंडों, एएमएल मानकों, सी एफ टी उपायों तथा प्रीवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के अंतर्गत बैंक के दायित्वों के कार्यान्वयन का आधार है. बैंक ने नियामकों के निर्देशों के आधार पर परिचालित इकाईयों के लिए केवाईसी ए एम एल सी एफ टी से संबंधित मामलों पर दिशानिर्देश जारी किए हैं.

आपके बैंक में केवाईसी - एएमएल - सीएफटी कार्यान्वयन की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं :

- बैंक वित्तीय अनुसंधान इकाई भारत (एफआई यू - आई एनडी) को इलैक्ट्रानिक रूप में भेजने के लिए इलैक्ट्रानिक तरीके से नकद लेन देन रिपोर्टों **(सी टी आर)** को जनरेट करता है.
- सिस्टम आधारित एलटर्स जनरेट करने के लिए ''एएमएल सोल्यूशन'' स्थापित कर लागू कर दिया गया है. आई बी ए के कार्य दल की संस्तुति के आधार पर इसमें और अधिक एलर्ट निर्धारित करके इसको आगे और अधिक व्यापक बनाने की गुंजाईश है.
- संदेहास्पद लेन देनों का पता लगाने के लिए और रिपोर्टों **(एस टी आर)** को वित्तीय अनुसंधान इकाई (एफ आई यू) को प्रेषित करने हेतु सिस्टम आधारित व्यवस्था है.
- बैंक के ग्राहकों के खातों का प्रत्येक छमाही में सिस्टम आधारित जोखिम वर्गीकरण (ए एम एल उपायों से) किया गया है.
- बैंक, एफ आई यू - आई एन डी, नई दिल्ली को जाली करेंसी नोटों की रिपोर्ट **(सीसीआर)** प्रेषित करता है.
- बैंक एफ आई यू - आई एन डी को गैर लाभकारी संगठनों के लेनदेन के बारे में रिपोर्ट **(एन टी आर)** प्रस्तुत करता है.
- बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अपने समस्त वर्तमान ग्राहकों को विशिष्ट ग्राहक पहचान कोड (यूसीआइसी) आबंटित करने के लिए प्रक्रियाधीन है.
- बैंक ने 1.32 करोड़ निष्क्रिय कस्टमर आईडीज को सिस्टम से हटा दिया है.
- मनी लांड्रिंग को काबू करने के लिए एक बडे कदम के रूप में एन एस डी एल से पेन कार्ड (PAN) का ऑनलाइन सत्यापन करने के कार्य को परिचालित किया गया है.
- सीबीएस सिस्टम में भी इस प्रकार उपयुक्त रूप से सुधार किया गया है जिससे वह पेन (PAN) फार्म 60/61 की अनुपस्थिति में ₹50000/- तथा इससे अधिक की नकदी को स्वीकार नहीं करे.
- बैंक भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) के सहयोग से ई-केवायसी को लागू करने के अंतिम चरण में है.
- आंतकवाद से वित्तपोषण की रोकथाम (सीएफटी) के उपायों के रूप में हमारी 1800 से अधिक शाखाओं में तत्काल जांच पडताल हेतु संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा विनियमावली (UNSCR) से प्राप्त नामों की सूची उपलब्ध है.

अपने ग्राहक को जानिए अर्थात केवायसी के पूर्णतया अनुपालन हेतु स्टाफ सदस्य तथा ग्राहकों को शिक्षित करने के उद्देश्य से बैंक द्वारा निम्नलिखित उपाय किए गए हैं.

- ग्राहकों की सुविधा के लिए बैंक की वेबसाइट (www.bankofbaroda.com) पर केवायसी दस्तावेजों की विस्तृत सूची दी गई है.
- ग्राहकों के खातों में केवायसी डाटा अद्यतन करने के लिए मोबाइल आधारित एसएमएस भेजे गए हैं तथा स्थानीय राष्ट्रीय दैनिक समाचारपत्रों में नोटिस दिए गए हैं.
- स्टाफ सदस्यों को शिक्षित करने के लिए केवायसी एएमएल सीएफटी शिक्षा के संबंध में संदर्भ सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए बैंक के इंट्रानेट पर केवायसी एएमएल पृष्ठ सृजित किया गया है.
- बैंक के प्रशिक्षण संस्थानों में केवायसी एएमएल सीएफटी दिशानिर्देशों पर नियमित प्रशिक्षण सत्र चलाए जाते हैं.
- बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों/कार्यपालकों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय बैंक संघ (आईबीए) तथा राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान (एनआईबीएम) में प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है.
- कॉर्पोरेट पर्यवेक्षण (कार्पोरेट ओवरसाइट) तथा शाखाओं की केवायसी लेखा-परीक्षा के प्रयोजन से बैंक के प्रधान कार्यालय में विशेषज्ञता प्राप्त करने के उद्देश्य निरंतर प्रयास किए जाते हैं.
- विसंगतियों का पता लगाने तथा इनके तत्काल निवारण के लिए नियमित रूप से ऑनसाइट जांच पडताल की जाती है.

अनुपालन नीति

आपके बैंक ने बोर्ड द्वारा अनुमोदित एवं संबद्ध दस्तावेजों से युक्त अनुपालन नीति तैयार की है, जिसमें बैंक के अनुपालन कार्यों का भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों पर आधारित अनुपालन दर्शन परिलक्षित होता है. यह नीति एक बुनियाद है जिसके आधार पर बैंक का समस्त अनुपालन कार्य संचालित होता है. आपके बैंक में अनुपालन कार्य, स्वस्थ अनुपालन व्यवस्था युक्त आंतरिक नियंत्रण तथा अनुपालन जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया सहित गवर्नेंस का एक अभिन्न अंग है.

अनुपालन कार्य की प्रमुख पहलें तथा मुख्य-मुख्य बातें

अनुपालन विभाग बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय में स्थापित किया गया है तथा इसके प्रभारी/प्रमुख मुख्य महाप्रबंधक पद के पदाधिकारी हैं जो बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन को रिपोर्ट करते हैं. कार्पोरेट कार्यालय में स्थित अनुपालन विभाग में कार्यरत योग्य स्टाफ के अलावा अनुपालन कार्य की देखरेख के लिए कापोरेट कार्यालय एवं नियंत्रण कार्यालयों तथा शाखाओं में अनुपालन अधिकारी कार्यरत है.

अनुपालन कार्य विभिन्न विधायों यथा बैंकिंग विनियम अधिनियम, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, विदेशी विनियम प्रबंधन अधिनियम तथा धनशोधन निवारण अधिनियम में उल्लिखित सांविधिक प्रावधानों

की पालना सुनिश्चित करता है. यह भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई), भारतीय बैंक संघ (आईबीए), भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ (फिडाय) तथा भारतीय नियत मुद्रा बाजार और व्युत्पन्नी संघ (फिम्डा) द्वारा निर्धारित मानकों तथा कोड आदि का पालन भी सुनिश्चित करता है.

बैंकिंग विधि नियमों तथा मानकों जैसे विषयों में अनुपालन स्टाफ को इन क्षेत्रों की गतिविधियों से अद्यतन बनाए रखने के लिए बैंक की वेबसाइट (http://intranet.bankof baroda.co.in) पर नियमित तथा व्यवस्थित ज्ञान प्रबंधन टूल्स अपलोड किए गए हैं.

बैक ऑफिस परिचालन

क्षेत्रीय बैक ऑफिस एवं सिटी बैक ऑफिस

वर्तमान में आपके बैंक के 12 क्षेत्रीय बैक ऑफिस (आरबीओ) हैं जिनमें से दो क्षेत्रीय बैक ऑफिस वर्ष के दौरान बरेली तथा अहमदाबाद में खोले गए हैं. एक और क्षेत्रीय बैक ऑफिस हैदराबाद में शीघ्र खुलने की स्थिति में है. इस प्रकार कासा से संबद्ध खाते खोलने के कार्य को प्रोसेस करने तथा व्यक्तिगत चेक बुक जारी करने हेतु सभी अंचलों में एक-एक क्षेत्रीय बैक ऑफिस हो जाएगा. आपके बैंक की 4200 से अधिक शाखाओं को क्षेत्रीय बैक ऑफिस के माध्यम से केंद्रीकृत खाता खोलने संबंधी प्रक्रिया से सहबद्ध कर दिया गया है तथा 4350 से अधिक शाखाओं को व्यक्तिगत चेक बुक जारी करने हेतु सहबद्ध कर दिया गया है.

आपके बैंक में क्लीयरिंग के माध्यम से आवक एवं जावक चेकों को प्रोसेस करने के लिए 85 केंद्रीकृत सिटी बैक ऑफिस कार्यरत हैं. समीक्षा अवधि के दौरान दक्षिणी ग्रिड में सीटीएस (चेक ट्रांजएक्सन सिस्टम) क्लीयरिंग हेतु 100% माइग्रेशन का कार्य तथा पश्चिमी ग्रिड के 20 एमआईसीआर केंद्रों पर यह कार्य पूरा हो गया है.

सरकारी कारोबार तथा करेंसी चेस्ट

आपके बैंक ने शुल्क आधारित आय को बढ़ाने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 14 के दौरान समर्पित भाव से सरकारी कारोबार बढ़ाने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है. समीक्षा अवधि के दौरान इस दिशा में किए गए कुछ प्रमुख प्रयासों का नीचे उल्लेख किया गया है.

1. आपके बैंक ने दादरा एवं नगर हवेली, दिल्ली (ऑफ लाइन) मिजोरम, नागालैंड, आंध्र प्रदेश तथा मेघालय राज्यों में 'राज्य कर संग्रहण' की अनुमति प्राप्त कर ली है. इस प्रकार आपका बैंक अब 19 राज्यों में राज्य कर संग्रहण के लिए अधिकृत हो गया है.

नई दिल्ली में सरकारी एवं पीएसयू व्यवसाय विभाग के शुभारंभ के दौरान श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

2. आपके बैंक को रेल मंत्रालय से 11 राज्यों अर्थात महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, नागालैंड, तमिलनाडु, मणिपुर, त्रिपुरा, सिक्किम, मिजोरम तथा अरुणाचल प्रदेश में रेलवे पेंशन के संवितरण की अनुमति प्राप्त हो गई है.
3. आपके बैंक की 166 अतिरिक्त शाखाओं को सार्वजनिक भविष्य निधि/सीनियर सिटिजन सेविंग स्कीम (PPF/SCSS) व्यवसाय के लिए अधिकृत किया गया है. इस प्रकार आपके बैंक की लगभग 1079 शाखाएं पीपीएस/एससीएसएस व्यवसाय के लिए अधिकृत हो गई हैं.
4. आपके बैंक ने 1 जनवरी 2014 से 31 मार्च 2014 तक पीपीएफ संग्रहण के लिए विशेष अभियान चलाया. अभियान अवधि के दौरान 44740 नए खाते खोले गए . वित्तीय वर्ष 14 के दौरान कुल 64072 खाते खुले.
5. आपके बैंक ने 2 दिसंबर 2013 से 31 मार्च 2014 तक की अवधि के दौरान नई पेंशन योजना एनपीएस लाइट के तहत जमा संग्रहण के लिए विशेष अभियान चलाया तथा अभियान अवधि के दौरान 23800 नए खाते खोले गए. वित्तीय वर्ष 14 के दौरान 25000 से अधिक खाते खोले जा चुके हैं.
6. आपके बैंक को उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड राज्यों में ई-स्टांपिंग सुविधा की अनुमति प्राप्त हो गई है. इसके तहत उत्तर प्रदेश की 48 तथा उत्तराखंड की 17 शाखाओं में यह कार्य प्रारंभ हो गया. इस प्रकार अब आपके बैंक की 6 राज्यों में 113 शाखाओं को ई-स्टांपिंग व्यवसाय के लिए अधिकृत कर दिया गया है.
7. आपके बैंक को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने इनके ई-बिजनेस (e-BIZ) पोर्टल में लाइसेंस फीस तथा विभिन्न प्रकार के लाइसेंस जारी करने के लिए प्रभारों के संगहण हेतु प्रतिभागिता करने के लिए अधिकृत कर दिया है.
8. आपके बैंक ने अंतराष्ट्रीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) कृभको एवं हजीरा में कस्टम ड्यूटी का प्रत्यक्ष संग्रहण प्रारंभ कर दिया है तथा इन केंद्रों पर कस्टम ड्यूटी का संग्रहण शुरु हो गया है.
9. आंध्र प्रदेश में आपके बैंक ने भू-विज्ञान एवं खनन विभाग से साइबर ट्रेजरी के माध्यम से रायल्टी संग्रहण का अनुमोदन प्राप्त कर लिया है.
10. गुजरात राज्य में आपके बैंक को एमएसटी एवं प्रवेश कर तथा इसके अलावा 6 अतिरिक्त सबट्रेजरी व्यवसाय कार्य संचालित करने के लिए भी अधिकृत किया गया है.

नई पेंशन योजना (एनपीएस)

14.09.2012 को एनपीएस लाइट योजना की शुरुआत होने के बाद आपके बैंक ने 31.03.2013 तक 20,872 आवेदन प्राप्त किए तथा 31.03.2014 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान एनपीएस लाइट स्वावलंबन योजना के तहत 23,646 आवेदन प्राप्त किए. आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान एनपीएस लाइट स्वावलंबन योजना के अंतर्गत 1,00,000 आवेदन प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है.

नकदी प्रबंधन एवं करेंसी चेस्ट

1. आपके बैंक ने अपने अंचलों/क्षेत्रों के साथ निरंतर निगरानी एवं अनुवर्ती कार्रवाई करते हुए नकद जमा अनुपात (एटीएम की नकदी को छोडकर) को 0.30 अथवा इससे कम स्तर पर बनाए रखा है.

2. **क्लीन नोट नीतिः** भारतीय रिज़र्व बैंक की क्लीन नोट नीति का अनुपालन करते हुए आपके बैंक ने प्रथम चरण में अपनी शाखाओं तथा करेंसी चेस्ट के लिए वित्तीय वर्ष 14 में 1354 नोट सार्टिंग मशीन की खरीद की तथा शेष शाखाओं के लिए 3682 नोट सार्टिंग मशीन खरीदने का कार्य प्रक्रिया में है.

3. **प्रस्तावित नई करेंसी चेस्टः** भुगतान प्रणाली में सुधार हेतु ग्राहक केंद्रित प्रयासों के तहत आपके बैंक ने उक्त अवधि के दौरान 32 करेंसी चेस्ट खोलने के लिए केंद्र चिन्हित किए थे. इस प्रकार करेंसी चेस्टों की संख्या 84 से बढ़कर 116 हो गई है. निर्णय के अनुपालन में इनमें से वर्ष 2013-14 के दौरान तीन करेंसी चेस्ट धामनोद, औ.क्षे. वाराणसी, रेहांगी में खोली गई.

4. **कॉयन वेंडिंग मशीनः** वर्ष 2011-14 की करेंसी प्रबंधन कार्यनीति के तहत वित्तीय वर्ष 14 के दौरान विभिन्न केंद्रों पर 30 कॉयन वेंडिंग मशीन स्थापित की गई.

क्रमांक	अंचल का नाम	स्थापित कॉयन वेंडिंग मशीनों की संख्या
1	बिहार, उडीसा एवं झारखंड अंचल	03
2	पूर्वी अंचल	02
3	बृहमुंबई अंचल	01
4	उत्तर गुजरात अंचल	04
5	दक्षिण गुजरात अंचल	04
6	महाराष्ट्र एवं गोवा अंचल	02
7	मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ अंचल	01
8	उत्तरी अंचल	02
9	राजस्थान अंचल	02
10	कर्नाटक एवं आंध्न प्रदेश अंचल	02
11	तमिलनाडु एवं केरल अंचल	03
12	पूर्वी उत्तर प्रदेश अंचल	02
13	पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड अंचल	02
	कुल	**30**

सतर्कता

आपके बैंक में सतर्कता का उद्देश्य है संस्था में आय क्षरण के ऐसे कारकों का पता लगाना जिनसे वित्तीय हानि होती है तथा इस दिशा में सुधारात्मक एवं निवारक उपाय करना जिनसे इस प्रकार के आय क्षरण पर रोक लग सके और इस प्रकार संगठन/संस्था में समुचित न्याय और निष्पक्ष निर्णय सुनिश्चित हो सके. इस प्रकार लिए गए सही निर्णयों से निर्दोष कर्मचारियों के हितों को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है और ऐसे दोषी तत्वों को सामने लाया जा सकता है जो बैंक के हितों के प्रति खतरा हैं और जिनसे बैंक को नुकसान हो सकता है.

निवारक सतर्कता के प्रति स्टाफ सदस्यों को जागरुक करने और नियमों और विनियमों की आवहेलना से अथवा अनुपालन न होने से अनैतिक और बेईमान व्यक्तियों को धोखाधडी करने में मदद करने वाले कारकों को सामने लाने

कॉर्पोरेट कार्यालय मुंबई में आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कार्यपालक निदेशक गण एवं अन्य उच्चाधिकारी

के उद्देश्य से जोखिम वाली संवेदनशील शाखाओं को चिन्हित किया जाता है और निवारक सतर्कता लेखा परीक्षा की जाती है. स्टाफ सदस्यों को विजिलेंस न्यूज लेटर, परिपत्रों, बैठकों आदि के माध्यम से निवारक सतर्कता के प्रति जागरुक किया जाता है. इसके अतिरिक्त अन्य उपाय जिनमें सीबीएस में बॉयोमैट्रीक प्रमाणन, अधिकारियों द्वारा संपत्ति संबंधी विवरणियों को आपके बैंक की वेबसाइट पर अपलोड करना आदि शामिल हैं.

आपके बैंक ने कुशल जांच पडताल तथा जांच संबंधी कार्यवाही शीघ्रता पूर्वक संपन्न करने हेतु प्रशिक्षित अधिकारियों का एक समूह तैयार किया है. उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 14 के दौरान अनुशासनात्मक कार्यवाही संबंधी मामलों के निपटान में उल्लेखनीय सुधार हुआ है. प्रक्रिया और प्रणाली में पारदर्शिता की स्थिति में निरंतर सुधार को देखते हुए ग्राहक सेवा तथा आंतरिक निगरानी प्रणाली तथा ऑनलाइन आवेदन, प्रस्तुतीकरण, सेवाएं आदि मामले जिसमें मैन्युअल कार्य करने की गुंजाइश कम से कम हो, में प्रौद्योगिकी एवं तकनीक का उपयोग किया जा रहा है.

सतर्कता मशीनरी निर्णय को अकारण स्थगित करने के स्थान पर निर्णय लेने में सुविधा प्रदान करने की भूमिका अदा करती है. इस प्रकार यह प्रणाली एवं प्रक्रिया को मजबूत करने का कार्य करती है. इसके साथ-साथ यह बचाव के रास्तों अर्थात लूप होल्स पर रोक लगाने, नियमों की अवहेलना जैसी स्थितियों से बचाव आदि में मदद करती है. अपेक्षित प्रभाव डालने के लिए यह पूर्ण प्रतिभागिता, स्वप्रेरित तथा निवारक मशीनरी का उपयोग करती है.

कारोबारी निष्पादन

वित्तीय वर्ष 14 के दौरान व्यवसाय विकास के क्षेत्र में आपके बैंक की प्रमुख उपलब्धियों का विवरण नीचे दिया गया है.

31 मार्च 2014 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय वर्ष 2013-14 तथा चौथी तिमाही वित्तीय वर्ष-14 के वित्तीय परिणामों की घोषणा

संसाधन संग्रहण एवं आस्ति विस्तार

31 मार्च, 2014 को कुल संसाधनों में बैंक की जमाराशियों का अंश 86.26% रहा. **कुल जमाराशियां** ₹473883.34 करोड़ से बढ़कर ₹ 568894.39 करोड़ हो गई जो पिछले वर्ष की तुलना में 20.05% अधिक है. कम लागत वाली जमाराशियो में महत्वपूर्ण घटक बचत बैंक जमाराशियों में 14.39% की वृद्धि हुई तथा ये ₹84302.61 करोड़ से बढ़कर ₹96437.44 करोड़ हो गई.

बड़ौदा में आयोजित असाधारण सामान्य बैठक (ईजीएम) के दौरान श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कार्यपालक निदेशकगण एवं अन्य उच्चाधिकारी

कुल जमाओं (चालू + बचत) अर्थात कासा जमाओं का अंश 25.75% रहा तथा घरेलू जमाओं में यह अंश 31.76% रहा.

वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान आपके बैंक के **कुल अग्रिमों** में 20.97% की वृद्धि हुई. **घरेलू अग्रिमों** में यह वृद्धि 21.34% और **विदेशी अग्रिमों** में 20.16% रही.

निधियों की संरचना- वैश्विक

विवरण (₹ करोड़ में)	मार्च, 2013 की समाप्ति पर	मार्च, 2014 की समाप्ति पर	वृद्धि %
जमाएं	4,73,883.34	5,68,894.39	20.05
- घरेलू	3,41,705.59	3,79,054.04	11.09
- विदेशी	1,32,177.74	1,89,840.35	43.62
उधारियां	26,579.28	36,812.97	38.50

वैश्विक अग्रिम - (शुद्ध)

विवरण (₹ करोड़ में)	मार्च, 2013 की समाप्ति पर	मार्च, 2014 की समाप्ति पर	वृद्धि %
अग्रिम	3,28,185.77	3,97,005.81	20.96
- घरेलू	2,24,294.33	2,72,168.96	21.34
- विदेशी	1,03,891.44	1,24,836.85	20.16

जमा संसाधन

आपके बैंक के व्यवसाय मॉडल तथा कार्पोरेट लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए संगठनात्मक ढांचे में परस्पर तारतम्य हेतु वर्ष के दौरान एक नए व्यावसायिक वर्टिकल **''जमा संसाधन''** को मूर्तरूप प्रदान किया गया. इस नए वर्टिकल के गठन का उद्देश्य कासा जमाओं तथा रिटेल आवधिक जमाओं में निरंतर तथा व्यापक वृद्धि सुनिश्चित करना है.

हमें यह सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि आपके बैंक ने समीक्षा वर्ष के दौरान **79,87,709 नए बचत बैंक खाते** तथा **1,20,082 नए चालू खाते** खोले.

सोने के सिक्कों की बिक्री

वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान विभिन्न मूल्य वर्गों के लगभग 40,145 सोने के सिक्कों जिनका कुल वजन 362.333 किलोग्राम था, की बिक्री की गई.

''जमा संसाधन'' विभाग द्वारा की गई नई पहलें

उत्पाद आशोधन/सुधार

बड़ौदा प्रीमियम चालू खाता (बीपीसीएपी) उत्पाद में सुधारः आपके बैंक ने वर्ष के दौरान स्वीप अवधि को 15 दिन से अधिकतम 91 दिन करते हुए और लचीला बनाया है. ग्राहक अब अपनी निधियों संबंधी जरुरतों को देखते हुए निर्दिष्ट रेंज में से स्वीप अवधि का विकल्प दे सकते हैं. अल्प अवधि जमाओं पर ब्याज दर बैंक में समय-समय पर प्रभावी ब्याज दरों के अनुरूप ग्राहक द्वारा दिए गए विकल्प के अनुरूप प्रभावी होगी.

अन्य व्यावसायिक पहलें

निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने का अभियानः विद्यमान ग्राहकों के साथ व्यवसायगत संबंधों को मजबूत बनाने तथा ऐसे खातो को पुनः सक्रिय करने के लिए आपके बैंक द्वारा एक अभियान चलाया गया.

ऋण डेबिट कार्ड जारी करने का अभियानः आपके बैंक के कासा अभियान के एक भाग के रूप में तथा डेबिट कार्ड का उपयोग बढ़ाने के लिए एक अभियान चलाया गया ताकि अभियान अवधि के दौरान अधिकतम ग्राहकों को इसके तहत लाया जा सके.

कासा अभियानः कम लागत जमाओं में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करने तथा चालू तथा बचत बैंक जमाओं को बढ़ाने के लिए 2 सितंबर, 2013 से 25 सितंबर, 2013 तक कासा अभियान चलाया गया. इस दौरान 15,01,679 नए बचत बैंक खातों में ₹696 करोड़ (रिटेन हुई राशि) की नए बचत बैंक जमाएं संग्रहित की गईं. अभियान अवधि के दौरान कुल ₹1402 करोड़ की बचत जमाएं संग्रहित की गई. 25,426 नए चालू जमा खातों में ₹230 करोड़ राशि संग्रहित की गई तथा ₹777 करोड़ की कुल चालू जमा राशियां संग्रहित की गई. अभियान अवधि के दौरान नए खातों में कुल ₹926 करोड़ की कासा जमाएं तथा समग्र रूप में बचत तथा चालू खातों में ₹2179 करोड़ की जमाराशियां संग्रहित की गई.

बचत बैंक जमा अभियानः बचत बैंक जमाओं के संग्रहण में तेजी लाने के लिए 17.02.2014 से 22.03.2014 तक बचत बैंक जमा अभियान चलाया गया. 8,69,945 नए बचत बैंक खातो में ₹1,093.66 करोड़ की राशि संग्रहित की गई. इस प्रकार बचत बैंक जमाओ में कुल ₹1765.31 करोड़ की वृद्धि हुई. नए खोले गए बचत बैंक खातों में औसत शेष ₹12,571/- रहा.

एनआरआई सेवाएं

एनआरआई (अनिवासी भारतीय) जमाएं महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं जिसे आपका बैंक पिछले वर्षों के दौरान सफलतापूर्वक प्राप्त करता रहा है.

शुरु किए गए नए उत्पाद

विदेशों से एनआरआई धनप्रेषण के अंतर्वाह (इनफ्लो) को बढ़ाने के लिए अगस्त-सितंबर, 2013 के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा घोषित

किए गए महत्वपूर्ण उपायों के अनुक्रम में दो विशेष रिटेल देयता उत्पादों यथा -**''बड़ौदा प्रीमियम एफसीएनआर (बी) जमा''** एवं **''बड़ौदा अल्ट्रा प्रीमियम एफसीएनआर (बी) जमा''** का शुभारंभ क्रमशः 23 सितंबर, 2013 को और 10 अक्तूबर 2013 को किया गया. इन उत्पादों के तहत संगृहीत निधियों ने आपके बैंक को भारतीय रिज़र्व बैंक की रियायती डॉलर स्वैप विडों में भाग लेने में मदद की. 30 नवंबर 2013 को भारतीय रिज़र्व बैंक की स्वैप विडों के बंद होने के साथ विशेष जमा उत्पाद 27 नवंबर 2013 को बंद हो गए थे. आपके बैंक ने क्रमशः यूएसडॉलर 42 मिलियन और यूएसडॉलर 1,694 मिलियन की जमा राशि संगृहीत की और यूएसडॉलर 1.7 बिलियन की राशि के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ स्वैप किया.

प्रक्रियागत नया आवक धनप्रेषण

भारतीय रिज़र्व बैंक की रूपया आहरण व्यवस्था के तहत **यूएई एक्सचेंज सेंटर एलएलसी (यूएईईसीएल)** के साथ टाई-अप व्यवस्था के अंतर्गत नए आवक धनप्रेषण उत्पाद फ्लैश रेमिट के शुभारंभ के लिए प्रकिया शुरु की गई है. अब नए धनप्रेषण उत्पाद के लिए यूएई एक्सचेंज एलएलसी, आबू धाबी, यूएई के साथ अनुपूरक करार दस्तावेज तैयार है.

विशेष एनआरआई जमा अभियान

दो नए एफसीएनआर (बी) उत्पादों का शुभारंभ एक साथ होने के कारण सभी शाखाओं में 14 अक्तूबर 2013 और 30 नवंबर 2013 के बीच एनआरआई जमाओं के लिए विशेष अभियान चलाया गया जो शीर्ष 500 एनआरआई व्यवसाय वाली विशेष शाखाओं पर केंद्रित था. ₹ 1508 करोड़ के मुकाबले इस अवधि के दौरान आपका बैंक ₹ 1600 करोड़ की शुद्ध वृद्धि दर्ज कर सका. इस विशेष अभियान के दौरान ₹ 10512 करोड़ के इनफ्लों के साथ लगभग 12,167 नए खाते खोले गए.

केंद्रीयकृत एनआरई/एनआरओ बचत खाते का सभी टैरिटरी में विस्तार

एनआरआई बैंक ऑफिस (एनआरओबीओ), मुंबई में एनआरई/एनआरओ बचत खाते खोलने की केंद्रीयकृत प्रणाली का 4 जुलाई 2013 से खाता खोलने के आवेदनों को प्रायोजित करने के लिए विस्तार किया गया. घरेलू शाखाओं की ओर से आपकी विदेशी शाखाओं, अनुषंगियों और संयुक्त उद्यमों से प्राप्त प्रायोजित आवेदनों के साथ वर्ष के दौरान कुल 5538 एनआरई/एनआरओ खाते खोले गए.

अन्य पहलें

- आपके बैंक ने एनआरआई के साथ निरंतर फोलो-अप किया और भारतीय रिज़र्व बैंक अवलोकन के तहत केवायसी अनुपालन के लिए डाटाबेस क्लीनिंग में शाखाओं की मदद की.
- आपके बैंक ने निष्क्रिय खातों की सक्रियता के लिए प्रयास प्रारंभ किए.

होलसेल एवं मिड कार्पोरेट बैंकिंग

आपके बैंक के लार्ज मिड कार्पोरेट सेगमेंट ने मिलकर देशीय ऋण पोर्टफोलयों में 50% से अधिक का योगदान दिया.

वित्तीय वर्ष, 14 भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक चुनौती भरा वर्ष था जैसा कि हमने पूर्व में वित्तीय वर्ष, 14 में आर्थिक परिदृश्य में उल्लेख किया है. वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान बैंक के कार्पोरेट लेंडिंग प्रभाग के सम्मुख पेश आई कुछ विशिष्ट चुनौतियों का उल्लेख नीचे किया गया है.

इन्दौर में आयोजित निर्यात जोखिम प्रबंधन सम्मेलन के दौरान श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा अन्य उच्चाधिकारी

i) कार्पोरेट से ऋण की मांग में निरंतर गिरावट के कई कारण रहे जिनमें प्रमुख हैं-

  - दशक के दौरान न्यूनतम सकल देशी उत्पाद (जीडीपी).
  - विभिन्न परियोजनाओं में विलंबित नीतिगत /प्रशासनिक निर्णय.
  - विभिन्न कारणों से बुनियादी परियोजनाओं के क्लीयरेंस में विशेष देरी.
  - अस्पष्ट पर्यावरण नीति.
  - उच्च निवेश मूल्य मुद्रा स्फीति तथा ब्याज दरें.
  - वित्तीय वर्ष, 14 की प्रथम छमाही में अस्थिर विनिमय दरें.

ii) ऋण प्रवृत्ति तथा विकृत आस्ति गुणवत्ता में तालमेल.

उपरोक्त पृष्ठभूमि के चलते आपके बैंक ने ऋणवृद्धि के संदर्भ में नया व्यवसाय प्राप्त करने में सावधानी बरती. इसके बावजूद आपके बैंक के फास्ट ट्रेक डेस्क ने वित्तीय वर्ष,14 के दौरान 146 नए व्यवसाय संबंध स्थापित किए. बैंक के लार्ज तथा मिड कार्पोरेट सेगमेंट ने वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान ₹96,000 करोड़ की नई स्वीकृतियां / ऋण सुविधाओं में वृद्धि प्रदान की.

कार्पोरेट वित्तीय सेवाओं के माध्यम से ''कार्पोरेट क्रेडिट में वृद्धि'' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए शाखा तथा मिड कार्पोरेट शाखा मॉडल सफल रहे हैं. इन शाखाओं ने मिलकर ₹1,00,000 करोड़ की आस्तियां सृजित करने में योगदान दिया जो कि बैंक के कुल बकाया देशीय क्रेडिट का 36% है.

ऋण स्वीकृतियां प्रदान करते समय आपके बैंक ने आस्तियों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए मूल्यांकन मानक, अनुपालन तथा गवर्नेंस आदि में निर्धारित बेंचमार्क सुनिश्चित करने हेतु पर्याप्त सावधानी बरती. आपके बैंक के गैर खाद्य सकल अग्रिमों में 21.88% की वृद्धि दर्ज की गई तथा ये 31.03.2013 के स्तर ₹ 2,24,035.82 करोड़ से बढ़कर 31.03.2014 को ₹2,73,060.13 करोड़ हो गए. आपके बैंक के अग्रिमों में वृद्धि उद्योग की औसत से अधिक रही.

नवोन्मेषी कार्य तथा नई पहलें किसी भी उद्योग की श्रेष्ठता के प्रमाण होते हैं. आपके बैंक के लार्ज कार्पोरेट तथा मिड कार्पोरेट विभागों ने वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान निम्नलिखित नवोन्मेषी प्रयास किए हैं-

- कार्पोरेट्स के लिए कार्यशील पूंजी की जरुरतों को पूरा करने के लिए समय पर स्वीकृति प्रदान करने हेतु "टॉप अॅप सुविधा" की शुरुआत की गई.
- विद्यमान उत्पादों की विशेषताओं की समीक्षा की गई तथा इन्हें और प्रतिस्पर्धी बनाने की कोशिश की गई. इन उत्पादों में कार्पोरेट ऋण, बिडबांड गारंटी, भविष्य में प्राप्त होने वाले किराए की एवज में ऋण आदि शामिल है.
- ब्याज दर ढांचे को युक्तिसंगत बनाया गया ताकि इसे उद्योग का सर्वोत्तम बनाया जा सके.
- एक नीतिगत व्यावसायिक निर्णय के रूप में आपके बैंक के परियोजना वित्त विभाग का बड़ौदा कैपिटल मार्केट लि. में विलय कर दिया गया. बड़ौदा कैपिटल मार्केट लिमिटेड अब परियोजनाओं की तकनीकी आर्थिक व्यवहार्यता का अध्ययन करेगा, बैंक ऋणों के समूहन के माध्यम से कार्पोरेट स्तर के लिए निधियों की व्यवस्था करेगा. बड़ौदा कैपिटल मार्केट लि. के पास व्यावसायिकों की समर्पित टीम है. जिसमें इंजिनियर, वित्त प्रोफेशनल तथा अनुभवी एवं प्रशिक्षित ऋण अधिकारी शामिल हैं. एक अन्य उद्देश्य परियोजना की टीईवी स्टडी करने के लिए मार्केट में परियोजना मूल्यांकन सेवाओं का विस्तार करते हुए शुल्क आय में वृद्धि करना भी था.
- ऋण वितरण के टर्न अराउंड समय में उल्लेखनीय कमी हुई.

आपके बैंक की मानव पूंजी उक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है. वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान सीए/आईसीडब्ल्यूए/एमबीए जैसे पेशेवरों की भर्ती कर बैंक की मानव पूंजी में वृद्धि कर इसे और सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया. उल्लेखनीय है कि आपके बैंक ने प्राथमिकता के आधार पर क्रेडिट तथा विदेशी विनिमय में अधिकारियों को प्रशिक्षित करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है.

रिटेल क्रेडिट

पूर्व की भान्ति वित्तीय वर्ष, 14 में भी रिटेल बैंकिंग सेवाएं बैंक के समग्र व्यवसाय में महत्वपूर्ण व्यवसाय घटक /संविभाग बना रहा. यह संविभाग वैयक्तिक एवं लघु व्यवसाय ग्राहकों (व्यापारियों) की वित्तीय जरुरतों पर अपना ध्यान केंद्रित करता है जो सहज एवं किफायती लागत पर बैंकिंग सुविधाओं की अपेक्षा रखते हैं.

वर्ष के दौरान रिटेल बैंकिंग संविभाग के कार्यनिष्पादन का विवरण नीचे दिया गया है.

सूरत में आयोजित सम्पत्ति एवं कार एक्सपो के उद्घाटन के दौरान श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा अन्य उच्चाधिकारी

रिटेल लेंडिंग के अंतर्गत वृद्धि

आपके बैंक की बुक में पांच प्रमुख उत्पाद यथा आवास ऋण, ऑटो ऋण, शिक्षा ऋण, ट्रेडर्स ऋण तथा मार्गेज ऋण शामिल हैं. जिनकी मार्च, 2014 के अंत में कुल रिटेल ऋणों में 79.31% हिस्सेदारी थी. अन्य उत्पादों, लाबोड /ओडीबीओडी की कुल रिटेल ऋणों में हिस्सेदारी 17.91% रही.

कुल रिटेल ऋण 31 मार्च, 2013 को ₹38,046 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2014 को ₹46,019 करोड़ रहे. वित्तीय वर्ष, 2014 के दौरान इनमें कुल ₹7973 करोड़ (21.0%) की वृद्धि दर्ज की गई जबकि पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान यह वृद्धि ₹2379 करोड़ (6.7%) थी.

करायकुड्डी, केरल में आयोजित शिक्षा ऋण मेले के दौरान केन्द्रीय वित्तमंत्री श्री पी. चिदम्बरम के साथ श्री वी. श्रीधरन, महाप्रबंधक

पांच प्रमुख रिटेल उत्पादों के अंतर्गत वृद्धि

पांच प्रमुख उत्पादों जिनकी कुल ऋणों में हिस्सेदारी 79.3% है, में वित्त वर्ष, 14 के दौरान कुल ₹5899 करोड़ (19.3%) की वृद्धि हुई जबकि वित्त वर्ष, 13 के दौरान यह वृद्धि ₹4412 करोड़ (16.9%) थी.

आवास ऋणः वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान कुल वृद्धि ₹3513 करोड़ (21.9%) दर्ज की गई जबकि वित्तीय वर्ष, 13 के दौरान यह वृद्धि ₹1911 करोड़ (13.5%) थी.

ऑटो ऋणः वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान कुल ₹698 करोड़ (23.7%) की वृद्धि दर्ज की गई जबकि वित्तीय वर्ष, 13 के दौरान कुल वृद्धि ₹512 करोड़ (21.1%) थी.

बड़ौदा ट्रेडर्स ऋणः वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान कुल ₹1215 करोड़ (16.9%) की वृद्धि दर्ज की गई जबकि वित्तीय वर्ष, 13 के दौरान कुल वृद्धि ₹1620 करोड़ (29.1%) थी.

बड़ौदा मार्गेज ऋणः वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान कुल ₹367 करोड़ (14.9%) की वृद्धि दर्ज की गई जबकि वित्तीय वर्ष, 13 के दौरान यह वृद्धि ₹284 करोड़ (13.0%) थी.

शिक्षा ऋणः वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान कुल ₹106 करोड़ (5.4%) की वृद्धि दर्ज की गई जबकि वित्तीय वर्ष, 13 के दौरान यह वृद्धि ₹86 करोड़ (4.6%) थी.

रिटेल ऋणों में एनपीए

आपके बैंक के रिटेल ऋणों में 31 मार्च, 2014 को गैर निष्पादक आस्तियों

(एनपीए) का अंश ₹901 करोड़ (1.96%) था अर्थात् यह पूर्व स्तर पर ही था लेकिन 31 दिसंबर, 2013 को यह 2.11% के उच्च स्तर पर था. 31 मार्च, 2013 के रिटेल ऋणों में एनपीए का अंश ₹669.08 करोड़ था जो कि कुल रिटेल ऋणों का 1.76% था.

वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान रिटेल बैंकिंग में नवोन्मेषी उपाय:

1. **नए उत्पादों की शुरुआत**

   आपके **युवा अधिकारियों तथा लिपिकीय स्टाफ को चौपहिया तथा दुपहिया वाहन खरीदने** की सुविधा प्रदान करने के लिए 10 अप्रैल, 2013 को बैंक ने एक नए रिटेल आस्ति उत्पाद **''युवा अधिकारियों तथा लिपिकीय स्टाफ के लिए वाहन योजना''** की शुरुआत की जिसमें अधिकतम ऋण सीमा क्रमशः ₹3.50 लाख / ₹0.75/0.60 लाख है. इसके अलावा विद्यमान बड़ौदा ट्रेडर्स ऋणों के ऋणियों के लिए 30 अप्रैल, 2013 को एक नए उत्पाद **'बड़ौदा ट्रेडर्स गोल्ड कार्ड स्कीम'** की शुरुआत की गई. वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए 1 नवंबर, 2013 को एक नए उत्पाद **''बड़ौदा प्रीमियम व्यक्तिगत ऋण''** की शुरुआत की गई जिसमें अधिकतम ऋण सीमा ₹10 लाख है. एक नई कार योजना एनआरआई/पीआईओ के लिए बड़ौदा कार ऋण की शुरुआत 4 दिसंबर, 2013 को की गई. 9 अक्तूबर, 2013 को स्पेशल एज्यूकेशन लोन फॉर स्टूडेंटस ऑफ एशिया पेसिफिक फ्लाइट ट्रेनिंग अकादमी नए उत्पाद का शुभारंभ किया गया. वर्ष के दौरान प्रारंभ नए उत्पादों की श्रृंखला में एक नए उत्पाद **''स्पेशल ट्रेडर्स लोन स्कीम फॉर आयरन एण्ड स्टील ट्रेडर्स इन एनसीआर''** की भी शुरुआत की गई.

2. **उत्पाद सुधार**

   वर्ष के दौरान आपके बैंक ने **''बड़ौदा एडीशनल एश्योरेड एडवांस (एएए)''** में सुधार करते हुए एक टॉप अॅप होम लोन उत्पाद तैयार किया जिसमें अधिकतम सीमा ₹0.25 करोड़ से बढ़ाकर ₹2.00 करोड़ की गई. योजना में अधिकाधिक ऋणियों को शामिल करने के उद्देश्य से योजना में अनेक नई सुविधाएं समाहित की गई हैं. **बड़ौदा ट्रेडर्स ऋण** की अधिकतम ऋण सीमा को अर्धशहरी तथा ग्रामीण शाखाओं के लिए ₹ 2 करोड़ से बढ़ाकर ₹3 करोड़ तथा मेट्रो तथा शहरी शाखाओं के लिए इसे बढ़ाकर ₹4 करोड़ कर दिया गया है. बड़ौदा मार्गेज ऋण में ऋण की सीमा ₹1 करोड़ से बढ़कर ₹ 3 करोड़ कर दी गई है.

   ब्याजदरों को तर्कसंगत बनाया गया तथा इन्हें **बड़ौदा आवास ऋण, भविष्य में किराया प्राप्ति की एवज में ऋण, बड़ौदा मार्गेज ऋण, बड़ौदा शिक्षा ऋण तथा बैंक की स्वयं की सावधि जमा रसीदों की एवज में ऋण /ओवरड्राफ्ट सुविधा** आदि के संदर्भ में वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान और आकर्षक बनाया गया.

3. **अन्य व्यवसायगत पहलें**

   - आपके बैंक ने अपने कर्मचारियों को नियमित रूप से विभिन्न रिटेल उत्पादों जिनमें आवास ऋण, ट्रेडर्स ऋण, ऑटो ऋण, शिक्षा ऋण तथा मार्गेज ऋण आदि शामिल हैं की विशिष्टताओं की जानकारी उपलब्ध कराई है. आपके बैंक ने स्टाफ सदस्यों के लिए हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में **रिटेल लोन गाइड रेडी रेकनर** नामक पुस्तिका का प्रकाशन भी किया है.
   - रिटेल व्यवसाय को बढ़ाने के लिए समय-समय पर **ऋण अभियान** चलाया गए. इन अभियानों में जिन उत्पादों को शामिल किया गया वे हैं, एडिशनल एश्योरेड लोन (एएए), भविष्य में किराया प्राप्ति की एवज में ऋण एवं बड़ौदा ट्रेडर्स लोन, शिक्षा ऋण, मार्गेज ऋण, ऑटो ऋण, बड़ौदा आवास ऋण, आदि शामिल है. इन अभियानो से बैंक के समग्र रिटेल संवितरण को बढ़ाने में मदद मिली है.
   - आपके बैंक ने मारुति सुज़ुकी लि. तथा अन्य यथा महेन्द्रा एण्ड महेंन्द्रा, टाटा मोटर्स, फोर्स मोटर्स तथा होंडा कास्ट इंडिया लि. के साथ परस्पर तालमेल (टाइअप) को और सुदृढ़ किया है.
   - आपके बैंक ने भरुच, जूनागढ, विशाखापट्टनम, मेरठ तथा मुरादाबाद में **5 नई रिटेल लोन फैक्ट्रियां (आरएलएफ)** खोली है. इस प्रकार अब इनकी कुल संख्या बढ़कर 45 हो गई है.
   - आपके बैंक के क्षेत्रों ने **प्रॉपर्टी एण्ड कार एक्सपोजिशन** के आयोजन में सक्रियतापूर्वक भाग लिया. इन क्षेत्रों ने स्थानीय व्यापार मेलों (ट्रेड फेयर) में भी व्यावसायिक सहयोगी के रूप में सहभागिता की.
   - रिटेल लोन ऋणियों के एसएमएस संदेश / अनुस्मारक भेजने की पहल से इन खातों में वसूली स्थिति को बेहतर बनाने में उल्लेखनीय सुधार हुआ है.

धनसंपदा प्रबंधन सेवाएं

अपने ग्राहकों की निवेश संबंधी विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से आपका बैंक निर्बांध बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ पिछले दस वर्षों से धनसंपदा प्रबंधन सेवाएं भी प्रदान कर रहा है. इसके लिए आपके बैंक ने जीवन बीमा, गैर-जीवन बीमा, मेडिक्लेम, म्यूच्युअल फंड, ऑनलाइन ट्रेडिंग आदि उत्पाद / सुविधाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न कंपनियों के साथ टाइअप व्यवस्था की है. बैंक की दो संयुक्त उपक्रम कंपनियां जिनमें से एक जीवन बीमा तथा इसी म्यूच्युअल व्यवसाय से संबद्ध है, पिछले कई वर्षों से संतुलित वृद्धि प्रदर्शित कर रही हैं. इन कंपनियों के उत्पादों के संवितरण के अलावा टाई-अप सहयोगियों के उत्पाद भी बैंक की देशभर में फैली शाखाओं के माध्यम से संवितरित किए जा रहे हैं.

ग्राहकों को और बेहतर एवं गुणवत्तापरक धनसंपदा **प्रबंधन सेवाएं प्रदान** करने के उद्देश्य से आपके बैंक ने इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस के बीमा प्रीमियम एटीएम के माध्यम से तथा बड़ौदा पायनियर म्यूच्युअल फंड को फंड कलेक्सन मॉड्यूल के माध्यम से संग्रहित करने की सुविधा प्रदान की है. आपके बैंक के106वें स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने **इंडिया फर्स्ट हेल्थ कार्ड** का अनावरण किया. इस कार्ड की शुरुआत कार्डधारकों को इम्पेनल किए गए अस्पतालों में प्वाइंट ऑफ सेल्स (पीओएस) मशीनों के माध्यम से नकदी रहित सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है.

वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान आपके बैंक ने चालू खाता संविभाग को बेहतर बनाने के लिए व्यापारिक प्रतिष्ठानों में **प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस)** मशीनें लगाने पर ध्यान केंद्रित किया है. इस प्रयास से वास्तव में बेहतर परिणाम सामने आए और आपका बैंक एक वर्ष की अवधि में विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों में प्वाइंट ऑफ सेल्स (पीओएस) मशीनों की संख्या को दुगुना करने में सफल रहा.

आपका बैंक इंडिया इंफोलाइन लि. के साथ ई-ट्रेडिंग टाइ-अप के अलावा अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी **बॉब कैपिटल लि.** के माध्यम से अपने ग्राहकों को, **ऑनलाइन ट्रेडिंग सुविधा (ओएलटी)-बॉबइट्रेड** भी प्रदान कर रहा है. बैंक शीघ्र ही कुछ प्रमुख विशेषताओं वाला संशोधित ट्रेडिंग प्लेटफार्म

शुरु करने जा रहा है जो आपके बैंक के खुदरा ग्राहकों को आकर्षित करने एवं बनाए रखने में मददगार साबित होगा.

सेबी द्वारा ''सेल्फ सर्टिफाइड सिंडिकेट बैंक'' (एससीएसबी) के रूप में आपके बैंक के सभी श्रेणी के निवेशक ग्राहकों को आईपीओ/एफपीओ/अधिकार निर्गम एवं म्यूच्युअल फंड के एनएफओ में आवेदन करने हेतु आपके बैंक ने **अस्बा (एप्लिकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड एकाउंट)** के रूप में अतिरिक्त प्रकार की आवेदन सुविधा उपलब्ध करवाई है. आपके बैंक ने सिंडिकेट एएसबीए आवेदनों को स्वीकार करने हेतु 655 केंद्र चुने हैं.

आपका बैंक ग्राहकों की संतुष्टि हेतु उन्हें व्यक्तिगत सेवाएं प्रदान करने के लिए हमेशा समर्पित रहा है और आने वाले वर्षों में इस दिशा में और आगे बढ़ेगा.

एमएसएमई कारोबार

भारत की अर्थव्यवस्था में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र की निर्णायक भूमिका होती है. अभी हाल ही में भारत में एमएसएमई वित्तपोषण पर आईएफसी द्वारा कराया गया अध्ययन यह दर्शाता है कि विभिन्न उद्योगों की 29.8 मिलियन उद्यम इकाइयां हैं जिनमें 69 मिलियन लोग रोजगार में लगे हैं. इस क्षेत्र से ही भारतीय उद्योग का 45% उत्पादन एवं 40% निर्यात प्राप्त होता है. यद्यपि 94% सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम फर्म्स पंजीकृत नहीं है. भारत की जीडीपी में इस क्षेत्र का वार्षिक योगदान 11.5 वार्षिक दर से लगातार बढ़ रहा है जो राष्ट्र की औसत जीडीपी दर से काफी अधिक है.

भारतीय अर्थव्यवस्था में एमएसएमई क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए एवं इस व्यवसाय को बढ़ाने की दृष्टि से आपके बैंक ने जून, 2013 में एमएसएमई ऋणकर्ताओं की ब्याज दरों को जून, 2013 में तर्कसंगत बनाता है. आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष, 2014 में इस क्षेत्र से संबंधित सभी सांविधिक लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर लिया है. इसके अलावा आपके बैंक के पास 52 एसएमई लोन फैक्ट्रियों का सुव्यवस्थित संगठन है. जिसके अंतर्गत समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष में ₹19,999 करोड़ के ऋण मंजूर किए गए.

आणंद क्षेत्र में ''सीएमडी के साथ एसएमई लोन फैक्ट्रियों के प्रमुखों की बैठक'' के दौरान श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा अन्य उच्चाधिकारी

विनियामक श्रेणी के तहत एमएसएमई इकाईयों के अलावा आपका बैंक उन इकाईयों को भी वित्त पोषित करता है जो निर्माण /सेवा क्षेत्र में लगी हुई हैं जिन्होंने क्रमशः प्लांट एवं मशीनरी तथा उपकरणों में निवेश किया है और जिनका टर्नओवर ₹150 करोड़ का है. विनियामक एमएसएमई उद्यमों के अनुरूप ही इस विस्तृत क्षेत्र पर अधिक ध्यान देने के लिए ऐसा आन्तरिक रूप से किया गया है.

तथापि, नियामकों को रिपोर्ट करने हेतु आपके बैंक के कार्यनिष्पादन में नियंत्रक ऋणों अर्थात ऐसी इकाइयां/ ऋणकर्ता जो सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम की परिभाषा का कडाई से पालन करते हों, को ही हिसाब में लिया जाता है.

यह नोट किया जाए कि, वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान एमएसएमई कारोबार की नियंत्रक श्रेणी में आपके बैंक का कार्यनिष्पादन अर्थव्यवस्था में मंदी के बावजूद अत्यंत उत्साहजनक रहा.

लखनऊ में आयोजित अल्ट्रा एंड स्माल एन्टरप्राइज लोन मेले के दौरान श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा अन्य उच्चाधिकारी

एमएसएमई व्यवसाय में वृद्धि

31 मार्च, 2014 को समाप्त अवधि में एमएसएमई क्षेत्र में कुल बकाया राशि ₹57,426 करोड़ रही. इन तीन वर्षों में एमएसएमई क्षेत्र में ऋणों में हुई वृद्धि निम्नलिखित तालिका में दर्शाई गई है:-

वर्ष	वृद्धि (% वर्ष-दर-वर्ष)
2011-12	26.11%
2012-13	30.31%
2013-14	21.21%

वित्तीय वर्ष, 2014 के दौरान प्रमुख उपलब्धियां

- मार्च, 2014 की समाप्ति पर एमएसएमई अग्रिम 56,634 करोड़ ₹ था जो पिछले वर्ष के एमएसएमई अग्रिम की तुलना में ₹9,912 करोड़ (21.21%) वृद्धि दर्शाता है.
- एमएसएमई सेक्टर में ₹40,873 करोड़ के कुल ऋणों में ₹27,756 करोड़ का अग्रिम सूक्ष्म उद्यमों को दिया गया (पिछले वर्ष अनुसार) जो वित्तीय वर्ष, 14 में 67.90% रहा. इस प्रकार भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित अनिवार्य लक्ष्य को आसानी से पार कर लिया गया.
- 31 मार्च, 2014 को आपके सकल घरेलू ऋण में एमएसएमई अग्रिमों का योगदान 20.16% रहा.
- सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को दिए गए अग्रिम भारत सरकार द्वारा मार्च, 2014 की समाप्ति तक दिए गए लक्ष्य ₹45,900 करोड़ की तुलना में ₹50,300 करोड़ तक पहुंच गया.
- अपने एमएसएमई व्यवसाय को बढ़ाने हेतु आपके बैंक ने वित्तीय

वर्ष,14 के दौरान ''एमएसएमई केपेक्स लोन एवं केपेक्स कार्ड'' नामक नया उत्पाद आरंभ किया.

वर्ष, 2014 के दौरान एमएसएमई वित्तपोषण संबंधी पहलें

- आपके बैंक ने निवेश व्यय को प्रोत्साहित करने के लिए एमएसएमई ऋणकर्ताओं पर प्रभारित की जाने वाली ब्याज दर में स्प्रेड को कम किया.
- आपके बैंक ने ₹2 लाख से ₹ 2 करोड़ तक के अल्प मूल्य के ऋणों हेतु स्कोरिंग टाइप क्रेडिट रेटिंग मॉडल को अनुमोदित किया.
- आपके बैंक ने जून एवं अक्तूबर, 2013 माह में एमएसएमई व्यवसाय से संबंधित मामलों पर चर्चा करने हेतु एसएमई लोन फैक्ट्रियों के प्रमुखों का एसएमई सम्मेलन आयोजित किया.
- आपके बैंक ने 1 नवंबर, 2013 से 28 फरवरी, 2014 तक एमएसएमई उत्सव मनाया.
- आपके बैंक ने नाशिक, इंदौर, राजकोट एवं कोयम्बतूर में एमएसएमई गोलमेज कांफ्रेन्स आयोजित की.
- आपके बैंक ने सीजीटीएमएसई योजना के अंतर्गत आक्रामक ढंग से संपार्श्विक मुक्त ऋण पर ध्यान केंद्रित किया.
- आपके बैंक ने अपनी ब्रांड इमेज बनाने हेतु विभिन्न प्रदर्शनियों, परिसंवादों आदि में सहभागिता की.

इसके अलावा, आपके बैंक ने एमएसएमई ऋणकर्ताओं हेतु एमएसएमई केपेक्स ऋण एवं केपेक्स कार्ड की शुरूआत की. इसके माध्यम से कानपुर क्षेत्र में होजियरी उद्योग एवं कानपुर एवं आगरा क्षेत्र में चमडा एवं चमडा उत्पादों को वित्तपोषित किया गया. प.बंगाल एवं सिक्किम में चाय प्रोसेसिंग इकाईयों को भी इससे वित्तपोषित किया गया. इसके द्वारा देशभर में रिरोलिंग मिल्स, मशीन टूल्स एवं टेक्सटाइल प्रिंटिंग गतिविधियों हेतु भी वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया. पंजाब एवं जम्मू कश्मीर क्षेत्र में इस योजना के माध्यम से औजार एवं खेलकूद सामग्री की इकाईयों के उत्पादन हेतु वित्तपोषण किया गया. हल्द्वानी एवं देहरादून क्षेत्र में होटल /मोटेल /रिसॉर्ट को भी वित्तपोषण किया गया इसने सम्पूर्ण भारत में कृषि आधारित इकाईयों को वित्त पोषित किया. इसके द्वारा रोड ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों को विभिन्न वाणिज्यिक वाहनों के उत्पादकों द्वारा उत्पादित वाणिज्यिक वाहनों की खरीद हेतु वित्तपोषित करने के लिए महिन्द्रा ट्रक्स एवं बसेस प्रा.लि. के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया. इसने ऊर्जा कार्यक्षम परियोजनाओं सहित एमएसएमई के प्रौद्योगिकी उन्नयन एवं गुणवत्ता समर्थन प्रदान करने हेतु विकास आयुक्त एमएसएमई के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए.

आपके बैंक की एमएसएमई खंड के अंतर्गत क्षेत्र विशेष के अनुरूप कुछ निश्चित योजनाएं हैं जहां एक ही प्रकार की इकाईयों या एक ही तरह ही गतिविधियों हेतु व्यवसाय की अच्छी संभावनाएं हैं. इन योजनाओं से आपके बैंक को संतोषजनक प्राप्तियां भी हुई. अग्रणी जिला शाखाओं के साथ क्लस्टर विकास का कार्य भी प्रारंभ किया गया ताकि आगामी वर्षो में वे बड़ी भूमिका का निर्वाह कर सकें. इसके अलावा, वित्तीय वर्ष, 14 में भारत सरकार द्वारा निदेशित कार्यक्रम - विशेषतः वीवर्स क्रेडिट कार्ड (डब्ल्यूसीसी) एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) पर भी विशेष ध्यान दिया गया.

आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान निम्नलिखित क्षेत्र विशेष योजनाओं में संशोधन किया हैः

- राजस्थान में मार्बल इकाइयों का वित्तपोषण .
- अखिल भारतीय आधार पर वस्त्र इकाइयों का वित्तपोषण.
- जामनगर, जूनागढ एवं कच्छ क्षेत्र में ब्रास उत्पादन इकाईयों का वित्तपोषण.
- अशक्त व्यक्तियों को संपार्श्विक प्रतिभूति मुक्त वित्तपोषण/शिक्षा ऋण-राष्ट्रीय विकलांग वित्तपोषण एवं विकास निगम द्वारा प्रवर्तित.
- पियाजिओ व्हिकल्स प्रा. लि. द्वारा निर्मित तीन पहिया वाहनों का वित्तपोषण.

ग्रामीण एवं कृषि बैंकिंग

आपका बैंक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र एवं कृषि ऋणों में हमेशा अग्रणी रहा है. यह अपनी 1781 ग्रामीण शाखाओं एवं 1267 अर्द्धशहरी शाखाओं के विशाल नेटवर्क के माध्यम से ग्रामीण बाजार की संभावनाओं का लाभ उठा रहा है. वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान आपके बैंक ने ग्रामीण एवं अर्द्धशहरी क्षेत्रों में 453 नई शाखाएं खोलीं.

आपके बैंक को उत्तरप्रदेश और राजस्थान राज्यों में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) के संयोजक होने का गौरव प्राप्त है. आपके बैंक के पास गुजरात (14), राजस्थान (12), उत्तर प्रदेश (15), उत्तराखंड (2), मध्य प्रदेश (2), बिहार (2) एवं दिल्ली (1) राज्यों में 48 जिलों में अग्रणी बैंक का दायित्व है.

आपके बैंक ने तीन राज्यों में 1,659 शाखाओं के नेटवर्क और मार्च, 2014 के अंत तक ₹ 33,169.55 करोड़ के कुल व्यवसाय के साथ तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) प्रायोजित किए हैं.

वित्तीय वर्ष, 2014 में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋणों में कार्यनिष्पादन

आपके बैंक के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम मार्च, 2013 के अंत में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए ₹80,003 करोड़ से बढ़कर मार्च, 2014 में 90,488 करोड़ हो गए जो समायोजित बैंक ऋण (एएनबीसी) का 40.02% है जब कि अनिवार्य लक्ष्य 40% का है. वर्ष के दौरान आपके बैंक के प्रत्यक्ष कृषि अग्रिमों में पिछले वर्ष की तुलना में कुल ₹ 1,609.39 करोड़ (7.85%) की वृद्धि हुई. वर्ष के दौरान यह बढ़कर ₹ 22,117.51 करोड़ हो गई. आपके बैंक के कुल कृषि अग्रिमों में ₹ 768.76 करोड़ की वृद्धि हुई तथा ये मार्च, 14 के अंत में ₹ 28,431.92 करोड़ तक हो गए. यह प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए और दि.20 जुलाई, 2012 से प्रभावी संशोधित दिशानिर्देशों के कारण हुआ. आपके बैंक के प्रत्यक्ष कृषि अग्रिमों का मार्च 2014 के अंत में अंश समायोजित निवल बैंक ऋण (एएनबीसी) का 9.78% रहा जबकि अनिवार्य लक्ष्य 13.50% था समायोजित निवल बैंक ऋण (एएनबीसी) के 12.57 % रहे जब कि अनिवार्य लक्ष्य 18% का है (भारतीय रिज़र्व बैंक के दिनांक 15.05.2014 के दिशानिर्देशों के प्रभाव स्वरूप कुल प्राथमिकता क्षेत्र एवं कुल कृषि अग्रिम बढ़कर क्रमशः 41.22% एवं 13.93% हो जाएंगे).

अपने प्रमुख कृषि उत्पाद **''बड़ौदा किसान क्रेडिट कार्ड''** के अंतर्गत आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष, 2014 में 2,47,796 क्रेडिट कार्ड जारी कर किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान की. आपके बैंक ने किसान समुदाय की सुविधा हेतु 3,30,257 बड़ौदा किसान रूपे कार्ड, एटीएम समर्थित स्मार्ट कार्ड जारी किए. वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान आपके बैंक ने लगभग 2,95,743 नए

कृषकों को ₹ 4,505.55 करोड़ के ऋण प्रदान किए.

अपने सूक्ष्म वित्तपोषण के नवोन्मेषी उपायों के एक भाग के रूप में आपके बैंक ने ऋण सहबद्ध 11,908 स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान ₹ 198.03 करोड़ की ऋण सहायता प्रदान की जिसके फलस्वरूप स्वयं सहायता समूह ऋण सहबद्धता की कुल संख्या 1,83,566 तथा बकाया ऋण राशि ₹ 1,670.57 करोड़ हो गई.

हिम्मत नगर, गुजरात में नेशनल पायलट एग्री लोन फैक्ट्री के शुभारंभ के अवसर पर श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा अन्य उच्चाधिकारी

व्यवसाय एवं सामाजिक पहलें

आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान ग्रामीण और कृषि ऋणों हेतु उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के प्रयोजन से अनेक नवोन्मेषी पहलों की शुरुआत की. इनमें से कुछ निम्नानुसार हैः-

- कृषि अग्रिमों को बढ़ाने के लिए आपके बैंक ने **विशेष अभियान** अर्थात् फसली ऋणों के लिए खरीफ एवं रबी अभियान चलाए जिनमें क्रमशः ₹ 5,585.67 करोड़ एवं ₹ 2,850.40 करोड़ संवितरित किए गए. **निवेश ऋणों** के लिए भी एक और **अभियान** चलाया गया जिसके अंतर्गत ₹ 897.84 करोड़ का संवितरण किया गया.
- आपके बैंक ने कृषि ऋणों को बढ़ाने के उद्देश्य से पूरे देश में 466 **थ्रस्ट शाखाओं** का चयन किया है. इन शाखाओं ने मार्च, 2014 के अंत तक बैंक के कुल कृषि अग्रिम में 35.95 % योगदान दिया.
- आपके बैंक ने **क्षेत्र विशेष** को ध्यान में रखते हुए अनेक **योजनाएं** बनाई हैं जो कि स्थानीय कृषक समुदाय की आवश्यकताओं के अनुरूप पूर्ति करेगी. इसमें ब्याज दर, प्रभार आदि में रिआयत आदि विविध सुविधाएं शामिल हैं. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान किसानों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु 12 ऐसी योजनाएं अनुमोदित कर कार्यान्वित की गई.
- आपके बैंक ने बेहतर ग्राहक सेवा एवं बैंक के कृषि अग्रिमों की मात्रा एवं गुणवत्ता में सुधार हेतु **कृषि ऋण फैक्ट्रियों** की शुरुआत की. ऐसी तीन पायलट फैक्ट्रियों ने गुजरात में मेहसाणा, उ.प्र. में बरेली एवं बिहार में मुजफ्फरपुर में कार्य करना प्रारंभ कर दिया है.
- वर्तमान में आपके बैंक के 47 **बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बीएसवीएस), बड़ौदा आर-सेटी** है जो पूरे देश में युवाओं को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार उद्यम शुरु करने के लिए आवश्यक ज्ञान एवं कौशल प्रदान कर रहे हैं. वित्तीय वर्ष 14 में 33,974 युवा हितग्राहियों को प्रशिक्षित किया गया जिनमें से 22,297 ने स्वरोजगार उद्यम स्थापित किया. इन केंद्रों द्वारा प्रशिक्षित 1,92,247 लाभार्थियों में से अभी तक 1,20,979 ने अपने स्वरोजगार उद्यम स्थापित कर लिए हैं.
- आपके बैंक ने पूरे देश में 46 **वित्तीय साक्षरता केंद्र (एफएलसी)** स्थापित किए हैं जिन्हें **'सारथी'** नाम दिया गया है. ये केंद्र जरुरतमंद लोगों को वित्तीय साक्षरता तथा ऋण परामर्श सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्थापित किए गए हैं ताकि वे बैंकिंग प्रणाली से वित्तीय सेवाओं का लाभ उठा सके और साथ ही वित्तीय संकट में जूझते लोगों को परामर्श सुविधाएं प्रदान कर सके. आपके बैंक ने इन केंद्रों को बीएसवीएस ट्रस्ट के संरक्षण में खोला है और इन केंद्रों द्वारा संबंधित लोगों को निःशुल्क परामर्श सेवाएं दी जा रही है.
- आपके बैंक ने उ.प्र. में रायबरेली एवं सुल्तानपुर में सूक्ष्म ऋण फैक्ट्री भी खोली है. इस सूक्ष्म वित्तपोषण ऋण फैक्ट्री के मोबाइल वाहन में आवश्यक सुविधाएं एवं स्वयं सहायता समूह वित्तपोषण से संबंधित आवश्यक दस्तावेज भी होते हैं. इसका प्रबंधन करने वाले अधिकारी को स्वयं सहायता समूह को ₹25,000/- तक यथास्थल पर तथा उनके द्वार पर जाकर मंजूर एवं संवितरित करने के लिए प्राधिकृत किया गया है.

बैंक द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कार्यनिष्पादन

वर्तमान में आपके बैंक द्वारा प्रायोजित तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक हैं-

- बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालयः रायबरेली.
- बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालयःअजमेर.
- बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक, प्रधान कार्यालयःभरुच.

इन तीनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कुल व्यवसाय मार्च, 2013 के अंत के 29,284.23 करोड़ रूपए से बढ़कर मार्च, 2014 के अंत में 33,169.55 करोड़ हो गया. इस प्रकार इसमें 13.27 % की वृद्धि दर्ज हुई.

इन तीनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको ने वर्ष, 14 के दौरान ₹ 289.40 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया जब कि वर्ष, 2013 के दौरान शुद्ध लाभ 97.06 करोड़ ₹ था.

इन सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की समग्र शुद्ध मालियत मार्च, 2013 के अंत के 1,234.42 करोड़ ₹ से सुधर कर मार्च, 2014 के अंत में 1,523.82 करोड़ ₹ हो गई और "आरक्षित निधियां तथा अधिशेष" मार्च, 2013 के अंत के 777.52 करोड़ रूपए से बढ़कर मार्च, 2014 के अंत में 1,066.92 करोड़ रूपए हो गया.

वित्तीय वर्ष, 14 के दौरान अ.जा/अ.ज.जा को अग्रिम

आपके बैंक द्वारा अ.जा/अ.ज.जा समुदाय को दिया जाने वाला बकाया अग्रिम साल-दर-साल तेजी से बढ़ रहा है. यह इस तथ्य को दर्शाता है कि इन हितग्राहियों को मार्च, 2013 के अंत तक दिया गया 4712.66 करोड़ ₹ अग्रिम मार्च, 2014 के अंत तक 6,160.30 करोड़ ₹ हो गया. वास्तव में समीक्षाधीन अवधि के दौरान आपके बैंक ने कुल अग्रिमों के अंश का 29.90 % कमजोर तबके को प्रदान किया. इसके अलावा आपके बैंक ने विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे- **राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), स्वर्णजयंती शहरी रोजगार योजना (एसजेएसआरवाय), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) आदि के अंतर्गत अ.जा/अ.ज.जा को वित्तपोषित करने के लिए एक विशेष ट्रस्ट भी बनाया है.**

बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान भी प्रशिक्षणार्थियों के चयन में अ.जा/अ.ज.जा समुदाय को वरीयता प्रदान करता है. हम सहर्ष अवगत कराते हैं कि अभी तक ये केंद्र 72,365 युवाओं को अ.जा/अ.ज.जा श्रेणी में प्रशिक्षित कर चुके है.

वित्तीय समावेशन के लिए बैंक के प्रतिबद्ध प्रयास

वित्तीय समावेशन अल्प आय तक वंचित वर्ग के व्यापक जन समुदाय को वहन करने योग्य लागत पर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है. वित्तीय समावेशन योजना का उद्देश्य समाज के वर्गों तक वित्तीय सेवाओं को वहन करने योग्य लागत पर सहज पहुंच बनाना है, जो कि अब तक इनसे वंचित थे ताकि उन्हें वित्तीय क्षेत्र की मुख्य धारा में लाया जा सके. वित्तीय समावेशन कार्यान्वयन आपके बैंक के लिए कोई नई धारणा नहीं है. आपके बैंक द्वारा अपनी स्थापना से ही वित्तीय समावेशन संबंधी गतिविधियां सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों, निर्धनतम व्यक्तियों को ऋण प्रदान कर अल्पसंख्यक समुदायों, अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों को ऋण सुविधाएं उपलब्ध करवा कर, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत वित्तपोषण आदि के माध्यम से संचालित की जा रही है. तथापि, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा वर्ष, 2005 में वित्तीय समावेशन की धारणा को मूर्त रूप प्रदान किया गया जब उनके द्वारा **व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी)** चैनल के माध्यम से बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने की अनुमति दी गई. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा वर्ष, 2010 में सभी वाणिज्यिक बैंकों को वित्तीय समावेशन के अंतर्गत ग्रामीण बैंक रहित क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने हेतु **बोर्ड द्वारा अनुमोदित योजना** प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए.

वित्तीय समावेशन के तहत वाराणसी में कियोस्क केन्द्र के शुभारंभ के अवसर पर श्री के. सी. चक्रवर्ती, उप गवर्नर भा.रि.बैं., श्री एस. एस. मूंदड़ा, सीएमडी और श्री किशोर पी. खरात, महाप्रबंधक

भारत सरकार की अपेक्षाओं तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुरूप आपके बैंक ने वर्ष 2010-11 से प्रभावी तीन वर्ष की अवधि की **वित्तीय समावेशन योजना (एफआयपी)** लागू करने के लिए अनुमोदित कर दी है. योजना के अंतर्गत वित्तीय समावेशन के अंतर्गत विभिन्न प्रौद्योगिकी आधारित नवोन्मेषी प्रयासों/तरीकों का उपयोग करने 20000 गांवों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है. इसके पश्चात वित्त मंत्रालय तथा भारतीय रिज़र्व बैंक ने आपके बैंक को सूचित किया कि मार्च, 2012 तक ऐसे सभी गांवों को शामिल करे जिनकी आबादी 2000 से अधिक है. तद्नुसार, आपके बैंक को 2855 गांव आबंटित किए गए जिन्हें निर्धारित समयावधि में इसमें शामिल कर लिया गया है.

उसके बाद, भारतीय रिज़र्व बैंक ने सभी बैंकों को सूचित किया कि वे तीन वर्षों अर्थात 2013-14 से 2015-16 तक बैंक विशेष के सेवा क्षेत्र के अंदर सभी गांवों को बैंकिंग सुविधाएं मुहैय्या कराएं. तदनुसार आपके बैंक के निदेशक मंडल ने 3 वर्षों अर्थात मार्च, 2016 तक कवर किए जाने वाले सभी 21,526 सेवा क्षेत्र गांवों के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार के वित्तीय समावेशन प्लान (एफआईपी) अनुमोदित किए. निदेशक के अनुमोदित एफआईपी के अनुसार सेवा क्षेत्र गांवों को कवर करने के लिए वर्ष 2013-14, 2014-15 तथा 2015-16 के लिए लक्ष्य क्रमशः 11124, 16324 तथा 21526 था. आपके बैंक ने पर्याप्त समय से ही कवर किए जाने वाले गांवों के वार्षिक लक्ष्य को हासिल कर लिया. मार्च, 2014 के लिए विभिन्न क्षेत्रों में एफआईपी के लिए निर्धारित वार्षिक लक्ष्यों के सभी पैरामीटर्स को प्राप्त कर लिया.

वित्तीय समावेशन के लिए आपके बैंक द्वारा अपनाए गए मॉडल

वित्तीय समावेशन के अंतर्गत बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए आपके बैंक ने जो विभिन्न मॉडल अपनाए हैं, वे इस प्रकार हैं :

- आईसीटी (सूचना एवं संप्रेषण प्रौद्योगिकी) आधारित बीसी मॉडल.
- पी ओ एस (पाइंट ऑफ सेल/सर्विस)
- कियोस्क
- मोबाइल वैन
- ब्रिक एवं मोर्टार शाखाएं

सूचना एवं संप्रेषण प्रौद्योगिकी (आईसीटी) आधारित व्यवसाय प्रतिनिधि मॉडलः पीओएस आधारित बीसी मॉडल

वित्तीय समावेशन के लिए यह सॉल्यूसन स्मार्ट कार्ड आधारित प्रौद्योगिकी के साथ एप्लीकेशन सेवा प्रदाता (एएसपी) मॉडल पर आधारित है. इस मॉडल के अंतर्गत व्यवसाय प्रतिनिधि, सेवा प्रदाता के माध्यम से बैंकों द्वारा नियुक्त किए जाते हैं. उनको प्वाइंट ऑफ सर्विस (पीओएस) डिवाइस प्रदान किया जाता है. जिसका प्रयोग करके वे स्मार्ट कार्ड धारकों के घर पर लेन-देन करते है. ग्राहक बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के जरिए अपने स्मार्ट कार्ड का प्रयोग करके अपने खातों का संचालन कर सकता है. इस पद्धति में बीसी द्वारा किए गए सभी लेनदेन बैंक के सीबीएस में तत्काल आधार पर ऑनलाइन निबटाये जाते हैं. फील्ड में लगाई गई पीओएस डिवाइस, **स्मार्ट कार्ड एकाउंट नंबर (कार्ड रहित) तथा आधार नंबर (एईपीएस लेन-देन)** के आधार पर सभी संव्यवहार करने में सक्षम है. व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) उसको आबंटित गांव में निर्धारित दिवस तथा समय पर जाते हैं और वहां के निवासियों को घर-द्वार पर सेवा प्रदान करते हैं.

कियोस्क बीसी मॉडल

यह वेब आधारित एप्लीकेशन है तथा इसे प्राधिकृत व्यक्तियों द्वारा उनके लैपटॉप या डेस्कटॉप पर इंटरनेट कनेक्टीविटी के जरिए एक्सैस किया जा सकता है. द सी एस सी ई गवर्नेंस सर्विस इंडिया लि., एफ आई ए टेक्नोलॉजी सर्विसेज प्रा. लि. तथा जीओसंसार बैंक को आबंटित गांवों में साथ-साथ वित्तीय समावेशन को कार्यान्वित करने के लिए बीसी नियुक्त किए गए है. यह कार्ड रहित समाधान है. खाताधारक, खाता संख्या या आधार संख्या के आधार पर खाता संचालित कर सकता है. कियोस्क, कियोस्क ऑपरेटर के कंप्यूटर सिस्टम. लैपटॉप से वेब आधारित कनेक्टीवटी के माध्यम से आपके बैंक के सीबीएस के साथ जुडा हुआ है. लेन-देन ऑनलाइन पर बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण के माध्यम से तत्काल आधार पर प्रोसेस होता है. 31 मार्च, 2014 तक आपके बैंक ने 7525 गांव, 2780

कियोस्क केंद्रों के जरिए कवर कर लिए है, तथा देशभर में 1034 शहरी कियोस्क केंद्र भी स्थापित किए है.

मोबाइल वैन

आवश्यकतानुसार वैन को बैंकिंग कार्यकलाप के प्रयोजन हेतु खास रूप में तैयार किया गया है. वैन का बाहरी हिस्सा बैंक के विज्ञापनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक द्वारा प्रदान की जा रही सूचनाओं तथा उत्पादों से कवर किया जाता है. इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में आपके बैंक के लिए यह एक विज्ञापन मीडिया भी है. वैन में सीबीएस को एक्सैस करने के लिए कंप्यूटर हार्डवेयर तथा कनेक्टीविटी गांव में बैंकिंग सेवा प्रदान करने के लिए बैंक स्टाफ भी वैन में रहता है. वैन पूर्व निधारित दिन तथा समय पर मौजूदा शाखाओं के निकट ऑनलाइन बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए गांवों में घूमती हैं. बैंकिंग सेवाएं सप्ताह के किसी निश्चित दिन ही प्रदान की जाती है. फिलहाल उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, बिहार एवं गोवा राज्य के 211 गावों में वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए 15 मोबाइल वैन लगाई गई हैं.

ब्रिक एवं मोर्टार शाखा

बिन्क एवं मोर्टार शाखाएं तुलनात्मक रूप से संभाव्यता तथा व्यवहार्यता वाले बडे गावों में खोली जाती हैं. ऐसे केंद्र बैंक के शाखा विस्तार योजना को अंतिम रूप देने के दौरान निर्धारित किए जाते हैं. बैंक के एफ आईपी के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष में 1554 के लक्ष्य की तुलना में 1772 ग्रामीण शाखाएं खोली गई है. आपके बैंक को बैंकिंग रहित ग्रामीण क्षेत्र में भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत किए गए विकेंद्रित एफआईपी के अनुसार 334 शाखाएं खोलने हेतु वार्षिक लक्ष्य दिया गया था, जिसे वित्तीय वर्ष 2014 में 430 शाखाएं खोलकर आसानी से प्राप्त कर लिया है.

वित्तीय समावेशन के तहत बैंक की नई पहलें

कियोस्क बैंकिंग मॉडल

कियोस्क बैंकिंग मॉडल का शुभारंभ श्री एस.एस. मूंदडा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा आपके बैंक के 106वें स्थापना दिवस अर्थात 20 जुलाई, 2013 को 1000 कियोस्क खोलकर किया गया. आपके बैंक ने सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससीएस) के साथ व्यवस्था की है ताकि कियोस्क केंद्र चलाने के लिए आपके बैंक के व्यवसाय प्रतिनिधि के रूप में उनकी सेवाएं ली जा सकें. सामान्य सेवा केंद्र आईटीसी इनबिल्ड होते हैं. जो सरकारी, वित्तीय, सामाजिक, निजी क्षेत्र की सेवाएं देने, कृषि क्षेत्र, स्वास्थ्य , शिक्षा, मनोरंजन, बैंकिंग बीमा, पेंशन, उपयोगिता भुगतान आदि में ग्रामीण स्तर व शहरी केंद्रों में डिलीवरी के लिए प्रारंभिक सेवा सुपुर्दगी केंद्र के रूप में कार्य करते हैं. आपके बैंक ने भी शहरी/ग्रामीण केंद्रों में ही बैंकिंग कियोस्क हेतु अन्य सेवा प्रदाताओं को ऐसे भी जोडा है. ये कियोस्क, कियोस्क ऑपरेटर के कंप्यूटर सिस्टम/लैपटॉप से वेब आधारित कनेक्टीविटी के जरिए आपके बैंक के सीबीएस के साथ जुडे रहेंगे.

शहरी वित्तीय समावेशन

ग्रामीण व्यक्ति वित्तीय समावेशन प्रयासों का मुख्य केंद्र रहे हैं क्योंकि गांवों का अधिकांश भाग अभी भी बैंकिंग रहित है. गांव तथा दूर दराज के क्षेत्रों में रह रहे व्यक्तियों के अलावा शहरी गरीब अभी भी सामान्य वित्तीय उत्पादों तथा सेवाओं जैसे बचत, ऋण, रेमिटेंस तथा बीमा तक पहुंच नहीं पाए हैं और अपने निजी स्वास्थ्य तथा जीविका संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए दूसरे साधन अपनाने को मजबूर हैं, उनमें से बहुत से प्रवासी मजदूर खोमचेवाले तथा झोपडपट्टी वाले मजदूर होते हैं जो रोजी रोटी की तलाश में अपना गांव छोड देते है. वित्तीय समावेशन के तहत उन्हें कवर करने के लिए भारत सरकार के एसएलबीसी फोरम के जरिए सभी राज्यों में एक अभियान चलाया गया है ताकि इन असुरक्षा वाले समूहों को वित्तीय प्रणाली की मुख्य धारा से जोडा जा सके. आपके बैंक ने देश के विभिन्न केंद्रों पर शहरी कियोस्क की शुरुआत की है. श्री एस.एस.मूंदडा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने दिनांक 19 जनवरी, 2014 को मध्य प्रदेश के हरदा जिले के अबगांवकला में शहरी कियोस्क का शुभारंभ किया. 31 मार्च, 2014 तक आपके बैंक ने देश के विभिन्न भागों में 1000 से अधिक शहरी कियोस्क स्थापित किए हैं.

इन्दौर क्षेत्र के हरदा जिले में वित्तीय समावेशन कार्यक्रम के दौरान श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा अन्य उच्चाधिकारी

वित्तीय समावेशन के तहत प्रस्तुत उत्पाद

अंतर्निहित ओडी सुविधा सहित बेसिक बचत बैंक जमा खाता

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार यह उत्पाद विशेष रूप से सरल केवायसी मानदंडों के साथ वित्तीय समावेशन वाले गावों के व्यक्तियों हेतु बनाया गया है. यह खाता बिना कोई राशि जमा किए खोला जा सकता है इस पर कोई दंड नहीं लगता और व्यवसाय प्रतिनिधि के माध्यम से खोला जाएगा. इस योजना के अंतर्गत ₹ 10,000/- तक की ओवरड्रॉफ्ट सुविधा उपलब्ध है. ग्राहक द्वारा खाता खोलने पर तत्काल ₹ 250/- का ओवरड्रॉफ्ट प्राप्त हो जाता है तथा ₹ 10,000/- तक की उच्च राशि की ओवरड्रॉफ्ट सुविधा की उपलब्धता खाते की संचालन स्थिति से जुड़ी हुई है.

आवर्ती जमा (आरडी) खाता

यह एक मनी बैंक आरडी सुविधा है जो चलनिधि प्रदान करने के लिए वित्तीय समावेशन खाता धारकों हेतु विधिवत बनाई गई है. यह उत्पाद मनी बैक सुविधा देता है, छः माह की समाप्ति पर, जमाकर्ता की आवश्यकता के अनुसार खाते में बकाया जमा राशि के 50.0% के समतुल्य राशि का वापस भुगतान किया जा सकता है.

बड़ौदा किसान क्रेडिट कार्ड (बीकेसीसी)

यह उत्पाद किसानों के लिए है जो उनकी आवश्यकताओं जैसे उत्पादन ऋण, निवेश ऋण, पर्सनल ऋण आवश्यकताओं और उपभोक्ता आवश्यकताओं को कवर करता है. यह ऋण सीमा का उपयोग करने में फ्लैक्सीबल है. उदाहरणतः वह वर्ष के दौरान अपनी आवश्यकतानुसार ऋण सीमा का उपयोग कर सकता है.

बड़ौदा जनरल क्रेडिट कार्ड (बीजीसीसी)

आपके बैंक की शाखाओं के माध्यम से बीजीसीसी कार्यान्वित किया गया है. इस योजना के अंतर्गत ऋण सुविधा प्रदान की जाती है. जिसके अंतर्गत उद्यमी की कार्यशील पूंजी तथी मीयादी ऋण आवश्यकताएं शामिल हैं.

बड़ौदा स्वाभिमान सुरक्षा (कम प्रीमियम वाला बीमा)

आपके बैंक ने इंडिया-फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के साथ समन्वय करके वित्तीय समावेशन ग्राहकों के लिए कम प्रीमियम वाला एक जीवन बीमा उत्पाद भी शुरु किया है. यह ग्राहकों को पांच वर्ष की अवधि हेतु 20.88 प्रति हजार के सिंगल प्रीमियम पर ₹ 5,000/- से ₹ 50,000 तक का कवर लेने की आसान सुविधा देता है.

वित्तीय साक्षरता - सफल वित्तीय समावेशन का मूल सिद्धांत

वित्तीय समावेशन का वांछित उद्देश्य केवल तभी प्राप्त किया जा सकता है जब बैंक गांवों से समान प्रतिक्रिया प्राप्त करने में समर्थ हों. ग्रामीणों से अनुकूल प्रतिक्रिया के उद्देश्य से बैंक को उन्हें विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं और इनके लाभ की जानकारी देने की आवश्यकता है. दूसरे शब्दों में, वित्तीय साक्षरता किसी बैंक की वित्तीय समावेशन की मूल पहल की सफलता कारक होगी. इसलिए वित्तीय समावेशन के सभी घटकों को परस्पर सहयोग विकसित करने की आवश्यकता है जो केवल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए ही नहीं, बल्कि जहां भी कोई बैंक वित्तीय समावेशन कार्यक्रम का क्रियान्वयन कर रहा है, वित्तीय साक्षरता के माध्यम से जन समुदाय में बैंकिंग और बैंकिंग उत्पादों संबंधी जागरुकता पैदा की जा सकती. आपके बैंक की लिंक शाखाएं विभिन्न फोरमों पर गांव के निवासियों को बैठकों / सम्बोधन के जरिए वित्तीय साक्षरता अभियान चला रही है.

वित्तीय समावेशन से संबंधित चित्र पुस्तक के शुभारंभ के अवसर पर श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

आपके बैंक ने देश के ग्रामीण हिस्सों में वित्तीय साक्षरता की दिशा में निम्नलिखित प्रमुख पहलें की है.

बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आरसेटी) बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान 2003 में बैंक द्वारा बनाया गया एक ट्रस्ट है जो ग्रामीण और अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण देने और उनका उद्यम स्थापित करने में मदद कर रहा है. आपके बैंक ने पूरे देश में 47 ऐसे केंद्र स्थापित किए हैं वित्तीय वर्ष 2014 के दौरान इन केन्द्रों में 33,974 युवा हितग्राहियों को प्रशिक्षित किया गया. इनमें से 22,297 प्रशिक्षणार्थियों ने सफलतापूर्वक अपने उद्यम स्थापित कर लिए हैं. प्रशिक्षणार्थी तथा व्यवसाय स्थापित करने वालों का सेटलमेंट अनुपात 65.63% था.

पूरे देश में लगभग 46 **वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केंद्र (एफएलसीसी) 'सारथी'** कार्यरत हैं. इन वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केंद्रों के प्रारंभ से अब तक लगभग 19731 व्यक्ति इन केंद्रों में परामर्श हेतु आए और 10460 प्रकरणों में, समाधान उपलब्ध कराए गए हैं.

लगभग 52 **बड़ौदा ग्रामीण परामर्श केंद्र** ग्रामीण क्षेत्रों में मूल्यवर्द्धित सेवाओं और विकास गतिविधियों हेतु वित्तीय शिक्षा, ऋण परामर्श, तकनीकी मामलों पर सूचनाओं के आदान-प्रदान करने उन्हें सुलझाने, अन्य संगठनों के साथ संयोजन एवं संपर्क की सुविधा दे रहे हैं.

मोबाइल माइक्रो फाइनेंस लोन फैक्ट्री, एसएचजी- बैंक लिंकेज कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को उनकी दहलीज पर ऋण एवं बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने, अधिकतम चार दिन में परेशानी मुक्त और शीघ्र ऋण डिलीवरी सुनिश्चित करने एवं एसएचजी को सहूलियत से ऋण देने के उद्देश्य से स्थापित की गई है.

''बीवायएसटी- बॉब उद्यम-वृत्ति उद्यमी विकास कार्यक्रम'' (बीवायएसटी) ऋण, व्यवसाय सलाहकार, प्रशिक्षण नेटवर्किंग एवं मार्केटिंग के रूप में वंचित युवा एवं गतिशील उद्यमियों को सम्पूर्ण माइक्रो समाधान उपलब्ध कराता है.

प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), एलपीजी सब्सिडी हेतु, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटीएल)

भारत सरकार तथा राज्य सरकारें विभिन्न सरकारी प्रायोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत लाभार्थियों को विभिन्न सब्सिडी, पेंशन, छात्रवृत्ति, मनरेगा भुगतान आदि देती है. इनमें से बहुत से भुगतान नकद वितरण प्रणाली के माध्यम से दिए जाते हैं. इस पद्धति में मौजूदा विसंगतियों को ध्यान में रखकर, संबंधित सरकारी विभाग ने योजना बनाई कि इस प्रकार के भुगतान को इलेक्ट्रानिक पद्धति से लाभार्थी के खाते में प्रत्यक्ष जमा किया जाए. डीबीटी भुगतान के अंतर्गत अब तक 34 प्रकार की सरकार की योजनाओं का निर्धारण हुआ है. फिलहाल सरकार ने 121 जिलों में डीबीटी योजना लागू की है. इसके अलावा भारत सरकार ने उत्पादकों को अप्रत्यक्ष रूप से सब्सिडी देने के स्थान पर, सब्सिडी एलपीजी गैस सिलेंडर के घरेलू उपभोक्ताओं को सीधे डीबीटी योजना के जरिए देने का निर्णय लिया है. डीबीटीएल योजना जुलाई 2013 से चरणबद्ध रूप में 291 जिलों में शुरु की गई है. यह अपेक्षा की जाती है कि डीबीटी/डीबीटीएल पद्धति से वितरण में चोरी और विसंगतियां दूर की जा सकेगी और इससे सरकार तथा लाभार्थी दोनों को लाभ होगा. आपके बैंक ने डीबीटी/डीबीटीएल की शुरुआत के लिए ग्राहक के खातों के साथ आधार लिंक सुविधा विकसित की है. आपके बैंक ने डीबीटी/डीबीटीएल के लिए निर्धारित जिलों में लाभार्थियों के खाते खोलने तथा उन्हें आधार से जोड़ने हेतु कैंप आयोजित किए हैं. आपके बैंक की शाखाएं डीबीटीएल लाभार्थियों से इन जिलों में, जिनका निर्धारण डीबीटीएल हेतु हुआ है, उनके खाते खोलने तथा उन्हें आधार से जोड़ने हेतु उनसे संपर्क कर रही है जो शाखा के नजदीक रहते हैं.

वित्तीय वर्ष 2014 में वित्तीय समावेशन के अंतर्गत बैंक की उपलब्धियां

- आपके बैंक ने 11,124 गावों के लक्ष्य की तुलना में 14,161 गावों को कवर किया है.
- आपके बैंक ने 63.74 लाख के लक्ष्य की तुलना में 74.66 लाख **बेसिक बचत बैंक जमा खाते** खोले जिसमें से 18.71 लाख खाते व्यवसाय प्रतिनिधि के माध्यम से खोले गए.

- आपके बैंक में बेसिक बचत बैंक जमा खातों में लगभग ₹1918 करोड़ बकाया शेष है.
- आपके बैंक ने बेसिक बचत बैंक जमा खातों में ₹6.22 करोड़ के लक्ष्य की तुलना में ₹11.31 करोड़ का ओवरड्राफ्ट मंजूर किया है.
- आपके बैंक ने बीसी मॉडल के कार्य को सुदृढ़ता प्रदान करने के लिए 2000 से अधिक की आबादी वाले गांवों में 2584 अल्ट्रा स्मॉल शाखाएं खोली हैं.
- आपके बैंक ने मार्च 2016 तक 21526 गांवों के लिए एफआईपी को क्रियान्वित करने के लिए शाखा स्तर तक पृथकीकरण योजना अनुमोदित की है.
- आपके बैंक ने सारे देश में मेट्रो व शहरी केंद्रों के विभिन्न स्थानों पर 1000 से अधिक कियोस्क खोलकर शहरी वित्तीय समावेशन ड्राइव की शुरुआत की है.
- साथ ही, आपके बैंक के वित्तीय वर्ष 2014 के लिए पृथकीकरण एफआईपी के अंतर्गत सभी लक्ष्यों को पार कर लिया है.

अंतर्राष्ट्रीय परिचालन

वर्ष 2013-14 के दौरान विश्व की अर्थव्यवस्था में वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रही. जबकि यूरो क्षेत्र में दीर्घकालिक मंदी अंततः समाप्त हो गयी. यूनाइटेड स्टेट भी आर्थिक दृष्टि से कुछ हद तक सुदृढ़ हुआ. कुछ उभरती हुई अर्थव्यवस्थाएं जैसे भारत जो पिछले दो वर्षों से मंदी झेल रही थी उनमें सामान्य रूप से सुधार हुआ. अंतर्राष्ट्रीय कार्य क्षेत्र में आपके बैंक का कार्यनिष्पादन निरंतर उल्लेखनीय रहा और यह सुदृढ़ हुआ. आपके बैंक के अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों में अनुकूल व्यवसाय तथा लाभप्रदत्ता में वृद्धि बनी रही.

मुंबई में व्यावसायिक नीति निर्देश 2013-14 (अन्तर्राष्ट्रीय परिचालन) के विमोचन के अवसर पर श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और अन्य पदाधिकारी

आपके बैंक ने विश्वभर में ग्राहकों को सेवाएं प्रदान कर एक प्रमुख भारतीय बैंक के रूप में अपनी मार्केट पोजीशन बनाए रखी. विदेशी केंद्रों ने अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में अवसरों का लाभ उठाने के लिए लगातार टीम के रूप में कार्य करना जारी रखा. ग्राहकों को संतुष्टि प्रदान करने के लिए आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर में नई पहल की गई. आपके बैंक ने यू.ए.ई, तंजानिया तथा युगांडा तीन देशों में प्रत्येक में एक-एक शाखा खोलकर अपनी उपस्थिति का और विस्तार किया.

व्यवसाय व लाभ कार्यनिष्पादन

वित्तीय वर्ष 2014 के दौरान बैंक की विदेशी शाखाओं ने कुल व्यवसाय में 33.3% की वृद्धि दर्ज की जबकि ग्राहक जमाराशियों में 33.2%, कुल जमाराशियों में 43.6%, अग्रिमों में 20.2% की वृद्धि दर्ज हुई.

वित्तीय वर्ष 2014 के दौरान आपके बैंक के वैश्विक कारोबार में अंतर्राष्ट्रीय परिचालन ने 32.6% का महत्वपूर्ण योगदान दिया.

अपनी कार्यालयीन यूगांडा विजिट के दौरान श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बैंक ऑफ़ यूगांडा के गवर्नर श्री टी. ई. मुतेबिल के साथ

कुल आस्तियां

आपके बैंक के अंतर्राष्ट्रीय परिचालन की कुल आस्तियों में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 39.1% की उल्लेखनीय वृद्धि हुई. ये आस्तियां मार्च 2013 को समाप्त अवधि को ₹1,66,460 करोड़ से बढ़कर मार्च 2014 में ₹ 2,31,552 करोड़ हो गई.

लाभ

धीमी वृद्धि तथा मार्जिन बनाए रखने पर दबाव के बावजूद इस अवधि में भी आपका बैंक वित्तीय वर्ष 2014 में पिछली वर्ष के समान ही सकल लाभ के स्तर को बनाए रखने में सफल रहा. यह विदेशी परिक्षेत्र द्वारा किए गए सकारात्मक उपायों तथा बदलते परिवेश में अनुकूलन क्षमता के कारण हुआ है. वर्ष के दौरान शुद्ध लाभ में 22.2% की वृद्धि हुई.

बैंक के वैश्विक शुद्ध लाभ में अंतर्राष्ट्रीय परिचालन का योगदान 25.4% रहा.

विदेशी परिचालन में आस्ति गुणवत्ता

बैंक की समग्र स्थिति को निर्धारित करने में आस्ति गुणवत्ता बहुत ही महत्वपूर्ण है. आपके बैंक के पास विदेशी केंद्रों पर ऋण पोर्टफोलियो तथा ऋण प्रबंधन संबंधी कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सक्षम ऋण मॉनीटरिंग प्रणाली है.

अभी हाल के वर्षों में वैश्विक मंदी ने विश्व अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों को प्रभावित किया है. इससे मजबूत आस्ति गुणवत्ता पर दबाव बढ़ गया है. आपके बैंक के विदेशी परिक्षेत्रों में दबावग्रस्त तथा पुनर्गठित खातों की मॉनीटरिंग लगातार की जा रही है.

वित्तीय वर्ष 2014 के दौरान निवल अग्रिमों में पिछले वर्ष की तुलना में 20.2% की बढ़ोत्तरी हुई. आपके बैंक ने आस्तियों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए बेहतर प्रयास किए. मार्च 2014 में अंतर्राष्ट्रीय परिचालन का सकल एनपीए प्रतिशत अंतराष्ट्रीय परिचालनों के कुल अग्रिमों का मार्च 2014 में

1.57% था जबकि मार्च 13 में यह 1.37% था.

आपके बैंक की अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति

आपके बैंक की अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति अपनी 102 शाखाओं /कार्यालयों के साथ 24 देशों में निम्नानुसार है.

विवरण	संख्या
बैंक की ओवरसीज शाखाएं/कार्यालय	60
बैंक के प्रतिनिधि कार्यालय	1
बैंक की विदेशी अनुषंगियों की शाखाएं	41
कुल	102

बैंक के निम्नलिखित संयुक्त उपक्रम / सहयोगी इकाइयां भी हैं:

1. इंडो जाम्बिया बैंक लि, जाम्बिया में 25 शाखाएं
2. इंडिया इंटरनेशनल बैंक (मलेशिया) बीएचडी, मलेशिया में 1 शाखा

वित्तीय वर्ष 14 में विदेशी विस्तार

वित्तीय वर्ष 2014 के दौरान आपके बैंक ने 3 नई शाखाएं/कार्यालय खोले. वर्ष के दौरान शाबिया यू.ए.ई में इलएक्ट्रानिक बैंकिंग सर्विस यूनिट परिचालित की गई. इसके अलावा करियाकू, तंजानिया में तथा कोलोलो यूगांडा में दो शाखाएं खोली गई.

विदेशी व्यवसाय हेतु भावी योजनाएं

बैंक का परिचालन मजबूत करने तथा मार्केट शेयर में सुधार/बनाए रखने की दृष्टि से आपके बैंक ने उन देशों में भी विस्तार की योजना बनाई है जहां वह पहले से ही विद्यमान है. आपके बैंक ने व्यवसाय की लाभप्रद वृद्धि हेतु अवसर प्रदान करने के लिए नए देशों में भी उपस्थिति दर्ज करने की योजना बनाई है.

आबू धाबी, यूएई में शाबिया स्थित बैंक की नई इलेक्ट्रानिक बैंकिंग यूनिट का उद्‌घाटन करते हुए श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

यू.ए.ई., यूके, केन्या, तंजानिया तथा घाना में नेटवर्क का विस्तार करने के लिए आवश्यक मूलभत संरचना तैयार की जा रही है.

भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विदेशी विस्तार के संबंध में वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी किए गए विभिन्न निर्देशों के अनुसार ही विदेशी विस्तार पर विचार किया जाता है.

विदेशी परिचालन में सिंडीकेशन सेंटर

आपके बैंक का लंदन में ग्लोबल सिंडीकेशन सेंटर और दुबई एवं सिंगापुर में रीजनल सिंडीकेशन सेंटर स्थित है. जहां अंतर्राष्ट्रीय बाजार के सिंडीकेशन ऋणों के व्यवसाय पर ध्यान केंद्रित किया जाता है. आपके बैंक ने कार्पोरेट कार्यालय, मुंबई में एक अंतर्राष्ट्रीय मर्चेंट बैंकिंग कक्ष (आईएमबीसी) स्थापित किया है जो मुख्य रूप से भारतीय कार्पोरेट्स की आवश्यकताओं को पूरा करता है. साथ ही साथ भारतीय कार्पोरेट्स से व्यवसाय कैनवास करने के लिए रीजनल सिंडीकेशन सेंटर की सहायता भी करता है. आपका बैंक सिंडीकेशन लोन मार्केट एवं ऋण ओरिजिनेशन भागीदारी में भी सक्रिय रहा है.

विदेशी व्यवसाय - उत्पाद और सेवाएं

आपका बैंक विभिन्न परिचालन क्षेत्रों में देश-विदेश के लिए स्थानीय जरुरतों के अनुसार आवश्यकतानुरूप उत्पाद और सेवाएं प्रदान कर रहा है. आपका बैंक अंतर्राष्ट्रीय मार्केट की व्यवसाय, आवश्यकताओं के अनुरूप ही अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में उत्कृष्ट उत्पाद और सेवाएं प्रदान कर रहा है.

आपके बैंक में अपनी सभी ओवरसीज शाखाओं और अनुषंगियों के लिए एक सिंगल कोर सोल्यूशन उपलब्ध है. यह नए उत्पादों और सेवाओं की जानकारी देने की सुविधा देता है तथा परिचालन वाले देश के ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप तबदीली/सुधार करने में भी सहायता करता है.

विदेशी टैरीटरीज में प्रौद्योगिकी

- 31 मार्च, 2014 को समाप्त अवधि में विदेशी कार्यालयों एवं अनुषंगियों में एटीएम की संख्या बढ़कर 91 हो गई है. (55 ऑनसाइट एवं 36 ऑफसाइट) जो 31 मार्च, 2013 को 89 (54 ऑनसाइट एवं 35 ऑफसाइट) थी.
- डेबिट कार्ड/एटीएम कार्ड जारी करने का कार्य 10 विदेशी टेरीटरीज/ अनुषंगियों में कार्यान्वित किया गया है. जिनमें से 4 टेरीटरीज / अनुषंगियों ग्लोबल पेमेंट टेक्नोलॉजी कंपनी 'मै. वीसा' के साथ टाई-अप की व्यवस्था की हुई है. इसी क्रम में ओमान टेरीटरीज, गयाना, यूंगाडा तथा केन्या सब्सिडीयरीज में वीसा प्राधिकृत करने का कार्य प्रगति पर है.
- बहुत सी टेरीटरीज /सब्सिडीयरीज में चिप आधारित यूएई टैरीटरीज में ई.एम.वी (चिप काड्र्स) का कार्यान्वयन पूरा हो चुका है तथा ओमान व मॉरीसस में कार्यान्वयन का कार्य प्रगति पर है.
- इंटरनेट बैंकिंग (बड़ौदा कनेक्ट) 14 विदेशी टेरीटरीज/अनुषंगियों में कार्यान्वित की गई है. यथा 1. यू.ए.ई. 2. यूनाईटेड किंगडम 3. ओमान 4. मॉरिशस 5. फिजी 6. सैशल्स 7. आस्ट्रेलिया (व्यू) 8.केन्या 9. यूगांडा 10. बोत्सवाना 11. न्यूजीलैंड 12. घाना 13. तंजानिया (व्यू बेस्ड) 14. यू.एस.ए (व्यू बेस्ड). इस वित्तीय वर्ष में यू.एस.ए टैरीटरी को जोड़ा गया. त्रिनिदाद व टोबेगो के लिए इंटरनेट बैंकिंग कार्यान्वयन प्रगति पर है तथा गुयाना सब्सिडीयरीज में इसे अगले वित्त वर्ष लागू किया जाएगा.
- फ्रॉड मेनेजमेंट सोल्यूशन (2एफए), न्यूजीलैंड, यू.ए.ई, यू.के. यूगांडा तथ केन्या की इंटरनेट बैंकिंग मैं कार्यान्वित कर दिया है तथा ई-बैंकिंग स्मार्ट फोन इन टेरीटरीज/अनुषंगियों के लिए इनेबल कर दिए है. बोत्सवाना, फिजी, ओमान, मारिशस, सैशल्स तथा घाना परिक्षेत्रों / अनुषंगियों में एफएमएस कार्यान्वयन प्रगति पर है.

- सभी टैरीटरीज/अनुषंगियों के लिए (यू.एस.ए. को छोडकर) केंद्रीकृत स्विफ्ट गतिविधि का क्रियान्वयन पूरा किया जा चुका है और यह डाटा सेंटर से परिचालित की जा रही है. यू.एस. टैरीटरीज ने स्विफ्ट कार्यकलापों की प्रोसेसिंग के लिए मै. फंडटैक के साथ आउटसोर्सिंग करार किया है.

- वित्तीय वर्ष 2014 के दौरान एएमएल इरैज (बैच मोड) सोल्यूशन को आस्ट्रेलिया में कार्यान्वित किया है. एएमएल इरेज सोल्यूशन अब सभी विदेशी परिक्षेत्रों/अनुषंगियों यू.एस. के अलावा में उपलब्ध है. यूएस टैरीटरीज ने ऑनलाइन एएमएल तथा ओएफएसी स्केनिंग के लिए मै. फंडटेक के साथ आउटसोर्सिंग करार किया है. ऑनलाइन लेन-देन संबंधी जांच प्राइम कंप्लांइस सूट के माध्यम से की जाती है.

- इस वित्तीय वर्ष में ग्लोबल ट्रेजरी सॉल्यूसन डीआईएफसी दुबई में कार्यान्वित किया गया. अब जीटीपी सोल्यूशन, यू.एस., यू.के., बहामास, बहरीन, हांगकांग, सिंगापुर, बेल्जियम तथा डीआईएफसी दुंबई में उपलब्ध है.

- चेक ट्रंकेशन व ऑटोमैटेड क्लीयरिंग हाउस का कार्यान्वयन त्रिनिदाद व टोबेगो, सैशल्स तथा बोत्सवाना में चल रहा है.

- विदेशी टैरीटरीज/अनुषंगियों में सभी संव्यवहारों के लिए एम एम एस भेजने का कार्य अंतिम रूप ले चुका है. 6 टैरीटरीज /अनुषंगियों (फिजी, गुयाना, यूगांडा, बोत्सवाना, चीन तथा केन्या) के लिए कार्यान्वयन चल रहा है.

- विंडो एक्स पी के लिए टैक्नीकल सपोर्ट बंद हो जाने की दृष्टि से आपके बैंक ने अपने विदेशी टेरीटरीज/अनुषंगियों के सभी पीसी/एटीएम में माइक्रो विंडो एक्स पी से माइक्रो विंडो 7 में माईग्रेशन की प्रक्रिया शुरु कर दी है.

श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा न्यूयार्क शाखा में इन्टरनेट बैंकिंग सेवाओं का प्रतीकात्मक शुभारंभ

विदेशी परिचालनों में जोखिम प्रबंधन

अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग परिदृश्य में व्याप्त अतिरिक्त जोखिम से निपटने के लिए आपका बैंक विदेशी केंद्रों पर एक मजबूत जोखिम प्रबंधन पद्धति रखता है. क्रेडिट, मार्केट व परिचालन जोखिमों से निबटने के लिए अलग से जोखिम प्रबंधन विभाग की स्थापना की गई. विदेशी केंद्रों पर जोखिम प्रबंधन में विशेषज्ञ श्रेणी के जोखिम प्रबंधक रखे गए हैं.

31 मार्च 2008 से आपके बैंक के सभी विदेशी कार्यालयों पर बासेल II दिशानिर्देशों को कार्यान्वित किया गया था और आपके बैंक ने ऋण जोखिम हेतु मानकीकृत दृष्टिकोण बाजार जोखिम हेतु मानकीकृत आवधिक पद्धति एवं परिचालनगत जोखिम हेतु बेसिक इंडिकेटर पद्धति को अपना लिया है.

आंतरिक क्रेडिट रेटिंग हेतु बॉब रैम मॉडल को विदेशी केन्द्रों में कार्यान्वित किया गया है. इसने अग्रिम खातों से संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करके क्रेडिट मॉनिटरिंग प्रकिया को और अधिक सशक्त किया है.

आपके बैंक के सभी विदेशी केंद्रों पर आस्ति वर्गीकरण एवं ऋण मॉनिटरिंग हेतु एक विशेष मॉडल कार्यान्वित किया गया है.

विदेशी परिचालनों में विनियामक अनुपालन

आपके बैंक की प्रतिष्ठा एक नियमपालक बैंक के रूप में रही है. संबंधित देशों के विनियामक मानदंडों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए विदेशी केंद्रों पर समर्पित अनुपालना अधिकारी पदस्थ किए गए हैं.

सुव्यवस्थित अनुपालना ढांचा सुनिश्चित करता है कि बैंक के अनुपालन संबंधी मुद्दे समय से निपटाए जाते हैं. अनुपालना मामलों की देख-रेख के लिए आपके बैंक ने विदेशी केंद्रों पर समर्पित अधिकारियों को पदस्थ किया है जिनके कौशल में प्रशिक्षण एवं अन्य तरीकों से लगातार वृद्धि की जाती है. आपका बैंक अनुपालना को केवल विनियामक आवश्यकता के रूप में ही नहीं देखता बल्कि अपनी तथा अपने शेयरधारकों के हित और प्रतिष्ठा की सुरक्षा के रूप में लेता है.

सभी विदेशी कार्यालयों/अनुषंगियों के लिए उनकी संबंधित विनियामक आवश्यकताओं के अनुसार बैंकिंग के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नीति/नियम बने हैं. विनियामक दिशानिर्देशों एवं आवश्यकताओं के अनुरूप अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए इनकी समय-समय पर समीक्षा की जाती है.

ट्रेजरी परिचालन

आपके बैंक में बड़ौदा सन टॉवर कार्पोरेट कार्यालय, मुंबई में अति आधुनिक डीलिंग रूम कार्यरत है. इस डीलिंग रूम के माध्यम से आपका बैंक ट्रेजरी परिचालनों को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है तथा मार्केट में नवीनतम सूचनाओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चलता है. आपके बैंक का ट्रेजरी डिवीजन घरेलू परिचालन का कार्य संचालित करता है तथा विभिन्न मार्केट कार्यकलापों जैसे विदेशी मुद्रा, ब्याज दरें, सावधि आय, डेरीवेटिव्स, इक्विटी और अन्य वैकल्पिक आस्ति श्रेणियों का कार्य देखता है. आपका बैंक अपने ग्राहकों को कई वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए अति आधुनिक प्रौद्यिगिकी प्लेटफार्म का उपयोग करता है. इन सेवाओं में ब्याज दर स्वैप, मुद्रा स्वैप, वायदा एवं आप्शन सुविधाएं शामिल हैं.

संपूर्ण देश में विदेशी मुद्रा संव्यवहार करने वाली प्राधिकृत शाखाओं के ग्राहकों की जरुरतों की पूरा करने के लिए एक अति आधुनिक स्वचालित डीलिंग प्रणाली स्थापित की गई है. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बिजनेस प्रोसेस री इंजिनीयरिंग के रूप में डीआईएफएस, दुबई में ग्लोबल ट्रेजरी सोल्यूशन सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया गया.

2013 की गर्मी के मौसम के दौरान विश्वव्यापी उभरते बाजारों में यू.एस. के आउटफ्लो की संभाव्यता मात्रात्मक रूप में कम होने की संभावना थी. भारतीय बाजारों ने पोर्टफोलियों निवेश के प्रमुख आउटफ्लो को महसूस किया. खासकर डेट सेंगमेंट जो पहली छमाही के दौरान तेजी

से घटता-बढ़ता रहा. जिसके फलस्वरूप चालू खाता घाटा प्रतिकूल होने के साथ-साथ डेट व इक्विटी मार्केट से बहिर्गमन पोर्टफोलियो चिंताजनक बना रहा. अगस्त 2013 में रूपए का अवमूल्यन 68.84 तक पहुंच गया. डेट सेगमेंट में आवक लाने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने रिपो दर तथा मार्जीनल स्टैन्डिंग फैसिलटी दर 200 आधार अंक तथा परिचालित मनी मार्केट दर एमएसएफ 10.25% तक बढ़ा दी. अधिशेष एस एल आर प्रतिभूतियों के पेटे एलएएफ रिपो के तहत निधियों का समग्र आबंटन बैंकिंग पद्धति से शुद्ध मांग व समय देयता (एनडीटीएल) को 0.50% तक सीमित कर दिया. इसी क्रम में बैंकों के लिए अपेक्षित था कि वे अपनी कुल आवश्यकताओं का न्यूनतम 99.0% (पहले 70%) सीआरआर बनाए रखें.

बाह्य परिस्थियों के स्थिर होने के पश्चात अस्थाई उपायों को वापस लेते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक ने सीपीआई पर निरंतर दबाव को कम करके रेपो दर में 75 आधार अंकों को बढ़ोत्तरी कर इसे 8% कर दिया.

आपका बैंक पहले दो माह में तेजी से हुई गिरावट और बाद में बढ़ोत्तरी होने पर उपलब्ध अवसरों और बैंक के निर्धारित आय निवेश को बड़ी चतुराई से संचालित करने में सफल रहा. आपके बैंक ने पोर्टफोलियों में बांड को जोडने हेतु उच्चतर बांड प्रतिफल से दिए गए अवसरों का उपयोग किया तथा निवेश पर औसतन प्रतिफल बढ़ाया. देशी एसएलआर निवेशों पर प्रतिफल 7.85% था. वित्तीय वर्ष 14 के दौरान आपके बैंक की ट्रेजरी ने ब्याज /बट्टा आमदनी के रूप में ₹ 9793 करोड़ अर्जित किए जबकि निवेश और विनियम अर्जन से लाभ क्रमशः ₹ 732/- तथा ₹ 575/- करोड़ रहा.

आपके बैंक की ट्रेजरी अपने वर्तमान उत्पादों जैसे ब्याज दर स्वैप (आईआरएस) करेंसी स्वैप (सीआईआरएस) फारवर्ड एवं ऑप्शन के आधार पर ब्याज दरें और विदेशी मुद्रा जोखिमों को कम करने के लिए अपने ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप समाधान प्रदान करती है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों को प्रदान की गई. विशेष स्वैप विडों के अंतर्गत एफसीएनआर जमा राशियों तथा टियर I पूंजी के पेटे, भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ यूएसडी स्वैप अंडरटेकिंग द्वारा सक्रिय रूप से निधियां अर्जित की. ब्याज दर स्वैप तथा करेंसी ऑप्शन कार्पोरेट के लिए ब्याज दर तथा करेंसी बचाव के लिए प्रयुक्त की जाती है. आपके बैंक ने ट्रेजरी डीलिंग, 10 वाई बेंच मार्क सरकारी प्रतिभूति पर आधारित एक्सचेंज ट्रेडैड कैश सेटल्ड इंट्रेस्ट रेट फ्यूचर्स में शुरू की है और मार्केट में एक बडे खिलाडी के रूप में उभरा है. आस्ति श्रेणी के बीच जिसमें मनी मार्केट , सीबीएलओ, कॉल मार्केट रिपो, सरकारी प्रतिभूतियां तथा फॉरेक्स मार्केट शामिल हैं, उपलब्ध अंतरण सुविधाओं का प्रभावी रूप से उपयोग किया.

वित्त वर्ष 14 की दूसरी छमाही में, विदेशी संस्थागत निवेशों की आवक, सरकार द्वारा घोषित सुधार संबंधी पहलों और अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मूलभूत सुधार के कारण इक्विटी मार्केट के सेंटिमेंट में सुधार रहा. ट्रेजरी के इक्विटी अनुभाग ने अपने पोर्टफिलियों का सक्रियता से उपयोग किया और नियमित अंतराल पर जब भी बाजार में अवसर मिला, मुनाफा कमाया.

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विदेशी मुद्रा अनुभागों में आपके बैंक की ट्रेजरी ने विदेशी मुद्रा अनुभाग बाजार के बड़े भागीदारों में अपना स्थान बनाए रखा. प्रोप्राइटरी ट्रेडिंग अनुभाग, बाजार की अस्थिरता का उपयोग कर उपलब्ध ऑबिट्रेज को भुनाने में सक्रिय था और भारतीय बाजार को प्रभावित कर रही कठिन चलनिधि स्थिति में संसाधनों का संग्रहण किया.

आपके बैंक का ट्रेजरी मिड ऑफिस निदेशक मंडल द्वारा निर्धारित बाजार एक्स्पोजर सीमा को वास्तविक समय के आधार पर मॉनिटर करता है. वैल्यू एट रिस्क (बीएआर) जोखिम प्रबंधन पैरामीटर सहित सभी पोर्टफोलियों पर बाजार जोखिम को आकलित करने के लिए प्रयोग में लाया जाता है. इन उपायों को जोखिम नंबरों पर बैक टेस्टिंग के साथ समर्थित रखा जाता है और करेंसी पोर्टफोलियों तथा विभिन्न निवेशों की स्ट्रैस टेस्टिंग की जाती है.

कार्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर)

श्री राजीव एस साहू (दाएं से दूसरे) निदेशक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, श्री नवीन पटनायक (दाएं) माननीय मुख्य मंत्री, उड़ीसा राज्य को चेक सौंपते हुए. साथ में हैं श्री एस. के. शॉ, महाप्रबंधक, बिहार, उड़ीसा एवं झारखंड अंचल, श्री जी. बी. पंडा, उप महाप्रबंधक, उड़ीसा क्षेत्र

एक जिम्मेदार कार्पोरेट नागरिक होने के नाते आपके बैंक का हमेशा यह प्रयास रहा है कि वह अल्प सुविधा प्राप्त तथा कमजोर तबकों के सामाजिक आर्थिक विकास के जरिए इन समुदायों को ताकतवर बनाएं.

समाज के बीच बड़े वर्ग में अन्तर पैदा करने के अपने प्रयासों में आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 14 में भी अपने प्रयासों को और अधिक व्यापक किया.

आपके बैंक द्वारा सीएसार के क्षेत्र में जो कदम उठाए गए वे निम्नालिखित हैं.

- आपके बैंक ने बरोजगार युवकों को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आरसेटी) स्थापित किए हैं ताकि ये युवक अपने कौशल का विकास कर रोजगार प्राप्त कर सकें. इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सुधरेगी और साथ ही उन्हें इन स्थानों पर विद्यमान विभिन्न क्षेत्रीय आर्थिक स्थितियों का लाभ मिलेगा. आपके बैंक के सभी अग्रणी

कार्पोरेट सेंटर मुंबई में आयोजित महिला दिवस समारोह के दौरान उच्च प्रबंधन के साथ बड़ौदा शक्ति के सदस्य और बैंक की महिला स्टाफ सदस्य.

जिलों में एक आरसेटी है. आपके बैंक ने लगभग 47 ऐसे संस्थान स्थापित किए हैं, जिसमें से 1,92,247 युवकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है और लगभग 1,20,979 युवकों ने अपना स्वरोजगार स्थापित कर लिया है.

- विभिन्न बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं के बारे में ग्रामीणों के बीच जागरूकता लाने तथा वित्तीय समावेशन की प्रक्रिया को तेज करने के लिए आपके बैंक ने संपूर्ण भारत में 46 वित्तीय साक्षरता केंद्र खोले हैं. ये केंद्र साधारण संदेशों जैसे बचत क्यों करें, बैंक से उधार क्यों लें, जहां तक संभव हो आय अर्जन कार्यकलापों के लिए क्यों उधार लें, समय पर भुगतान क्यों करें, स्वयं असुरक्षित क्यों, आपके सेवानिवृत्ति के लिए बचत क्यों करें, के माध्यम से वित्तीय साक्षरता प्रदान कर रहे हैं.

आस्ति गुणवत्ता प्रबंधन

दवाबपूर्ण आर्थिक वातावरण के कारण आस्ति गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए वित्त वर्ष 14 बैंकिंग उद्योग के लिए एक चुनौतीपूर्ण रहा है. लेकिन आपके बैंक ने एनपीए पोर्टफोलियों की रिकवरी तथा लगातार मॉनिटरिंग की परंपरा को जारी रखा. तथापि वित्त वर्ष 14 के दौरान बैंकिंग उद्योग पर विभिन्न आर्थिक संकेतकों का दबाव बना रहा. वित्त वर्ष 14 के दौरान आपके बैंक की एनपीए स्थिति भी दबावग्रस्त बनी रही.

वित्त वर्ष 14 के दौरान भारतीय बैंकों ने सामान्य रूप से भारत के बाहर व भीतर अस्थिर वित्तीय मार्केट के कारण स्लिपेज की बड़ी घटनाएं देखी. वित्त वर्ष 14 में पूरे वर्ष उच्च मुद्रा स्फीति व उच्च ब्याज दरें बनी रहीं. प्रतिकूल आर्थिक पैरामीटर्स के परिदृश्य के बावजूद आपके बैंक के प्रारंभिक शेष की तुलना में वर्ष के दौरान नए स्लिपेज 1.99% रहे. उच्च स्लिपेज की पृष्ठभूमि की तुलना में 31 मार्च 2014 को सकल अग्रिमों में सकल एनपीए 2.94% रहा. जिसके फलस्वरूप मार्च 2014 के अंत में शुद्ध अग्रिमों की तुलना में शुद्ध एनपीए का अनुपात बढ़कर 1.52% तक पहुंच गया. यद्यपि, सार्वजनिक क्षेत्र के बडे बैंकों में से यह स्थिति न्यूनतम थी.

पिछले कई वर्षों में आपके बैंक ने ऋण हानि प्रावधान अनुपात को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित 70% के अनिवार्य मानदंडों के स्तर पर अथवा इससे ऊपर बनाए रखने के सभी संभव प्रयास किए हैं. तथापि वित्त वर्ष 14 में एनपीए में तीव्र बढ़ोत्तरी तथा उच्च प्रावधान होने के कारण विवेकपूर्ण तकनीकी रूप से बट्टे खाते डाले गए अग्रिमों में फैक्टरिंग करने के बाद ऋण हानि कवरेज अनुपात 65.45 % रहा है. उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 14 के दौरान इस अनुपात में वर्ष की दूसरी तिमाही से चौथी तिमाही तक क्रमिक रूप से सुधार हुआ. (वित्त वर्ष 14 की दूसरी तिमाही में 61.68% से बढ़कर वित्त वर्ष 14 की चौथी तिमाही में 65.45% हो गया)

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने शाखा, क्षेत्र, अंचल और कार्पोरेट स्तर पर वसूली एवं ऋण अनुप्रवर्तन के लिए व्यापक ढांचा तैयार किया है. इसके अलावा प्रत्येक डीआरटी सेंटर में नोडल अधिकारियों को विविध मामलों की अनुवर्ती कार्यवाही के लिए लगाया गया जिससे कि डिक्री लेने में लगने वाले समय को कम से कम किया जा सके तथा वसूली को बढ़ाया जा सके. डीआरटी दावा दायर एनपीए खातों में वसूली के लिए, बैंक के पक्ष में प्रभारित आस्तियों का उचित मार्केट मूल्य प्राप्त करने के लिए ई-नीलामी के जरिए बेचा जा रहा है. इसके अतिरिक्त और अधिक तेज गति से वसूली करने के लिए एआरसी को वसूली एंजेट के रूप में नियुक्त किया गया है. सरकारी परिसमापक (ओएल) से संपर्क साधने के लिए परामर्शदाता नियुक्त किए गए हैं. आपके बैंक की शाखाओं द्वारा लोक अदालत, रिकवरी कैंप व गांव की चौपाल बैठक का नियमित आयोजन किया गया ताकि पुराने विचाराधीन मामलों को निपटाया जा सके तथा छोटे-छोटे खातों में शीघ्रता से वसूली की जा सके.

आपके बैंक ने एनपीए खातों में वसूली की संभावनाओं का पता लगाने के लिए अनुवर्ती कार्यवाही प्रणाली पर जोर देना जारी रखा. बड़ी राशि वाले एनपीए खातों, जैसे ₹ एक करोड़ और उससे अधिक राशि के खातों की कॉर्पोरेट कार्यालय से सीधे क्षेत्रों तथा अंचलों के साथ पाक्षिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की गई ताकि अनुप्रवर्तन करने की प्रणाली से शाखाओं द्वारा वकीलों, रिकवरी एजेंटों के माध्यम से सघन कार्यवाही सुनिश्चित हो सके. विभिन्न स्तरों पर सरफेसी (SARFAESI) अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाही की निगरानी कार्पोरेट स्तर से की गई. अतः वित्त वर्ष 14 में एनपीए खातों में नकद वसूली ₹ 1,261.81 करोड़ रही. यह वर्ष 2013 के ₹ 625.57 करोड़ की तुलना में अधिक है. अपग्रेडेशन वित्त वर्ष 2014 के दौरान वर्ष 2013 के ₹ 340.93 करोड़ की तुलना में ₹ 684.72 करोड़ रहा.

वित्त वर्ष 14 के दौरान आपके बैंक ने गांव/कस्बा स्तर पर वसूली कैंप लगातार तथा लोक अदालतों के माध्यम से छोटे खातों की वसूली पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया. इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 14 की पहली छमाही के दौरान विशेष वसूली योजना तथा भागीरथ प्रयास नामक विशेष योजनाओं की भी शुरुआत की गई. बैंक ने प्रोत्साहन पर आधारित "संकल्प- VI" वसूली योजना चलायी, ताकि ₹ 25 लाख तक की बकाया राशि वाले छोटे खातों में वसूली बढ़ाने का सभी स्टाफ सदस्यों का सार्थक प्रयास/सहयोग मिल सके. इस योजना के तहत वित्त वर्ष 14 के दौरान ₹ 155.19 करोड़ नकद वसूली की गई.

एनपीए प्रबंधन हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा सुझाई गई कार्यनीति के रूप में आपके बैंक ने वित्त वर्ष 14 के दौरान व्यक्तिगत के साथ-साथ पोर्टफोलियों बिक्री के तहत एनपीएल खातों की बिक्री की जिसके फलस्वरूप मार्केट से अच्छा प्रतिसाद मिला और बैंक विभिन्न एआरसी में 23 एनपीएल (एनपीए एवं बट्टेखाते) खातों की बिक्री कर सका जिनमें चारों एआरसी (₹ 253.65 करोड़ शुद्ध बही मूल्य के साथ) का कुल बकाया शेष ₹ 671.27 करोड़ रहा.

आपके बैंक के अग्रिम पोर्टफोलियों का आस्ति वर्गीकरण ब्रेकअप इस प्रकार है.

(₹ करोड़ में)

आस्ति वर्ग (सकल)	31 मार्च 2014	31 मार्च 2013
मानक	3,91,823.53	324828.74
सकल एनपीए	11,875.90	7982.58
कुल	4,03,699.43	332811.32
सकल एनपीए में शामिल है		
अवमानक	3,809.20	4981.15
संदिग्ध	6,863.10	2628.33
हानिगत	1,203.60	373.10
कुल एनपीए	**11,875.90**	**7982.58**

सूचना प्रौद्योगिकी

पोलारिस फायनांशियल टेक्नोलॉजी बैंकिंग अवार्ड 2013 पर ग्लोबल बिजनेस डेवलपमेंट श्रेणी के तहत डन एंड ब्राडस्ट्रीट द्वारा बैंक ऑफ़ बड़ौदा को प्रदत्त बेस्ट पीएस बैंक का अवार्ड प्राप्त करते हुए श्री एस. एस. घाग, महाप्रबंधक (सू.प्रौ. एवं डीडब्ल्यूएच)

आपके बैंक ने घरेलू परिचालनों, विदेशी परिचालनों और अनुषंगी परिचालनों को ध्यान में रखते हुए एंड टू एंड बिजनेस एवं आईटी स्ट्रेटेजी प्रोजएक्टस हाथ में लिए हैं.

- आपके बैंक ने सर्वोत्तम टेक्नॉलाजी इंफनस्ट्रकचर तैयार कर अति आधुनिक डाटा सेंटर संचालित किया है और यह अप टाइम इंस्टीटयूट टीयर 3 के मानदंडों को पूरा करता है. विभिन्न भूकंप खंडों को ध्यान में रखते हुए तथा प्रत्येक असफलता बिंदु का गहन विशेलषण कर डिजास्टर रिकवरी साइट तैयार की गई है जिससे कि ग्राहकों को निर्बाध रूप से बैंकिंग सेवाएं मिलती रहें.

- डिजास्टर रिकवरी सेंटर के अलावा आपके बैंक ने वर्ष के दौरान नीयर डिजास्टर रिकवरी सेंटर भी कार्यान्वित किया है ताकि बिजनेस कंटीन्यूटी प्लान तथा डिजास्टर रिकवरी रणनीति के रूप में नीयर जीरो डाटा लॉस सुनिश्चित हो सके .

- आपके बैंक ने कई अन्य प्रौद्योगिकी पहलें, जैसे विंडो सर्वर वर्चुअलाइजेसन, डेस्कटॉप वर्चुअलाइजेसन तथा बैक ड्रॉप कंसालीडेशन ऑटोमेटिक स्टोरेज मैनेजमेंट (एएसएम) व रीयल एप्लीकेशन क्लस्टर (आरएसी) की शुरुआत की हैं. इन्हें पर्यावरण उन्मुखी कदम के रूप में उठाया गया है और इनसे डाटा सेंटर की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी. एप्लिकेशन वर्चुअलाइजेसन, ऑटोमैटिक वर्चुअलाइजेसन बैक अप लिंक के लिए प्रावधान, बैंडविड्थ अपग्रेडेशन, एएसएम एवं आरएसी लागू करना, एमपीएलएस (मल्टी प्रोटॉकॉल लेवल स्विचिंग) पर आधारित नई टेक्नोलॉजी का प्रयोग आदि अप टाइम तथा मांग अपग्रेड करने हेतु कुछ नए कदम उठाए गए हैं.

- आपके बैंक ने विभिन्न सेवा डिलीवरी चैनलों पर व्यवसाय की बढ़ती मांग को सुदृढ़ता प्रदान करने के लिए नियमित कैपेसिटी (प्लानिंग, अपग्रेड व रिफ्रेशं) को अपने हाथ में लिया है.

- आपके बैंक ने इंटरप्राइज मैनेजमेंट सिस्टम को अपग्रेड कर दिया है तथा बैंक के बढ़ते आईटी इंफनस्ट्रकचर का प्रभावी रूप से प्रबंधन करने व मॉनीटरिंग करने के लिए मॉड्यूल को स्थापित किया है.

- आपके बैंक ने सभी देशी तथा 23 विदेशी केंद्रों में कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) व अन्य एप्लीकेशन प्लेटफार्म प्रदान करने के लिए केन्द्रीयकृत आईटी आर्कीटेक्चर प्रदान किया है ताकि संसाधनों का प्रबंधन, मॉनिटरिंग व उपयोग आसानी से किया जा सके. आपके बैंक के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) भी सीबीएस प्लेटफार्म पर हैं और जैसा कि भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है, आपके बैंक ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया व पंजाब नेशनल बैंक के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को इनकी 350 शाखाओं के साथ आपके बैंक के एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के साथ समामेलन कर लिया है.

वैकल्पिक डिलीवरी चैनल

- **इंटरनेट बैंकिंग - बड़ौदा कनेक्ट**

इस तकनीक के उपयोग को बेहतर बनाने और प्रयोक्तानुकूल बनाने के लिए आपके बैंक में इंटरनेट बैकिंग अर्थात बड़ौदा कनेक्ट को पूरी तरह से प्रोन्नत कर दिया गया है. आपका बैंक अपने इंटरनेट बैंकिंग चैनलों में लगातार और अधिक सुविधाएं जोड रहा है. बढ़ाई गई अन्य सुविधाओं, जैसे ऑनलाइन एफडीआर डबल धमाका, ऑनलाइन आवर्ती जमा खोलना, ऑनलाइन गिफ्ट कार्ड, विभिन्न राज्यों का कर भुगतान, एक्साइज डयूटी के लिए चालान, ऋण खातों में जमा, बिल का भुगतान, प्रधानमंत्री राहत कोष में ऑनलाइन दान, ई-बैंकिंग के माध्यम से इंडिया फर्स्ट लाइफ इन्श्योरेंस के प्रीमियम का भुगतान, इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से आधार जोडना, ई-बैंकिंग के द्वारा आईएमपीएस (त्वरित भुगतान सेवाएं) इस वर्ष जोडी गई हैं. आपके बैंक की इंटरनेट बैंकिंग सुविधा सभी स्मार्ट फोन/ टैबलेट पर उपलब्ध है और ग्राहक को कहीं भी बैंकिंग की आरामदायक सुविधा मिलती है. इस वर्ष के दौरान 14 विदेशी केंद्रों अर्थात तंजानिया, यूगांडा, केन्या, मॉरिशस, सेशेल्स , बोत्साना, न्यूजीलैंड, यूएई, फिजी, यूके, ओमान तथा घाना, आस्ट्रेलिया में व्यू अधारित इंटरनेट बैंकिंग सेवा शुरू की गई है. बैंक प्रायोजित सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में इंटरनेट ई-बैंकिंग उपलब्ध कराई गई है.

इंटरनेट बैंकिंग में सुरक्षा व विश्वास बढ़ाने के लिए आपके बैंक ने फ्रॉड मैनेजमेंट सोल्यूशन को क्रियान्वित कर सुरक्षा को और पुख्ता कर दिया है. इसमें विश्लेषण पर आधारित स्टेप अप प्रमाणीकरण, ओटीपी, पुल ओटीपी, एसएमएस ओटीपी, क्यू एनए को इनेबल कर दो घटक प्रमाणीकरण भी शामिल है. आपके बैंक ने कार्पोरेट ग्राहकों के लिए प्रमाणीकरण और उच्च मूल्य के इंटरनेट बैंक लेन-देन को अस्वीकार करने के लिए इंटरनेट के माध्यम से डिजिटल सर्टिफिकेट के प्रयोग की शुरुआत की है. आपके बैंक ने शेष बचे विदेशी केंद्रों पर जहां लेन-देन ई-बैंकिंग पर आधारित है, फ्रॉड मैनेजमेंट सॉल्यूशन कार्यान्वित किया है.

- **मोबाइल बैंकिंग - बड़ौदा एम-कनेक्ट तथा आईएमपीएस**

आपके बैंक के मोबाइल बैंकिंग प्लेटफार्म पर ग्राहकों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एक और वैकल्पिक डिलीवरी चैनल के रूप में, बहुत सी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जैसे बैलेंस इनक्वायरी, मिनी स्टेटमेंट, फंड ट्रांसफर, स्टॉप पेमेंट, चेक स्टेटस, डेबिट कार्ड ब्लॉकिंग तथा अन्य सेवाएं. ब्लैकबेरी, एण्ड्रोइड, विंडों डिवाइसों के अतिरिक्त मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन सभी आई-फोन और आई-पैड में उपलब्ध करायी गई है. पर्सन टू एकाउंट (पी2ए), मर्चेंट भुगतान (पी2एम), आधार कार्ड आधारित धनप्रेषण (पी2यू) को कवर करने के लिए तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) क्रियांवित की गई है. मोबाइल टॉप-अप/ डीटीएच टॉप-अप, बीमा प्रीमियम भुगतान, ऑनलाइन खरीददारी, काउंटर पर भुगतान, स्कूल/ कॉलेज/ यूनिवर्सिटी की फीस का भुगतान, आईएमपीएस - आईआरसीटीसी के प्रयोग से मोबाइल फोन के माध्यम से गैर इंटरनेट आधारित रेलवे टिकिट बुकिंग आदि के

लिए **आईएमपीएस व्यापारी भुगतान (पी2एम)** आरंभ किया गया है. वर्तमान में आपका बैंक मोबाइल बैंकिंग के अंतर्गत ग्राहकों के उपयोग हेतु सरल तथा सुविधाजनक एनयूयूपी (नेशनल यूनिफाइड यूएसएसडी प्लेटफार्म) आरंभ कर रहा है.

- **ई-लॉबी**

साकीनाका शाखा, मुंबई में बड़ौदा नॉन-स्टॉप 24x7 बैंकिंग (ई-लॉबी) के शुभारंभ पर श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

आपके बैंक ने ग्राहकों के लिए ई-लॉबियों के माध्यम से 24x7 सेवा आरंभ करके ग्राहक सेवा के अगले स्तर की शुरूआत की है. बंच नोट एसेप्टर, सेल्फ-सर्विस पासबुक प्रिंटर, चेक डिपाजिट किओस्क, इंटरनेट बैंकिंग किओस्क जैसे डिवाइसों को शाखाओं से संलग्न 30 से अधिक ई-लॉबियों में शुरु किया गया है. ग्राहकों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कार्ड के साथ-साथ खाता संख्या के माध्यम से बंच नोट एसेप्टर में कैश डिपाजिट शुरु किया गया है. भविष्य में इस नेटवर्क को और व्यापक स्तर पर फैलाने का लक्ष्य है. आपके बैंक की कैश रीसाइक्लर्स आरंभ करने की भी योजना है जो कैश को स्वीकार करेगा, इसकी छंटाई करेगा तथा जमा किए गए कैश में से भुगतान करेगा.

- **एटीएम**

बेहतर निष्पादन, त्वरित एटीएम लेनदेन एवं आसान एटीएम प्रसार के लिए हार्डवेयर अपग्रेडेशन के साथ आपके बैंक के एटीएम स्विच को कई उन्नत विशेषताओं के साथ उच्चतर वर्जन में अपग्रेड किया गया है. भारत, यूएई, ओमान, मॉरीशस, फिजी, तंजानिया, बोत्सवाना, त्रिनिदाद एवं टोबेगो (टी एवं टी) तथा न्यूज़ीलैंड में एटीएम स्विच स्थापित किए गए हैं. खाता खोलने के समय काउंटर पर ही ग्राहकों को कार्डों की त्वरित तथा सुलभ डिलीवरी करने के लिए आपके बैंक ने वर्ष के दौरान गैर वैयक्तिक डेबिट कार्ड शुरू किया है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने एटीएम से एनईएफटी धनप्रेषण आरंभ किया है. ग्राहक केन्द्रित कई पहलें जैसे रूपे डेबिट कार्ड, रूपे पीओएस और रूपे केसीसी कार्ड, रूपे ई-कॉमर्स, ब्राउन लेवल एटीएम, इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी धारकों के लिए बीमा प्रीमियम का भुगतान, चेक बुक के लिए अनुरोध, एटीम के माध्यम से तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) शुरू की गई हैं. दृष्टिहीन लोगों के लिए बोलने वाले एटीएम स्थापित किए गए हैं. आपके बैंक ने प्रीपेड कार्ड, एटीएम से गिफ्ट कार्ड एवं जनरल परपज रीलोडेबल कार्ड, एटीएम के माध्यम से आधार कार्ड दर्ज करने के लिए रूपे चिप कार्डों का अंतर्राष्ट्रीय उपयोग करने, नकदी आहरण एवं बैलेंस इंक्वारी के लिए समर्थ करने हेतु प्रमाणीकरण भी पूरा किया है. उन्नत सुरक्षा तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुपालन के लिए चिप आधारित कार्डों की शुरुआत की गई है. लेनदेन नहीं होने वाले कार्ड के लिए मल्टीफैक्टर कार्ड प्रमाणीकरण, भारत में एटीएम/ पीओएस में फ्रॉड प्रबंधन सोल्यूशन का क्रियान्वयन, एटीएम पर ट्रंजेक्सन रसीदों की हिन्दी में प्रिंटिंग, गुजराती, मराठी, तमिल, मलयालम, तेलगू, कन्नड तथा बंगाली क्षेत्रीय भाषा में स्क्रीन का चयन शुरू किया गया है. यूएई के लिए वीजा डेबिट कार्ड, फिजी के लिए बीएसपी (बैंक साउथ पैसिफिक) इंटरचैंज क्रियान्वयन, भारत, ओमान तथा मारिशस में चिप आधारित कार्ड की शुरुआत. आपके बैंक ने अपने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए रूपे एटीएम कार्ड तथा रूपे केसीसी कार्ड की भी सफल शुरुआत की है.

- **एसएमएस बैंकिंग**

उन ग्राहकों के लिए जो केवल सूचना आधारित बैंकिंग सेवाएं प्राप्त करना चाहते हैं, आपके बैंक ने बेलेंस इंक्वायरी, लघु विवरणी, पंजीकृत मोबाइल नं. से चेक की स्थिति जानने के लिए एसएमएस बैंकिंग प्रांरभ की है. इस उत्पाद का प्रयोग करना बहुत ही आसान और इतना सरल है कि कोई भी ग्राहक किसी पंजीकरण प्रक्रिया के बिना भी इसका उपयोग करना प्रारंभ कर सकता है.

- **कान्टेक्ट सेंटर**

आपके बैंक ने ग्राहकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध करने के उद्देश्य से नए उपायों के रूप में 360^0 दृष्टिकोण प्राप्त करने के लिए ग्राहक संबंध प्रबंधन कार्यान्वित किया है. जिसमें ग्राहकों को संतुष्टि प्रदान करने और निष्ठा को बेहतर बनाने के लिए उन्हें संपर्क केंद्रों पर फोन द्वारा सुविधाएं दी जाती हैं. मौजूदा ग्राहक/संभावित ग्राहक टोल फ्री. नं. (1800223344 एवं 18001024455) पर संपर्क कर सकते हैं जहां निम्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैः

- चेक बुक जारी करना
- उत्पाद एवं सेवाओं के बारे में जानकारी
- खाता संबंधी पूछताछ- बैलेंस, संव्यवहार, समाशोधन में राशि आदि
- एटीएम कार्ड की हॉट-लिस्टिंग
- भुगतान रोकना-मार्किंग/अनमार्किंग
- डेबिट कार्ड जारी करने हेतु अनुरोध
- डेबिट कार्ड पिन पुनः जारी करने हेतु अनुरोध
- ई-बैंकिंग उपयोगकर्ता की सहायता
- मोबाइल बैंकिंग पासवर्ड को पुनः जारी करना
- ऑनलाइन टी-पिन जारी करने की सुविधा (कागज रहित)
- आपके बैंक के उत्पादों और सेवाओं के बारे में मौजूदा ग्राहक/संभावित ग्राहकों को अन्य जानकारी भी उपलब्ध कराई जाती है.
- सीआरएम एप्लीकेशन को बिक्री कार्यालयों जैसे रिटेल लोन फैक्ट्री (आरएलएफ) और सिटी सेल्स ऑफिस (सीएसओ) से भी जोडा गया है. जिसमें ग्राहकों द्वारा संपर्क केंद्रों में उत्पाद संबंधी की गई पूछताछ के आधार पर लीड तैयार की जाती है और इन कार्यालयों में इसे अनुवर्ती कार्यवाही हेतु भेजा जाता है.
- आपके बैंक ने केंद्रों के माध्यम से वसूली की प्रक्रिया भी पूरी कर ली है. जिसमें ग्राहकों को उनकी ईएमआई और देय राशि के बारे में सूचित किया जाता है. इससे ग्राहकों को देय तिथि पर ईएमआई/देय राशि जमा करने में सुविधा होती है.

भुगतान पद्धति

- आपके बैंक की सभी शाखाओं में आरटीजीएस और एनईएफटी के माध्यम से अंतर बैंक धनप्रेषण की सुविधा उपलब्ध है. आपके बैंक के इंटरनेट बैंकिंग पोर्टल में भी आरटीजीएस तथा एनईएफटी शुरु कर दी गई है. बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक दोनों में एनईएफटी तथा आरटीजीएस की सरल प्रक्रिया कार्यांवित कर दी गई है. आपके बैंक ने बढ़ते हुए कार्य को सपोर्ट प्रदान करने के लिए आईटी की आधारभूत संरचना को अपग्रेड किया गया है, बनावट में परिवर्तन किया है तथा एनजीआरटीजीएस के लिए ISO20022 संदेश प्रारूप उपयोग में लाया जा रहा है. आरटीजीएस एवं एनईएफटी सुविधा को यूगांडा में भी कार्यान्वित कर दिया गया है.
- व्यापारियों तथा इंटरनेट शॉपर्स को ऑनलाईन खरीददारी करने वालों के लिए सुरक्षित और संरक्षित खरीददारी के लिए डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड संबंधी इंटरनेट पेमेंट गेटवे बढ़ी संख्या में प्रदान किए जा रहे है.
- भारत में विदेशी मुद्रा कारोबार के लिए प्राधिकृत सभी शाखाओं और 22 विदेशी केंद्रों सहित विश्वभर में अंतर बैंक वित्तीय संप्रेषण के लिए स्विफ्ट सुविधा उपलब्ध है.
- भारत में सभी प्राधिकृत शाखाओं तथा 22 विदेशी केंद्रों में पेमेंट मेसेजिंग सॉल्यूशन (पीएमएस) लागू किया गया है. पीएमएम के माध्यम से सीबीएस द्वार स्विफ्ट मानकों के अनुरूप तैयार स्विफ्ट संदेशों की वैधता एवं फार्मेटिंग की सुविधा प्राप्त होती है और यह एएमएल जांच से भी गुजरता है.
- समीक्षाधीन वर्ष के दौरान मुंबई तथा महाराष्ट्र के पश्चिमी ग्रिड, गुजरात तथा मध्य प्रदेश में माइकर केंद्रों में ग्रिड आधारित चेक ट्रंकेशन सिस्टम (सीटीएस) लागू किया गया है.
- जमा व नामे दोनों प्रकार के संव्यवहारों के लिए राष्ट्रीय स्वचालित समाशोधन गृह (एनएसीएच) लागू किया गया है.

अन्य ग्राहक केंद्रित पहलें

मैलापुर शाखा, चेन्नई में कॉयन वेंडिंग मशीन का उद्घाटन करते हुए श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

- आपके बैंक ने बहुमूल्य ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप उच्च स्तरीय विशिष्ट रूप से निर्मित आईटी समर्थित उत्पादों तथा सेवाओं की शुरुआत की है. इसी तरह अन्य उत्पाद तथा सेवाएं जैसे आरबीआई इन्फ्लेशन इंडेक्स्ड बॉण्ड, अधिक मात्रा में गिफ्ट कार्ड जारी करना, डेबिट कार्ड तथा पिन मेलर को सीधे ग्राहक के पास प्रेषित करना, एक्सचेंज हाऊस के लिए धन अंतरण सेवा योजना के तहत धन प्रेषण आदि भी लागू की गई है.
- नकदी प्रबंधन प्रणाली एक पूर्णतः वेब आधारित नकदी प्रबंधन सॉल्यूशन है जो आपके बैंक के ग्राहकों के लिए प्रारंभ की गई है, इसमें रसीद प्रबंधन (वसूली), भुगतान प्रबंधन तथा इनवायस प्रबंधन (प्राप्य और देय प्रबंधन) जैसी सेवाएं शामिल हैं. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने नकदी प्रबंधन प्रणाली के लिए टू फैक्टर ऑथिंटिकेशन (2 एफ ए) लागू किया है, ग्राहकों के लिए नया चैनल प्रारंभ किया गया है ताकि शीघ्रता से सरल प्रक्रिया (स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग) (एसटीपी) के साथ अपने धन का प्रबंधन कर सकें.
- आपके बैंक द्वारा रिटेल के साथ-साथ कार्पोरेट ग्राहकों के लिए रिटेल डिपोजिटरी सेवाएं उपलब्ध कराई गई है. एक केंद्रीयकृत डिपोजिटरी एप्लीकेशन के साथ शाखाएं एनसीडीएल तथा सीडीएसएल दोनों को डिपोजिटरी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए तैयार की गई हैं. ऑनलाइन ट्रेडिंग प्रणाली के साथ, आपका बैंक ग्राहकों को इक्विटी म्यूचुअल फण्ड, बांड तथा इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) जैसे लिखतों में व्यवसाय करने के लिए सभी सेवाएं ऑनलाईन उपलब्ध कराने में समर्थ होगा.
- आपके बैंक ने डेबिट कार्ड परिचालन में सहयोग तथा व्यापक प्रबंधन उपलब्ध कराने के लिए नई पीएडीएसएस शिकायत डेबिट कार्ड प्रबंधन प्रणाली को लागू किया गया है.
- आपके बैंक ने आधार कार्ड आधारित भुगतान जैसे प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), इलएक्ट्रानिक लाभ अंतरण (ईबीटी) आधार भुगतान बिन्ज प्रणाली (एपीबीएस)के तहत प्रत्यक्ष लाभार्थी अंतरण तथा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी अधिनियम (एमजीनरेगा) के वेतन भुगतान के लिए पहल की है.
- वित्तीय समावेशन के तहत खोले गए खातों के मामले में आधार नंबर पर आधारित पीओएस मशीनों से संव्यवहार करने के लिए आधार समर्थित भुगतान प्रणाली (एईपीएस).
- आपके बैंक ने राज्य ट्रेजरी में सीधे प्राप्त होने वाली योजना निधि के भुगतान के लिए राज्य सरकार हेतु सेंट्रल प्रोजएक्ट स्कीम मॉनिटरिंग सिस्टम (सीपीएसएमएम) में विस्तार किया है. सीपीएसएमएस के तहत मुद्रित भुगतान एडवांस (पीपीए) आधारित भुगतान एवं डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र आधारित भुगतान योजना भी कार्यांवित की गई है.
- एनपीएस, एनपीएसलाइट (आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को उनके बुढ़ापे के दौरान उनका भविष्य सुरक्षित करने के लिए वित्तीय सुरक्षा उपलब्ध कराने की योजना), एनआरआई के लिए एमजीपीवाई लागू की गई.
- ऑनलाइन व ऑफलाइन संव्यवहारों तथा खाता खोलने की प्रक्रिया के लिए आईटी ढांचे को विकसित किया गया है. यह कार्य व्यवसाय प्रतिनिधियों द्वारा किया जाता है. इस प्रकार यह वित्तीय समावेशन समर्थित भी है.
- बैंक की वित्तीय समावेशन पहल के रूप में गुजरात, यूपी एवं बिहार में पायलट आधार पर मोबाइल वैन बैंकिंग शुरु की गई है.
- आपके बैंक की बाजार पर पैठ बनाने के प्रयोजन से ग्राहकों से लगातार

फीडबैक लेने के लिए एक ऑनलाइन ग्राहक सर्वे पोर्टल विकसित किया गया है. ऑनलाइन पोर्टल ग्राहकों/ विजिटर्स के लिए लॉगइन करने तथा उनके फीडबैक/ सुझाव/ शिकायतों की स्थिति को देखने के लिए बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है.

- वर्ष के दौरान यूआईडी नम्बरों को लिंक करने, खाता संख्या पोर्टेबिलिटि, केवायसी संबंधी सूचना प्राप्त करने, खाता खोलने की प्रक्रिया सरल करने, कोर बैंकिंग प्रणाली में विलेज कोड जोडने जैसी विभिन्न पहलें की गई हैं.

- वैकल्पिक डिलिवरी चैनलों के माध्यम से किए गए सभी ट्रांजेक्सनों के लिए तथा निर्धारित सीमा से अधिक की सभी सीबीएस ट्रांजेक्सनों के लिए आपके बैंक ने अपने ग्राहकों को एसएमएस अलर्ट भेजने की सुविधा भी शुरु की है. खाता खोलना, खाता सक्रिय करना, ऋण खातों में ब्याज दर में परिवर्तन, ऋण खातों में किस्त देय / अतिदेय का नोटिस, चेक बुक भेजने (डिलीवरी विवरण के साथ), चेक अस्वीकृत होने, एफडी परिपक्वता का नोटिस, ग्राहक को केवायसी अनुपालना के लिए नोटिस, आधार लिंक/डिलिंक के समय नोटिस, संभावित निष्क्रिय खाते का नोटिस, खाते के निष्क्रिय होने के समय नोटिस जैसे गैर-वित्तीय कार्यों के लिए भी ग्राहकों को एसएमएस अलर्ट भेजे जाते हैं.

सहायक सेवाएं

- परिचालन की लागत को कम करने तथा बेहतर निधि प्रबंधन के लिए यूके, यूएई, बहामास, बहरीन, हांगकांग, सिंगापुर, बेल्जियम तथा भारत में इंटीग्रेटिड ग्लोबल ट्रेजरी सोल्यूशन क्रियांवित किया गया है.

- आपके बैंक द्वारा दी जा रही सेवा में सुधार करने के लिए, बैक ऑफिस कार्य को सिटी बैक ऑफिस तथा क्षेत्रीय बैक ऑफिस में केन्द्रीयकृत किया गया है. वर्तमान में आपके बैंक में 70 सिटी बैक ऑफिस तथा 12 क्षेत्रीय बैक ऑफिस हैं. वैयक्तिक चेक बुक जारी करने के कार्य को केन्द्रीयकृत किया गया है. आपके बैंक ने केन्द्रीयकृत एफसीएनआर परिचालन भी शुरु किया है.

- बेहतर एवं शीघ्र ग्राहक सेवा देने के लिए आपके बैंक ने अपने लोन प्रोसेसिंग (रिटेल, कृषि, एसएमई) मॉडयूल को पूर्ण रूप से स्वचालित किया है. आपका बैंक आवास ऋण, वाहन ऋण तथा शिक्षा ऋण के लिए सिंगल क्लिक पर ऑनलाइन लोन एप्लीकेशन भी उपलब्ध कराता है .

- इंटरप्राइज वाइड जीएल सोल्यूशन क्रियांवित कर दिया गया है. यह आपके बैंक को व्यवसाय विकास में नीतिगत निर्णय लेने के इनपुटों के विविध प्रकार उपलब्ध कराता है तथा इंटरप्राइज वाइड समेकित रिपोर्ट जनरेट करता है.

- भारत में आपके बैंक के सभी कार्यालयों में केन्द्रीयकृत पेरोल, वेतन मॉडयूल, ई-टीडीएस मॉडयूल तथा छुट्टी मॉडयूल को क्रियांवित किया गया है.

- निर्णय लेने, पदोन्नति एवं चयन प्रक्रियाओं को सरल करने तथा अन्य एचआर प्रक्रियाओं को स्वचालित करने के लिए बैंक कर्मचारियों का एक केन्द्रीयकृत डेटाबेस तैयार करने के प्रयोजन से कर्मचारी सेवाओं के लिए मानव संसाधन नेटवर्क क्रियांवित किया गया है.

- कार्यनीति संबंधी सूचना का लचीला एवं प्रभावशाली स्त्रोत, बेहतर ग्राहक पहचान के लिए ग्राहक संबंध प्रबंधन तथा माध्यमों में समान ग्राहक दृष्टिकोण उपलब्ध कराने के लिए आपके बैंक ने, अपनी व्यवसाय कार्यनीति के एक हिस्से के रूप में, डेटा वेयरहाउस प्रारंभ किया है. यह रेगुलेटर को स्वचालित डेटा फ्लो की सुविधा भी प्रदान करता है.

- आपके बैंक ने विनिमय, उन्नत विशेषताओं सहित ई-बिजनेस सूइट, व्यापक ग्राहक संबंध प्रबंधन, एचआरएनईएस तथा इंटरप्राइज वाइड जीएल मॉडयूल जैसी मौजूदा एप्लीकेशनों को अपग्रेड किया है.

- विनियामक अनुपालना के लिए धनशोधन निवारण (एएमएल) को भारत में तथा 22 विदेशी केन्द्रों में क्रियांवित किया गया. आपके बैंक ने जोखिम प्रबंधन सोल्यूशन को क्रियांवित किया है. आपके बैंक ने अपने प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में भी एएमएल सोल्यूशन को क्रियांवित किया है.

- वर्ष के दौरान विभिन्न नयी विनियामक आवश्यकताओं जैसे कि एटीएम, नेट बैंकिंग, एसएमएस जैसे विभिन्न माध्यमों से आधार भरना, पेन नम्बरों का ऑनलाइन सत्यापन एवं वैधीकरण, ग्राहक आईडी का डी-डुप्लीकेशन इत्यादि, को पूरा किया गया.

सूचना सुरक्षा

प्रौद्योगिकी से संबंधित खतरों के मद्देनजर समीक्षाधीन वर्ष के दौरान एक सुदृढ़ सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली स्थापित की गई है. बैंक ने अपने कोर बैंकिंग सोल्यूशन तथा अन्य सभी एप्लीकेशनों, साथ ही डाटा सेंटर / डिजास्टर रिकवरी सेंटर इंफनस्ट्रक्चर का बाहरी एजेंसियों से ऑडिट कराया है. शाखाओं में सीबीएस लॉगिन के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन शुरु किया गया है.

आपके बैंक ने उन्नत सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा के लिए एक सुरक्षा परिचालन केंद्र (एसओएस) स्थापित किया है. आपके बैंक का डाटा सेंटर और डिजास्टर रिकवरी सेंटर दोनों ही आईएसओ 27001 द्वारा प्रमाणित हैं.

इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम तथा पीओएस के लिए आपके बैंक ने फ्रॉड मैनेजमेंट सोल्यूशन कार्यांवित किया है. इंटरनेट बैंकिंग में सुरक्षा और विश्वास बढ़ाने के लिए आपके बैंक ने, दोहरे प्रमाणीकरण सहित फ्रॉड मैनेजमेंट सोल्यूशन भारत में तथा 7 विदेशी केन्द्रों पर आरंभ किया है और इसे एआरसीओटी ओटीपी, पीयूएलएल ओटीपी तथा एसएमएस ओटीपी द्वारा समर्थ किया है.

आपके बैंक ने एक्सटर्नल फेसिंग एप्लीकेशन, ई-बैंकिंग लॉग मॉनिटरिंग इत्यादि की नियमित वीएपीटी (संवेदनशीलता मूल्यांकन एवं पेनिट्रेशन जांच) कराई है.

आपके बैंक ने ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिए शाखाओं में हो रहे संदिग्ध संव्यवहारों की दिन-प्रतिदिन निगरानी के लिए फ्रॉड जोखिम प्रबंधन प्रणाली क्रियांवित की है.

अब जबकि साइबर अटैक अब और अधिक अप्रत्याशित हो गए हैं और इलैक्ट्रानिक भुगतान प्रणाली नए प्रकार के दुरूपयोगों से प्रभावित हो सकती है. यह अत्यावश्यक हो गया है कि बैंक ऐसे खतरों से बचने के लिए तथा नुकसान को रोकने / न्यूनतम करने के लिए कुछ न्यूनतम जांच और संतुलन कायम करें.

नुकसान को न्यूनतम करने के लिए आपके बैंक ने निम्नलिखित अतिरिक्त सुरक्षा उपाय किए हैं जिन्हें शीघ्र ही आरंभ किया जाएगा.

- आपके बैंक ने कार्ड से किए जाने वाले संव्यवहारों के लिए जोखिम को कम करने के उपाय के रूप में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों को क्रियांवित किया है.

- सभी नए डेबिट तथा क्रेडिट कार्ड घरेलू उपयोग के लिए जारी किए जाएंगे, जब तक कि ग्राहक द्वारा विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय उपयोग के लिए मांगा नहीं जाए.
- आपका बैंक मौजूदा मैगस्ट्रिप कार्डों को ईएमवी चिप कार्ड में परिवर्तित करेगा.
- आपका बैंक पिन समर्थित पीओएस आरंभ करेगा.
- आपका बैंक कार्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग के लिए डिजिटल हस्ताक्षर को शामिल करने के रूप में अतिरिक्त सुरक्षा आरंभ करेगा

ई-बिजनेस

ट्रांजेक्शन बैंकिंग विभाग ने ग्राहक संपर्क बढ़ाने, परिचालनगत लागत कम करने तथा नयी व्यवसाय संभावनाओं को विकसित करने के लिए कई वैकल्पिक डिलीवरी चैनलों की शुरुआत की है. एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, डेबिट कार्ड, प्रीपेड कार्ड, आरटीजीएस/ एनईएफटी इनमें से कुछ हैं. वर्ष के दौरान बल्क/ कैश एक्सेप्टर, पासबुक प्रिंटर, इंटरनेट बैंकिंग किओस्क तथा 45 बड़ौदा नॉन-स्टॉप 24 x 7 लॉबी खोलने आदि के रूप में स्वयं सेवा यूनिटों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई.

वित्तीय वर्ष 2014 के दौरान विभिन्न यूनिटों के कार्यनिष्पादन की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं :

❖ एटीएम लगाना तथा डेबिट कार्ड जारी करना

विवरण	31/03/2013	31/03/2014	वर्ष के दौरान वृद्धि
परिचालित एटीएम की संख्या	2,630	6,254	3,624
जारी डेबिट कार्डों की संख्या (लाख में)	103.76	121.90	18.14

वित्तीय वर्ष 2014 के दौरान नई पहलें / उपलब्धियां

- एटीएम को बहुभाषीय स्क्रीन के साथ समृद्ध करना तथा दृष्टिहीन लोगों के लिए 1,200 बोलने वाले एटीएम लगाना.
- आपके बैंक ने बहुत अधिक कैश प्राप्त होने वाले केन्द्रों पर 85 बंच नोट/ कैश एक्सेप्टर उपलब्ध कराए हैं.
- आपके बैंक ने ग्राहकों को तुरंत जारी करने के लिए गैर वैयक्तिक कार्ड लांच किया है.

❖ बड़ौदा कनेक्ट (इंटरनेट बैंकिंग)

विवरण	31/03/2013	31/03/2014	वर्ष के दौरान वृद्धि
प्रयोक्ताओं की संख्या (लाख में)	10.80	13.68	2.88
सहबद्ध खातों की संख्या (लाख में)	45.80	61.79	15.99

वित्तीय वर्ष 2014 के दौरान नई पहलें

- आपके बैंक ने नेट बैंकिंग पोर्टल के माध्यम से फंड ट्रांसफर सुविधा तथा बड़ौदा गिफ्ट कार्ड की खरीद प्रारंभ की है

❖ बड़ौदा एम-कनेक्ट (मोबाइल बैंकिंग)

विवरण	31/03/2013	31/03/2014	वर्ष के दौरान वृद्धि
पंजीकरणों की संख्या (लाख में)	6.07	12.95	6.88
संव्यवहारों की कुल राशि (लाख में)	7,704	46,525	37,921
प्रतिदिन औसत ट्रांजेक्शन	9,085	16,822	7,737

❖ बड़ौदा आरटीजीएस/ एनईएफटी

विवरण	एनईएफटी			आरटीजीएस		
	31/03/2013	31/03/2014	वर्ष के दौरान वृद्धि	31/03/2013	31/03/2014	वर्ष के दौरान वृद्धि
प्रतिदिन आवक ट्रांजेक्शन	76,361	1,66,772	90,411	9,929	12,057	2,128
प्रतिदिन जावक ट्रांजेक्शन	25,092	56,684	31,592	11,717	13,754	2,041

❖ बड़ौदा ई-गेटवे (इंटरनेट भुगतान गेटवे)

विवरण	31/03/2013	31/03/2014	वर्ष के दौरान वृद्धि
टर्नओवर (करोड़ में)	50.85	118.33	67.48
लाभ (लाख में)	65.68	130.02	64.34

❖ बड़ौदा नकदी प्रबंधन

विवरण	31/03/2013	31/03/2014	वर्ष के दौरान वृद्धि
ट्रांजेक्शनों की सं. (लाख में)	30.91	21.32	-9.59
टर्नओवर (करोड़ में)	27,480	89,920	62,440
आय (करोड़ में)	0.97	1.31	0.34

वित्तीय वर्ष 2014 के दौरान ई-बिजनेस में अन्य पहलें

- खाता विवरणी को सहजतापूर्वक अद्यतन करने के लिए 1,200 सेल्फ सर्विस पासबुक प्रिंटर लगाना.
- बहुत अधिक कैश प्राप्त करने वाले केन्द्रों पर 85 बंच नोट एक्सेप्टर (बीएनए) लगाना.
- आरआरबी के लिए केसीसी कार्ड तथा डेबिट कार्ड जारी करना शुरु करना.
- ईएमवी चिप डेबिट कार्ड की शुरुआत करना.
- कार्पोरेट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बड़ौदा नकदी प्रबंधन सेवा हेतु वेब मॉडयूल का क्रियान्वयन.
- एक्टीवेशन तथा प्रयोग को बढ़ाने के लिए मोबाइल बैंकिंग रिवार्ड अभियान शुरु करना.
- कान्टेक्ट सेंटरों पर आईवीआर सुविधा में वृद्धि करना.
- बड़ौदा एसएमएस बैंकिंग सुविधा का क्रियान्वयन.
- स्वचालित समाशोधन के लिए एनएसीएच सुविधा शुरु करना.

वित्तीय वर्ष-15 से लिए योजनाबद्ध ई-बिजनेस संबंधी पहलें

- एटीएम/ कैश डिस्पेंसर की संख्या में वृद्धि कर इन्हें 8000 तक पहुंचाना.
- विभिन्न ग्राहक वर्गों के लिए वीजा, मास्टर एवं रूपे के ईएमवी डेबिट कार्ड प्रारम्भ करना.
- 1,000 अतिरिक्त बल्क नोट एक्सेप्टर/ कैश रीसाइक्लर्स लगाना.
- एटीएम पर बिल भुगतान, कार्ड से कार्ड फंड ट्रांसफर इत्यादि जैसी मूल्यवर्धित सेवाएं आरम्भ करना.
- एसएमएस के माध्यम से डेबिट कार्ड ब्लॉकिंग एनेबल करना
- अतिरिक्त सुरक्षा उपायों के रूप में बड़ी राशि के भुगतान लेनदेनों के लिए बड़ौदा कनेक्ट में डिजिटल हस्ताक्षर की सुविधा शुरु करना.
- मोबाइल बैंकिंग में, एनपीसीआई के समन्वयन से आधार कार्ड आधारित भुगतान प्रणाली (एबीपीएस) आरम्भ करना.
- मोबाइल बैंकिंग के लिए क्षेत्रीय बैक ऑफिस (आरबीओ) को अपने स्तर पर खोले गए सभी पात्र खातों को पंजीकृत करने के लिए समर्थ करना.
- सेल्फ सर्विस फुट प्रिंट तथा ब्रांड दृश्यता में वृद्धि करने के लिए 100 अतिरिक्त सेल्फ सर्विस बड़ौदा नॉन स्टाप लॉबी खोलना.
- 400 अतिरिक्त मल्टी फंक्शन किओस्क स्थापित करना.
- ग्राहकों के लिए मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से ई-पासबुक सर्विस प्रारम्भ करना.

मानव संसाधन - बिजनेस उत्कृष्टता के लिए सक्षमता एवं जूनून पैदा करना

आपके बैंक की सफलता एवं इसका चहुंमुखी विकास, बैंक में विद्यमान विभिन्न आस्तियों के परिणामस्वरूप है. इनमें से सबसे महत्वपूर्ण है इसकी मानव पूंजी - इसमें कार्य करने वाले कर्मचारी, जिन्होंने बैंक को वृद्धि के माध्यम से व्यापक परिप्रेक्ष्य में नई ऊंचाइयों पर पंहुचाया है.

जामनगर क्षेत्र में कर्मचारी सम्मेलन के दौरान श्री एस. एस. मूंदड़ा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा अन्य उच्चाधिकारी

आपके बैंक के पास 46,001 कुशल एवं योग्य कर्मचारियों के रूप में एक बड़ी श्रम शक्ति है, **जो चिंतन, ध्यान तथा सक्षमता के माध्यम से हितधारकों के मूल्य संवर्धन** के लिए सदैव प्रतिबद्ध है.

अपनी उत्कृष्टता के इस सफर में ऊंचाइयों पर पहुंचने की सभी हितधारकों की बड़ी आकांशाओं और बडे सपनों को पूरा करने का उत्तरदायित्व आपके बैंक ने लिया है, यह वास्तव में आपके बैंक की **मानव शक्ति** ही है जिसने यह संभव किया है.

आपके बैंक के निरंतर विकास के लिए इस पूंजी का महत्व समझने के लिए जहां एक तरफ तो बड़ी संख्या में सेवानिवृत्ति, प्रतिभावान लोगों की व्यापक भर्ती, बड़ी मात्रा में प्रशिक्षण आवश्यकताएं, उच्च उत्पादकता के

SPARSH
Human Touch For Business Excellence

लिए लगातार नई योजनाएं एवं उन्हें लागू करने जैसी बहुत सी चुनौतियां हैं, वहीं दूसरी तरफ आपके बैंक ने हाल ही में और मुख्यतः वितीय वर्ष-14 में मानव संसाधन के क्षेत्र में बहुत सारी पहलें की है.

भर्ती, पदोन्नति, तैनाती इत्यादि जैसी नियमित मानव संसाधन गतिविधियों के अलावा आपके बैंक में व्यापक एवं बेहद सुगठित मानव संसाधन प्रोजएक्ट के सम्पूर्ण विस्तार के अंतर्गत मानव संसाधन संबधी नये संशोधन/ सुधार प्रारम्भ करने का कार्य किया गया है जिसे **प्रोजेक्ट स्पर्श- सर्वोत्कृष्ट व्यवसाय के लिए मानवीय स्पर्श नाम दिया गया है.**

आपके बैंक में मानव संसाधन कार्यों के विभिन्न तत्वों का समेकित ढांचा तैयार करने के लिए बैंकिंग उद्योग में यह एक असमानान्तर मानव संसाधन रूपांतरण प्रोजेक्ट है. प्रोजेक्ट स्पर्श के अगस्त 2011 में शुरु होने के बाद से ढाई वर्ष बीत जाने के बाद, कई नयी एवं अनूठी एचआर पहलें प्रारम्भ की गई हैं तथा अन्य मौजूदा नीतियों, योजनाओं, प्रक्रियाओं में सुधार किया गया हैं ताकि उन्हें और अधिक व्यापक, अत्याधुनिक, कर्मचारियों के अनुकूल बनाया जा सके तथा बैंक के व्यवसाय के साथ महत्वपूर्ण सामंजस्य स्थापित हो सके.

वित्तीय वर्ष-14 में एचआर के क्षेत्र में की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों का

विवरण निम्नानुसार हैः

नीतिपरक जनबल आयोजना और भर्ती अभियान

व्यवसाय की वृद्धि तथा उसे बनाए रखने के लिए सर्वोत्कृष्ट जनबल का मिलना पहली आवश्यकता है. इसलिए स्तर, दक्षता तथा शाखा द्वारा मानव शक्ति की जरूरत का पता लगाने के लिए एक सशक्त श्रमशक्ति आयोजना मॉडल तैयार किया गया है. यह विभिन्न एचआर कार्यों जैसे भर्ती आयोजना, कैरियर उन्नति, रिक्तियां तथा पदस्थापना / तैनाती में अगले कुछ वर्षों के लिए नीतिपरक श्रमशक्ति आयोजना शामिल करने के लिए भी तैयार किया गया है.

आपके बैंक ने एक स्पष्ट परिभाषित भर्ती नीति तैयार की है जोकि विभिन्न चैनलों से भर्ती, नीतिपरक श्रम शक्ति आयोजना के अनुसार उभर रही आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बड़ी संख्या में भर्ती करने और नीचे बताये गए अनुसार स्पष्ट परिभाषित नियोजक प्रस्तावक शब्द **"FIRST"** की संकल्पना का अनुकरण करती है.

बैंक की वेबसाइट पर एक विशेष रूप से तैयार **'कैरियर पोर्टल'** का शुभारंभ किया गया जो बैंक ऑफ बड़ौदा में कार्य के विभिन्न तथ्यों को व्यक्त करते हुए स्पष्ट संबंधित खंडों के साथ इस मूल्य अवधारणा को परिभाषित करता है कि क्यों आपका बैंक किसी भावी आवेदक के लिए पसंदीदा जगह है. उल्लेखनीय रूप से इन कार्यनीतियों से आपके बैंक की **'नियोजक ब्रांडिंग'** को बड़ी प्रेरणा मिलती है.

नये भर्ती स्टाफ सदस्यों को बड़ौदा परिवार में सहज तथा प्रभावी रूप से शामिल करने के लिए आपके बैंक नें एक बेहद सुगठित तथा केन्द्रित **'ऑन बोर्डिंग प्रोग्राम'** तैयार किया है जिसका उद्देश्य न केवल बैंक में नये भर्ती स्टाफ सदस्यों को कार्य के अनुकूल ढालना है अपितु इस संस्थान में उनकी सांस्कृतिक समीकरण को आत्मसात करना भी है. इसके अलावा आपके बैंक ने नये भर्ती स्टाफ सदस्यों के लिए एक केन्द्रित **मेंटरिंग प्रोग्राम 'बड़ौदा सारथी'** भी शुरु किया है जिसमें वरिष्ठ कर्मचारी - एक मेंटर, नए कर्मचारियों की कार्पोरेट क्षेत्र में सहजता से समंजित होने तथा आपके बैंक के कार्य एवं महत्वपूर्ण पद्धति को अपनाने में उसकी मदद करता है.

बड़ौदा मणिपाल स्कूल ऑफ बैंकिंग

Baroda MANIPAL School of Banking

KNOWLEDGE YOU CAN BANK UPON

Joint Initiative of Bank of Baroda MANIPAL EDUCATION

बड़ौदा मणिपाल स्कूल ऑफ बैंकिंग (बीएमएसबी) 'फर्स्ट डे, फर्स्ट आवर' प्रोडक्टिविटी मॉडल पर विद्यार्थियों को बैंक ऑफ बड़ौदा में बैंकिंग कैरियर के लिए उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा तथा मणिपाल ग्लोबल एज्यूकेशन की एकमात्र संस्था है जिसमें प्रशिक्षित अधिकारियों का कुशल दल है. विद्यार्थी एक वर्षीय संकेन्द्रित कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं जोकि विशिष्ट रूप से बैंक की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है और बैंक में प्रोबेशनरी आफिसर के रूप में लिए जाने से पहले वे बैंकिंग व वित्त में पोस्ट-ग्रेजुएट डिप्लोमा हासिल करते हैं. यह प्रोग्राम प्रशिक्षण, भर्ती एवं तैनाती के इनवर्टिड मॉडल पर कार्य करता है .

वित्तीय वर्ष-14 के दौरान भर्ती अभियान

आपका बैंक वर्ष-दर-वर्ष आधार पर सेवानिवृत्ति, व्यवसाय विकास को बनाए रखने व तीव्र शाखा विस्तार इत्यादि पर विशेष ध्यान देते हुए भर्ती के विशेष प्रयास कर रहा है. आपके बैंक की श्रम शक्ति संबंधी समस्या को दूर करने के लिए वर्ष के दौरान भर्ती के लिए विभिन्न परीक्षाओं का आयोजन किया गया. आपके बैंक की दोनों ही तरह की जरूरतों -सामान्य रूप से नौकरी छोडकर जानेवालों की जगह भरने व व्यवसाय विकास की जरूरतों को पूरा करने की दृष्टि से विशेषज्ञ अधिकारियों, परिवीक्षाधीन अधिकारियों तथा लिपिकों की भर्ती की शुरुआत की गई. आपके बैंक ने विभिन्न श्रेणियों/ वेतनमानों में 2,685 अधिकारियों (सामान्य और विशेषज्ञ दोनों), 3125 लिपिकों तथा 439 अधीनस्थ संवर्ग के स्टाफ सदस्यों की भर्ती की, इसमें वर्ष 2013-2014 की अवधि के दौरान कुल 6,249 नए कर्मचारियों की भर्ती की गई. भर्ती प्रक्रिया 2014-15 के दौरान भी जारी है जिसके तहत अधिकारियों के लगभग 3800 पदों और लिपिकों के 3800 पदों को भरने की भर्ती प्रक्रिया चल रही है.

प्रतिभा प्रबंधन व्यवस्था का गठन

बैंक में संभावित युवा लीडरों को निर्धारित करने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने की दृष्टि से ताकि वे कठिन परिस्थितियों में काम कर सकें और भविष्य में भावी नेतृत्व प्रदान कर सकें, आपके बैंक ने एक सुगठित टेलेन्ट मेनेजमेंट सिस्टम बनाने तथा उसे लागू करने के लिए बडा कदम उठाया है. यह पद्धति विभिन्न मानदंडों के आधार पर भविष्य के संभावित लीडरों का निर्धारण करती है तथा उनको प्रत्येक चयनित लीडर के लिए विधिवत विकास योजना के माध्यम से प्रशिक्षित भी करती है

यह एक वार्षिक प्रक्रिया है और वित्तीय वर्ष-14 में आपके बैंक ने अधिकारियों के विभिन्न स्केल अर्थात् स्केल II, III, IV, V तथा VI में लगभग 20% लोगों का चयन भावी लीडरों के रूप में किया है.

कैरियर विकास हेतु रूप-रेखा

आपके बैंक द्वारा कर्मचारियों के कैरियर विकास के प्रोत्साहन हेतु समन्वित प्रयास किए गए हैं. खासकर उनके प्रयासों के लिए उन्हें पुरस्कृत करना तथा उन्हें कार्पोरेट पदानुक्रम अर्थात् कैरियर में आगे लाना और इस प्रकार संस्थागत तथा व्यक्तिगत अभिलाषाओं को पूरा करने के लिए अभिप्रेरित करना शामिल है.

आपका बैंक न केवल पदानुक्रम में आगे बढ़ने के लिए अवसर प्रदान करता है बल्कि उन्हें विस्तृत एक्सपोजर प्रदान करने तथा उनके लिए कडी मेहनत से प्राप्त किया जाने वाला एक स्पष्ट कैरियर पाथ प्रदान करने के लिए विभिन्न कार्यों में अधिकारियों का समानांतर स्तर भी सुनिश्चित करता है.

हाल के वर्षों की तरह, वित्त वर्ष 14 में भी, सभी संवर्गों में पदोन्नति प्रक्रिया आयोजित की गई तथा निम्नलिखित तालिका के अनुरूप कुल 3,525 कर्मचारियों को उच्च ग्रेड/ स्केल में पदोन्नत किया गया.

श्रेणी	कर्मचारियों की सं.
सब स्टाफ से लिपिक	149
लिपिक से अधिकारी	532
क.प्र.श्रे -I से म.प्र.श्रे. - II (अधिकारी से प्रबंधक)	1271
म.प्र.श्रे. - II से म.प्र.श्रे. - III (प्रबंधक से वरि. प्रबंधक)	950
म.प्र.श्रे. - III से व.प्र.श्रे. - IV (वरि. प्रबंधक से मुख्य प्रबंधक)	466
व.प्र.श्रे. - IV से व.प्र.श्रे. - V (मुख्य प्रबंधक से सहा. महाप्रबंधक)	90
व.प्र.श्रे. - V से उ.का.श्रे. - VI (सहा. महाप्रबंधक से उप महाप्रबंधक)	48
उ.का.श्रे. - VI से उ.का.श्रे. - VII (उप महाप्रबंधक से महाप्रबंधक)	19

कर्मचारी नियुक्ति एवं पुरस्कार

उच्च अभिप्रेरणा एवं उत्पादकता हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति के स्तरों में वृद्धि करने के लिए आपके बैंक ने हाल ही में 'कर्मचारी प्रोत्साहन' पर एक नीति बनाई हैं. इस नीति के अनुसार एचआर तथा उच्च प्रबंधन के साथ कर्मचारियों के संबंधों को सुधारने के लिए संतोषजनक सर्वे करना, कनिष्ठ एवं वरिष्ठ कर्मचारियों के मेलजोल के लिए कार्यशालाएं आयोजित करना इत्यादि जैसी पहलें की गई हैं.

कार्यनिष्पादन की संस्कृति विकसित करने तथा सर्वोच्च कार्यनिष्पादकों को पुरस्कृत करने के लिए, आपके बैंक ने हाल ही में अपने कर्मचारियों के लिए कार्यनिष्पादन से जुडी एक प्रोत्साहन योजना शुरु की है.

एचआर प्रौद्योगिकी का कार्यान्वयन

आपके बैंक नें एचआरएम, प्रशिक्षण, पेरोल व छुट्टी के मॉड्यूल जैसी कर्मचारी सेवाओं के लिए एक बहुत ही विशेष एचआर तकनीक प्लेटफार्म तैयार किया है, जिसे **'कर्मचारी सेवाओं के लिए मानव संसाधन नेटवर्क (एचआरएनईएस)'** नाम दिया गया है. इस तकनीकी प्लेटफार्म ने विभिन्न एचआर कार्यों एवं प्रक्रियाओं को स्वचालित कर दिया है. एचआर स्वचालन, विभिन्न एचआर पहलों को बनाए रखने तथा उनको क्रियान्वित करने में अत्यंत कारगर है तथा कुछ प्रक्रियाओं को पूरी तरह स्वचालित कर दिया गया है इससे एचआर कार्यों की दक्षता में वृद्धि होती है वहीं समय भी कम लगता है.

उपरोक्त एचआर कार्यों के अतिरिक्त, वित्त वर्ष-14 के दौरान आपके बैंक में एचआर विभाग की कार्य प्रणाली भी सुदृढ की गई है तथा नियमित प्राशसनिक गतिविधियों का एचआर बैक-ऑफिस में केन्द्रीकरण कर इसे और अधिक सक्षम बनाया गया है.

अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछडों वर्गों के विकास पर विशेष बल

बैंक भारतीय समाज के एससी/एसटी एवं अन्य पिछडे वर्गों से जुडे व्यक्तियों के विकास एवं कल्याण संबंधी संवैधानिक उपबंधों एवं सामाजिक उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध है. हमारा बैंक पूरे बैंकिंग उद्योग में उन चुनिंदा बैंकों में से एक है जिसके पास एससी एवं एसटी संवर्ग से जुडे अधिकतम कर्मचारी हैं, जिससे बैंक की इस वर्ग के विकास एवं उत्थान के प्रति प्रतिबद्धता का पता चलता है. बैंक द्वारा एससी एवं एसटी लोगों के विकास एवं कल्याण के संबंध में किए गए प्रयासों का संक्षिप्त उल्लेख नीचे किया गया है.

1. नौकरियों में आरक्षण

बैंक अपनी अखिल भारतीय एवं भर्ती योजनाओं में भारत सरकार द्वारा नौकरियों में आरक्षण के संबंध में निर्धारित सभी दिशानिर्देशों का अनुपालन करता है. अखिल भारतीय नियुक्तियों में तथा बैंक द्वारा शुरु किए जा रहे भर्ती के एक नए चैनल बड़ौदा मणिपाल स्कूल ऑफ बैंकिंग के लिए चयन में कुल पदों में से 15% पद अनुसूचित जातियों के लिए तथा 7.5% पद अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित हैं. क्षेत्रीय आधार पर की गई अन्य भर्तियों में विभिन्न राज्यों के लिए निर्धारित उपयुक्त प्रतिशत का अनुपालन किया जा रहा है. बैंक में भर्ती के संबंध में एससी/एसटी आवेदकों के लिए भर्ती पूर्व ओरिएंटेशन प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं. आयु सीमा एवं योग्यता में उपयुक्त रियायत प्रदान की जाती है. एससी/एसटी अभ्यर्थियों के साक्षात्कार में भी रियायत बरती जाती है ताकि आरक्षित पदों पर नियुक्ति हो सके. भर्ती हेतु समीक्षा पैनल में अनिवार्य रूप से एससी/एसटी सदस्य शामिल किया जाता है. साक्षात्कार हेतु बुलाए गए एससी/ एसटी अभ्यर्थियों को यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति की जाती है. नौकरी में आरक्षण देने के अलावा बैंक विद्यमान दिशानिर्देशों के अनुरूप एससी/ एसटी कर्मचारियों के कैरियर विकास एवं पदोन्नति के संबंध में आरक्षण एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करता है. पदोन्नति प्रक्रिया में भाग लेने वाले कर्मचारियों को पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है. इसके अलावा, बैंक के उपलब्ध आवासों में एससी/ एसटी के लिए 10% का आरक्षण किया गया है.

31 मार्च 2014 को स्टाफ की संख्या एवं अनुसूचित जाति तथा जनजाति का प्रतिनिधित्व निम्नानुसार रहा:

कैडर	कुल	एससी	एससी%	एसटी	एसटी%
अधिकारी	19,710	3,429	17.40	1,423	7.22
लिपिक	18,043	2,600	14.41	1,310	7.26
सब स्टाफ	8,248	2,760	33.46	798	9.68
कुल	**46,001**	**8,789**	**19.11**	**3,531**	**7.68**

2. आरक्षण कक्ष

बैंक में आरक्षण तथा एससी/ एसटी कर्मचारियों के लिए अन्य सम्बद्ध प्रावधानों की निगरानी के लिए एक विशेष आरक्षण कक्ष कार्यरत है. महाप्रबंधक स्तर के एक कार्यपालक एससी/ एसटी/ पीडब्ल्यू एवं भूतपूर्व कर्मचारियों के लिए मुख्य संपर्क अधिकारी हैं जो एससी/ एसटी/ पीडब्ल्यू एवं भूतपूर्व कर्मचारियों से संबंधित विविध दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हैं. बैंक के प्रत्येक अंचल में एससी/ एसटी हेतु एक संपर्क अधिकारी नियुक्त किया गया है जो अंचल के एससी/ एसटी कर्मचारियों के सभी मामलों एवं शिकायतों के निपटारे की स्थिति की देखरेख करता है.

3. अनुसूचित जाति/ जनजाति कल्याण संघ के साथ बैठक

बैंक कार्पोरेट स्तर की अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण संघ के प्रतिनिधियों के साथ तिमाही आधार पर बैठकें आयोजित करता है ताकि उनके साथ सीधा संवाद स्थापित किया जा सके एवं एससी/ एसटी संबंधी आरक्षण तथा अन्य प्रावधानों की समीक्षा की जा सके.

इन बैठकों में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा वरिष्ठ कार्यपालक जिसमें एससी/ एसटी/ पीडब्ल्यूडी एवं भूतपूर्व कर्मचारियों हेतु मुख्य संपर्क अधिकारी शामिल है, भाग लेते हैं.

4. **भारत रत्न डॉ बाबा साहब अंबेडकर मैमोरियल ट्रस्ट**

बैंक ने 1991 में 'भारत रत्न डॉ बाबा साहब अंबेडकर मैमोरियल ट्रस्ट' की स्थापना की जिससे कि एससी/ एसटी कर्मचारियों एवं उनके परिवार जनों के लाभ हेतु कल्याणकारी गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके. एससी/ एसटी कर्मचारियों के बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के अतिरिक्त यह ट्रस्ट देश के महत्वपूर्ण केन्द्रों पर सामान्य एससी/ एसटी समुदाय के जरूरतमंद छात्रों को भी छात्रवृत्ति प्रदान करता है.

5. **राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का दौरा**

वित्तीय वर्ष-14 के दौरान राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने आपके बैंक का 22 अक्तूबर, 2013 भुवनेश्वर में तथा 26 अक्तूबर, 2013 गुवाहाटी में दौरा किया. आयोग के सुझावों तथा दिशा-निर्देशों का आपके बैंक में कडाई से पालन किया जा रहा है.

एचआर के क्षेत्र में बैंक के समग्र प्रयासों के कारण, आपके बैंक ने नियोजकों के क्षेत्र में अपनी सकारात्मक पहचान बनाई है जिसे इस तथ्य के साथ प्रामाणित किया जा सकता है कि वर्ष 2013 में आईबीपीएस की रैंकिंग के अनुसार नये भर्ती लोगों के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा सबसे पहली पसंद का सार्वजनिक क्षेत्र बैंक रहा है. हमें विश्वास है कि एचआर पहलों से अवश्य ही कर्मचारी उत्पादकता का विकास होगा तथा एचआर कौशल में सुधार, बैंक की मानव पूंजी का पूरा लाभ तथा तकनीकी प्रयोग के माध्यम से अग्रणी एचआर नीतियों एवं प्रक्रियाओं के क्रियान्वयन द्वारा सतत एवं स्थायी एचआर प्लेटफार्म का निर्माण होगा.

प्रशिक्षण एवं विकास के लिए एक समर्पित कक्ष

बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा के परिप्रेक्ष्य में मौजूदा जन बल के प्रशिक्षण की आवश्यकता तथा उसके साथ-साथ बैंक में बडे पैमाने पर भर्ती के संदर्भ में प्रशिक्षण एवं विकास के महत्व को देखते हुए, आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष-14 के दौरान बैंक में 'शिक्षण' के लिए एक नया कक्ष स्थापित किया है तथा **मुख्य शिक्षण अधिकारी (सीएलओ)** के रूप में एक नया पद बनाया है. सीएलओ महाप्रबंधक स्तर के अधिकारी हैं जो शिक्षण मध्यस्थता के माध्यम से संगठन की सहायता करेंगे.

इस नये विभाग के विस्तृत कार्य निम्नलिखित हैं :

- प्रभावी ज्ञान प्रबंधन के लिए ई-लर्निंग को संस्थागत स्वरूप देना एवं विकास करना
- नवोन्मेषी कार्यों के माध्यम से संगठन के बीच अध्ययन का माहौल बनाना
- ग्राहक शिक्षा के माध्यम से बैंक के उत्पादों तथा सेवाओं को समझने तथा उनका प्रयोग करने में ग्राहकों की मदद करना.
- अन्य कार्य प्रमुखों के सहयोग से उपयुक्त कोर्स तैयार कर परिचालनगत प्राथमिकताओं के समरूप प्रशिक्षण देना.
- **बड़ौदा अकादमी** का संचालन ऐसे उद्देश्यों के लिए करना, जिनके लिए यह बनाई गई है.

आपके बैंक में 15 प्रशिक्षण संस्थान हैं जो पूरे देश में फैले हुए हैं. ये सभी स्टाफ कॉलेज अहमदाबाद के नियंत्रण में हैं. स्टाफ कॉलेज ने अपने शानदार 49 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं तथा **21 नवंबर, 2013 को स्वर्ण जयंती वर्ष में** प्रवेश किया है. 'स्वर्ण जयंती वर्ष' को उसी दिन आपके बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा लांच किया गया. स्वर्ण जयंती वर्ष मनाने के लिए वर्षभर अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. वर्ष के दौरान बेंगलूर में एक नया प्रशिक्षण केंद्र खोला गया.

श्री एस. एस. मूंदड़ा, सीएमडी, स्टाफ कालेज अहमदाबाद के स्वर्ण जयन्ती समारोह का उद्घाटन करते हुए

बैंक के संकाय सदस्यों ने बहुत से रिसर्च पेपर लिखे जिन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुत किया गया तथा उसके पश्चात उन्हें प्रकाशित किया गया.

आपके बैंक की प्रशिक्षण प्रणाली में केस अध्ययन पद्धति का व्यापक रूप से प्रयोग होता है तथा प्रशिक्षण को उच्च अनुभव जन्य तथा अनुकरण-आधारित बनाने के लिए संकाय सदस्यों द्वारा विकसित केस अध्ययनों का एक पूल बनाया गया है.

बैंक द्वारा प्रशिक्षण के क्षेत्र में वर्षभर में बहुत से नवोन्मेषी कदम उठाए गए हैं. आपके बैंक की प्रशिक्षण प्रणाली को विभिन्न क्षेत्रों में नवोन्मेषी प्रशिक्षण कार्यों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं. वित्तीय वर्ष-14 के दौरान इंडियन सोसायटी फॉर ट्रेनिंग एण्ड डेवलपमेंट (आईएसटीडी) द्वारा बैंक को तीसरा पुरस्कार दिया गया.

उत्पादों के बारे में व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण

व्यापक स्तर के उत्पाद प्रशिक्षण के लिए आपके बैंक द्वारा **'एसेंड'** नामक अभियान चलाया गया जिसमें फन्ट लाइन अधिकारियों को रिटेल ऋण, रिटेल आस्ति तथा ई-बिजनेस जैसे उत्पादों की जानकारी दी गई. इस अभियान को पूर्णतः प्रशिक्षकों एवं परिचालनगत बैंकरों द्वारा चलाया गया जिसमें 5,987 कर्मचारियों को कवर किया गया जो लक्ष्य समूह का लगभग 95% है.

इसी तरह से उत्पादों की जानकारी के बारे में और अधिक जागरुकता फैलाने के लिए 'बड़ौदा ज्ञानी' नामक अखिल भारतीय क्विज के दो दौर आयोजित किए गए. अपने उत्पाद संबंधी ज्ञान को बढ़ाने के लिए इस प्रतियोगिता में सब-स्टाफ से अधिकारी तक के 4,000 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया. इस प्रयोजन के लिए रिटेल उत्पादों पर ई-लर्निंग मॉडल भी शुरु किए गए.

नयी प्रशिक्षण नीति अपनाना

आपके बैंक में बोर्ड द्वारा अनुमोदित व्यापक प्रशिक्षण नीति है. इसमें प्रशिक्षण गतिविधियों का पूरा क्षेत्र कवर होता है जिसमें

क) सुव्यवस्थित प्रक्रिया का निर्धारण, ख) सम्पूर्ण प्रशिक्षण ढांचा, ग) क्षमता निर्माण, घ) प्रशिक्षण प्रभाव का आकलन तथा, ड) मध्यस्थता पद्धति शामिल है.

अनुसूचित जाति/ जनजाति/ अन्य पिछडे वर्गों के विकास पर विशेष बल

